CMYK

अधिकतम : 21°C
न्यूनतम : 10°C

खबरें छुपाता नहीं, छापता है
# शाह टाइम्स
मुजफ्फरनगर, शुक्रवार 20 फरवरी 2026 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 27 अंक 35 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper


shahtimes2015@gmail.com | फाल्गुन शुक्ल पक्ष 2 विक्रमी सम्वत् 2082 | 2 रमज़ान 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित




कौशल विभाग से सीधी सरकारी नौकरी नहीं: कपिल देव अग्रवाल पेज 2



जिम्बाब्वे ने श्रीलंका को भी हराया, ग्रुप स्टेज के चारों मैच जीते खेल टाइम्स



एआई : जीवनसाथी या रचनात्मकता का शत्रु सम्पादकीय



ईरान पर इसी हफ्ते हमला करेगा अमेरिका! पेज 12

## दूसरा रोज़ा

### रोज़ा ईमान की कसावट



रोजा ईमान की कसावट है। रोजा सदाकत की तरावट और दुनियावी ख्वाहिशों पर रुकावट है। दिल अल्लाह के जिक्र की ख्वाहिश कर रहा है, तो रोजा इस ख्वाहिश को रवानी देता है और ईमान को नेकी की खाद और पाकीजगी का पानी देता है, लेकिन रोजा रखने पर दिल दुनिया की ख्वाहिश करता है, तो रोजा इस पर रुकावट पैदा करता है। मुकद्दस रमजान में अल्लाह का फरमान है, कुरआन पाक के मानने वालों रोजा तुम पर फर्ज है।

# चेन्नई में 15 अरब डॉलर के AI हब का ऐलान

## भारत में बदलाव की रफ्तार अद्भुत, एआई समिट में बोले गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 में गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई ने भारत की तेजी से बदलती तस्वीर पर खुशी जताई। उन्होंने कहा कि भारत लौटना हमेशा खास होता है, क्योंकि हर दौरे में उन्हें देश में हो रहे बदलाव की रफ्तार और भी तेज नजर आती है।

पिचाई ने कहा कि देशभर में टेक्नोलॉजी और इंफ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में बड़े पैमाने पर परिवर्तन हो रहा है, जो भारत को वैश्विक स्तर पर नई पहचान दे रहा है। अपने छात्र जीवन की यादें साझा करते हुए उन्होंने बताया कि जब वे आईआईटी खड़गपुर में पढ़ाई के दौरान विशाखापत्तनम से होकर गुजरते थे, तब वह एक साधारण तटीय शहर था। आज वही शहर वैश्विक एआई हब के रूप में उभर रहा है। पिचाई ने घोषणा करते हुए कहा कि गूगल वहां 15 अरब डॉलर के निवेश के तहत एक फुल-स्टैक -शेष पृष्ठ दो पर



### अगले सात साल में 10 लाख करोड़ का निवेश करेंगे: मुकेश अंबानी



**नई दिल्ली।** एआई इंपैक्ट समिट में भारत के अरबपति उद्योगपति मुकेश अंबानी ने भी बड़े ऐलान किए। उन्होंने कहा कि एआई का सबसे अच्छा दौर आना अभी बाकी है। एआई कई क्षेत्रों में नए दौर की शुरुआत कर सकता है। उन्होंने कहा कि दुनिया इस बात पर बहस कर रही है कि क्या एआई के कारण ताकत कुछ लोगों के हाथों में सिमट जाएगी। या एआई सभी के लिए मौके और सबके लिए आसान अवसर का माध्यम बनेगा। उन्होंने मौजूदा दौर में कृत्रिम बुद्धिमता के असर को रेखांकित करते हुए कहा कि आज एआई को लेकर दुनिया दोराहे पर खड़ी है।

### इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट में भाषण नहीं देंगे बिल गेट्स



**नई दिल्ली।** 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026' में वैश्विक तकनीकी हस्तियों की भागीदारी के बीच माइक्रोसॉफ्ट के सह-संस्थापक बिल गेट्स ने अपना निर्धारित मुख्य भाषण रद्द कर दिया है। गेट्स फाउंडेशन ने एक्स पर जानकारी दी है कि समिट में उनके स्थान पर फाउंडेशन के अफ्रीका और भारत कार्यालयों के अध्यक्ष अंकुर वोरा सम्मेलन में प्रतिनिधित्व करेंगे और संबोधन देंगे। यह निर्णय ऐसे समय में आया है जब हाल में जारी दस्तावेजों में दिवंगत अमेरिकी वित्तीय कारोबारी जेफ्री एपस्टीन से गेट्स के कथित जुड़े होने के संबंध में ईमेल संवाद उजागर हुआ है।

# डीपफेक रोकने के लिए एआई कंटेंट पर लेबल लगे: पीएम

शाह टाइम्स ब्यूरो



**नई दिल्ली।** दिल्ली के भारत मंडपम में चल रहे इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 के चौथे दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एआई के सुरक्षित इस्तेमाल का नया फार्मूला दिया। पीएम ने कहा कि जैसे खाने के पैकेट पर न्यूट्रिशन लेबल होता है, वैसे ही डिजिटल कंटेंट पर भी ऑथेंटिसिटी लेबल होना चाहिए, ताकि फर्क पता चल सके।

■ एआई इम्पैक्ट समिट 2026 में प्रधानमंत्री ने एआई के सुरक्षित इस्तेमाल का नया फॉर्मूला दिया

समिट को गुरुवार को नरेंद्र मोदी और मुकेश अंबानी के अलावा गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई और ओपन एआई के सैम ऑल्टमैन जैसे लीडर्स ने संबोधित किया। 16 फरवरी से शुरू समिट 20 फरवरी तक चलेगी। इसमें आज 110 से ज्यादा देश, 20 से ज्यादा देशों के प्रमुख और करीब 100 सीईओ और फाउंडर्स शामिल हुए हैं।



मुकद्दस रमज़ान की दिली मुबारकबाद
कोहिनूर आर्ट ज्वैलर्स
एक अनमोल रिश्ता
• ONLY HALLMARK & HUID CERTIFIED GOLD JEWELLERY SHOWROOM
• LIFE TIME FREE SERVICE
KAJ
सोना, चांदी के जेवरातों के क्रेता व विक्रेता



68- Majra, Dehradun (Uttarakhand)
Mob- 7830677750, 7900900991

# फ्री खाना मिलेगा, तो लोग काम क्यों करेंगे: सुप्रीम कोर्ट

## अदालत ने कहा: मुफ्त बिजली-पानी देने से काम करने की आदत खत्म हो जाएगी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को फ्रीबीज कल्चर (मुफ्त की रेवड़ियां) पर कहा कि अगर सरकार लोगों को सुबह से शाम तक फ्री खाना, गैस और बिजली देती रहेगी, तो लोग काम क्यों करेंगे। ऐसे तो काम करने की आदत खत्म हो जाएगी। सरकार को रोजगार देने पर फोकस करना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने तमिलनाडु सरकार को कड़ी फटकार लगाई है।

दरअसल, राज्य सरकार ने कुछ समुदायों के लिए बिजली टैरिफ में सब्सिडी स्कीम की घोषणा की थी। कोर्ट ने कहा कि गरीबों की मदद करना समझ में आता है, लेकिन बिना फर्क किए सबको मुफ्त सुविधा देना सही नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने यह टिप्पणी तमिलनाडु पावर डिस्ट्रीब्यूशन कॉर्पोरेशन लिमिटेड की याचिका पर सुनवाई करते हुए की। इसमें कंज्यूमर्स की फाइनेंशियल हालत की परवाह किए बिना सभी को फ्री बिजली देने का प्रस्ताव था। सीजेआई सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस विपुल एम पंचोली की बेंच ने कहा कि देश के ज्यादातर राज्य राजस्व घाटे में हैं और फिर भी वे विकास को नजरअंदाज करते हुए मुफ्त की घोषणाएं कर रहे हैं। सीजेआई सूर्यकांत ने कहा कि आपको लोगों के लिए रोजगार के रास्ते बनाने चाहिए, ताकि वे कमा सकें और अपनी इज्जत और आत्म सम्मान बनाए रख सकें। जब उन्हें एक ही जगह से सब कुछ मुफ्त मिल जाएगा, तो लोग काम क्यों करेंगे। क्या हम ऐसा ही देश बनाना चाहते हैं? अचानक चुनाव के आसपास स्कीम क्यों अनाउंस की जाती हैं? अब समय आ गया है कि सभी पॉलिटिकल पार्टियां, नेता फिर से सोचें। अगर हम इस तरह से उदारता दिखाते रहे, तो हम देश के डेवलपमेंट में रुकावट डालेंगे। एक बैलेंस होना चाहिए। ऐसा कब तक चलेगा। हम भारत में कैसी संस्कृति विकसित कर रहे हैं, यह समझ में आता है कि कल्याणकारी योजना के तहत आप उन लोगों को राहत दें, जो बिजली का बिल नहीं चुका सकते। जो लोग भुगतान करने में सक्षम हैं और जो नहीं हैं, उनके बीच कोई फर्क किए बिना मुफ्त सुविधा देना क्या तुष्टीकरण की नीति नहीं है। सुप्रीम कोर्ट तमिलनाडु पावर डिस्ट्रीब्यूशन कॉरपोरेशन की याचिका पर सुनवाई कर रहा था। कंपनी ने 2024 के विद्युत संशोधन नियमों के नियम 23 को चुनौती दी है। इसमें उपभोक्ताओं की आर्थिक स्थिति की परवाह किए बिना सभी को मुफ्त बिजली देने का प्रस्ताव है। राज्य सरकार घरेलू उपभोक्ताओं को हर दो-महीने में लगभग 100 यूनिट तक मुफ्त बिजली देती है, बिना किसी शर्त के यानी उपभोक्ता चाहे कितना भी खर्च करे, पहली 100 यूनिट के लिए बिल नहीं देना होता। कोर्ट ने इस मामले में केंद्र सरकार और अन्य पक्षों को नोटिस जारी किया है। कोर्ट ने यह भी पूछा कि बिजली दरों की घोषणा के बाद तमिलनाडु की कंपनी ने अचानक मुफ्त बिजली देने का फैसला क्यों किया।

### फ्रीबीज कल्चर को लेकर शीर्ष अदालत ने कहा लोगों को रोजगार दें सरकारें



## पांच मई से सीएए मामले में अंतिम सुनवाई होगी

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कहा कि नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) 2019 की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली 200 से ज्यादा याचिकाओं पर अंतिम सुनवाई 5 मई से शुरू होगी।

बेंच ने कहा कि याचिकाकर्ताओं को अपनी दलील रखने के लिए डेढ़ दिन और केंद्र सरकार को एक दिन का समय दिया जाएगा। अदालत ने बताया कि सुनवाई 12 मई तक पूरी कर ली जाएगी इनमें इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग (आईयूएमएल) की याचिका भी शामिल है।

■ याचिकाकर्ताओं को अपनी दलील रखने के लिए डेढ़ दिन और केंद्र सरकार को एक दिन का समय मिलेगा

# मोहन भागवत को लेकर आ रही वंदे भारत पर पथराव

### खिड़की का शीशा टूटा, मेरठ स्टेशन पर सिक्योरिटी के बीच उतरे, जीआरपी की जांच जारी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**मेरठ।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक मोहन भागवत जिस वंदे भारत एक्सप्रेस से मेरठ पहुंचे, उस पर हरदोई में पथराव किया गया।

पत्थरबाजी से ट्रेन की एक खिड़की का शीशा टूट गया। घटना गुरुवार दोपहर करीब 3.20 बजे हुई, जब ट्रेन दिल्ली की ओर जा रही थी। संघ प्रमुख सुरक्षित हैं। ट्रेन पर पथराव किसने किया, इसकी जांच हरदोई जीआरपी कर रही है। जीआरपी दो कारण मान रही है। पहला- बच्चे ट्रैक के पास क्रिकेट खेल रहे थे, बॉल लगने से ऐसा हुआ। दूसरा- शरारती बच्चे ने ट्रेन पर पत्थर फेंके होंगे। मोहन भागवत रात 9 बजे मेरठ स्टेशन पर सिक्योरिटी के बीच उतरे। वाराणसी से मेरठ तक चलने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस दोपहर में 1.50 बजे लखनऊ के प्लेट फार्म नंबर चार से मेरठ के लिए रवाना हुई। ट्रेन हरदोई में कोतवाली देहात के कौढ़ा गांव के पास बलोखर फाटक के पास पहुंची थी, तभी एक कोच की खिड़की पर जोरदार पत्थर आकर लगा। तेज आवाज के साथ शीशा चटक गया। अंदर बैठे यात्रियों में खलबली मच गई। उस वक्त 3.20 बज रहे थे। मोहन भागवत ट्रेन के कोच नंबर ई-1 में सवार थे। हरदोई के सीओ सिटी ने कहा कि सीसीटीवी फुटेज और जानकारी के आधार पर जांच आगे बढ़ाई जा रही है। अज्ञात पर केस दर्ज किया गया है।



## उत्तराखंड हाईकोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी

**नैनीताल।** उत्तराखंड के विभिन्न अदालतों में आरडीएक्स रखे होने के धमकी भरे मेल पिछले तीन-चार दिन से लगातार मिल रहे हैं। गुरुवार को इसी तरह का एक मेल उत्तराखंड हाईकोर्ट भी पहुंचा, जिसमें कोर्ट परिसर को खाली करने अल्टीमेटम दिया गया था, साथ ही दोपहर के समय विस्फोट किए जाने की धमकी दी गई। इस धमकी के कारण गुरुवार को पूर्वान्ह में कोर्ट का कामकाज रोकना पड़ा मेल की जानकारी मिलने के बाद पुलिस अधिकारी-कर्मचारी समेत बम निरोधक दस्ते समेत डॉग स्क्वाड आदि के साथ मौके पर पहुंचे, जिसके बाद कोर्ट रूम खाली कराए गए और हाईकोर्ट के सभी प्रमुख गेटों पर पुलिस बल तैनात कर हाईकोर्ट में प्रवेश कर रहे लोगों की गहन तलाशी ली गई। डॉग स्क्वाड व बम निरोधक दस्ते ने सभी कोर्ट सहित रजिस्ट्री ऑफिस व अन्य अनुभागों का गहन छानबीन की लेकिन छानबीन में कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। वहीं, हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल ने इस धमकी के बाद हाईकोर्ट परिसर का निरीक्षण किया।उन्होंने पैवेलियन होटल से गेट नंबर 7 तक सड़क किनारे लंबे समय से खड़े वाहनों को हटाने को कहा, ताकि सड़क में आवागमन सामान्य हो, उनके साथ हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष दिनेश चंद्र सिंह रावत, महासचिव सौरभ अधिकारी तथा हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार सहित अन्य अधिवक्ता भी शामिल थे।

## संक्षिप्त समाचार

### दिल्ली सहित 22 राज्यों-केंद्र शासित प्रदेशों में एसआईआर की घोषणा

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने गुरुवार को देशभर में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) की घोषणा कर दी है। चुनाव आयोग के सचिव पवन दीवान ने उत्तराखंड, दिल्ली समेत 22 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों (सीईओ) को लेटर लिखकर एसआईआर से जुड़ी तैयारी का काम जल्द से जल्द पूरा करने के लिए कहा है। चुनाव आयोग ने लेटर में बताया कि दिल्ली, कर्नाटक सहित शेष 22 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों मेंएसआईआर प्रक्रिया अप्रैल से शुरू होने की उम्मीद है। लेटर में आगे कहा गया है कि चुनाव आयोग ने पिछले साल 24 जून को आदेश दिया था कि पूरे देश मे एसआईआर किया जाएगा।

### कुलदीप सेंगर और सीबीआई समेत सभी दोषियों को नोटिस

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने उन्नाव हिरासत में मौत मामले में कुलदीप सिंह सेंगर और सीबीआई समेत सभी दोषियों को नोटिस जारी किया है। उन्नाव दुष्कर्म पीड़िता ने कुलदीप सिंह सेंगर समेत दोषियों की सजा बढ़ाने की मांग करते हुए अर्जी दाखिल की थी। दिल्ली हाईकोर्ट ने उन्नाव हिरासत में मौत मामले में एक सख्त कदम उठाया है। कोर्ट ने इस मामले में कुलदीप सिंह सेंगर और सीबीआई सहित सभी दोषियों को नोटिस जारी किया है।

# कांग्रेस का दावा: राहुल गांधी को मिली गोली मारने की धमकी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** करणी सेना के एक कार्यकर्ता ने नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को गोली मारने की धमकी दी है। कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा ने गुरुवार को यह दावा किया। उन्होंने धमकी वाला वीडियो भी सोशल मीडिया एक्स पर शेयर किया है।

पवन खेड़ा ने लिखा कि पूरा आरएसएस-भाजपा तंत्र एक गोडसे फैक्ट्री है। तथाकथित करणी सेना द्वारा राहुल गांधी और '25 सांसदों' के खिलाफ दी गई धमकी कोई अलग-थलग पड़ी घटना नहीं है। यह एक सुनियोजित और कपटपूर्ण साजिश का हिस्सा है। उन्होंने एक्स पर लिखा कि कट्टरपंथ ऐसे ही काम करता है। वे पहले एक झूठ बनाते हैं, पॉलिटिकल अथॉरिटी उसे आगे बढ़ाती हैं और तब तक फैलाती हैं, जब तक उनके फालोअर्स के मन में नफरत और हिंसा नहीं भर जाती। तब भी गोडसे बनाया गया था। आज फिर एक और गोडसे को तैयार किया जा रहा है। वीडियो सामने आने के बाद कोटा पुलिस ने आरोपी राज आमेरा को पकड़ लिया है। न्यूज एजेंसी के रिपोर्टर ने राजा आमेरा से बात की। उसने कहा कि मुझे वीडियो की जानकारी नहीं है। विपक्ष ने फेक आईडी बनाकर वीडियो बनाया है। मैं सनातन से जुड़ा हुआ हूं। देश को हिंदू राष्ट्र बनाना चाहता हूं। पुलिस के पकड़ने पर आमेरा ने हाथ जोड़कर कहा कि मुझे वीडियो के बारे में कोई जानकारी नहीं है। वीडियो में खुद को करणी सेना का बताते हुए शख्स ने संसद में ओम बिरला के चैंबर में हुई घटना का जिक्र किया। शख्स की पहचान राज आमेरा के रूप में हुई है। वह कोटा के उद्योग नगर का है। करणी सेना का संभागीय प्रवक्ता है। करीब 3 दिन पहले ही प्रवक्ता बनाया गया है। राज आमेरा ने कहा कि ओम बिरला के खिलाफ विपक्ष के 25 सांसदों ने जो बदतमीजी की है। वह बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस सब के पीछे राहुल गांधी जिम्मेदार हैं। मैं चेतावनी देता हूं अगर दोबारा ऐसी घटना हुई तो उन 25 सांसदो के घर में तोड़फोड़ करेंगे और राहुल गांधी सुन लें उनके घर में घुसकर गोली मारेंगे। इसका जिम्मेदार प्रशासन होगा। मेरी मांग है कि उन 25 सांसदों पर कार्रवाई हो। मोदी सरकार में मंत्री किरेन रिजिजू को जो बयान सामने आया, उसे सुनने के बाद हम लोग काफी गुस्से में हैं। मेरी इस धमकी के बाद अगर मुझे जेल हो जाए, तो मुझे कोई दिक्कत नहीं है। पवन खेड़ा ने धमकी वाला वीडियो शेयर करते हुए लिखा कि पहले किरेन रिजिजु ने झूठ बोला। उन्होंने देश को गुमराह किया कि कांग्रेस सांसदों ने लोकसभा में ओम बिरला का अपमान किया। फिर भाजपा सांसदों ने यह दोहराना शुरू किया कि राहुल गांधी भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए सबसे बड़ा खतरा हैं।



■ पार्टी प्रवक्ता पवन खेड़ा ने करणी सेना के कार्यकर्ता का वीडियो शेयर किया

■ आरोपी कोटा राजस्थान से पकड़ा गया

# गगनयान मिशन के ड्रोग पैराशूट का क्वालिफिकेशन टेस्ट सफल

**नई दिल्ली।** भारत के पहले मानव अंतरिक्ष मिशन गगनयान के लिए ड्रोग पैराशूट का क्वालिफिकेशन लेवल लोड टेस्ट सफलतापूर्वक पूरा हुआ।

क्वालिफिकेशन लेवल टेस्ट में अधिकतम उड़ान भार से ज्यादा लोड डालकर पैराशूट की मजबूती और सुरक्षा मार्जिन की जांच की गई। इस टेस्ट के बाद पक्का हुआ कि भारत मजबूत और बड़ी क्षमता वाले रिबन पैराशूट को डिजाइन और बनाने में पूरी तरह सक्षम है। साथ ही पैराशूट असली मिशन जैसी परिस्थितियों में भी सुरक्षित और ठीक तरह से काम करेगा। गगनयान मिशन में अंतरिक्ष यात्रियों को सुरक्षित पृथ्वी पर वापस लाने के लिए ड्रोग पैराशूट बहुत जरूरी है। जब कैप्सूल पृथ्वी के वातावरण में लौटता है, तो यही पैराशूट उसकी तेज गति को कम करने में मदद करता है। यह टेस्ट बुधवार (18 फरवरी) को चंडीगढ़ स्थित टर्मिनल बैलिस्टिक्स रिसर्च लेबोरेटरी (टीबीआरएल) की रेल ट्रैक राकेट स्लेड सुविधा में किया गया।

■ डीआरडीओ ने ज्यादा लोड डालकर किया चेक, ये एस्ट्रोनाट्स की धरती पर वापसी में जरूरी

## संक्षिप्त समाचार

### दोनों उपमुख्यमंत्रियों ने की संघ प्रमुख भागवत से मुलाकात

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बाद राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत ने प्रदेश के दोनों उपमुख्यमंत्रियों केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक से भी अलग-अलग मुलाकात की। हालांकि इसे औपचारिक शिष्टाचार भेंट बताया जा रहा है, लेकिन प्रदेश में संभावित मंत्रिमंडल विस्तार और संगठनात्मक फेरबदल की चर्चाओं के बीच इन मुलाकातों ने राजनीतिक सरगर्मी बढ़ा दी है। सूत्रों के अनुसार संघ प्रमुख ने गुरुवार सुबह दोनों नेताओं से करीब 10-10 मिनट तक अलग-अलग मुलाकात की। इससे पहले बुधवार रात करीब आठ बजे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राजधानी लखनऊ के निराला नगर स्थित संघ कार्यालय परिसर में पहुंचकर संघ प्रमुख से भेंट की।

### मैच में मधुमक्खियों का हमला, अंपायर की जान गई

**उन्नाव।** कानपुर क्रिकेट एसोसिएशन के वरिष्ठ अंपायर मानिक गुप्ता की क्रिकेट मैच के दौरान मधुमक्खियों के हमले में मौत हो गई। मानिक गुप्ता केडीएम लीग के मुक.ाबले में अंपायरिंग कर रहे थे। क्रिकेट मैच के दौरान मधुक्खियों के एक झुंड ने अंपायर और खिलाड़ियों को पर हमला कर दिया। मधुमक्खियों के हमले से चपेट में आए कई अन्य खिलाड़ियों के घायल होने की खबर हैं। उन्नाव जिले में शुक्लागंज मे स्थित सप्रू मैदान पर क्रिकेट का लीग मैच खेला जा रहा था। मैच के दौरान ही अचानक मधुमक्खियों के एक झुंड ने हमला कर दिया। सफेद कपड़ों में होने के कारण मधुमक्खियों ने अंपायर मानिक गुप्ता और जगदीश शर्मा को सबसे ज्यादा निशाना बनाया।

### विपक्ष ने भर्ती, आईटीआई और निवेश नीति पर योगी सरकार को घेरा

# भर्तियों में बड़े स्तर पर किया गया भ्रष्टाचार

शाह टाइम्स ब्यूरो





■ युवाओं और किसानों को लगातार किया जा रहा गुमराह

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र में गुरुवार को भर्ती प्रक्रिया, आईटीआई संच.ालन और निवेश नीति को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी नोकझोंक देखने को मिली।

समाजवादी पार्टी के विधायक संग्राम सिंह यादव ने सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि प्रदेश सरकार हर मोर्चे पर विफल रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि लोक सेवा आयोग और अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की भर्तियों में बड़े स्तर पर भ्रष्टाचार हुआ है। उनका कहना था कि युवाओं और किसानों को लगातार गुमराह किया जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार को बाबा साहेब के संविधान पर भरोसा नहीं है और भर्ती प्रक्रियाओं में पारदर्शिता सुनिश्चित की जानी चाहिए। वहीं कांग्रेस विधायक दल की नेता आराधना मिश्रा ने प्रदेश में आईटीआई संचालन को लेकर सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि आईटीआई को चलाने के लिए अपनाए गए पीपीपी मॉडल के कारण गरीब छात्रों पर महंगी फीस का बोझ बढ़ रहा है। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या सरकार इस फैसले पर पुनर्विचार करेगी और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के छात्रों को राहत देने के लिए कोई ठोस कदम उठाएगी। आराधना मिश्रा ने यह भी कहा कि कई जिलों में आईटीआई भवन बनकर तैयार हैं, लेकिन उनका संचालन शुरू नहीं हो पाया है। इससे विद्यार्थियों को कक्षाओं के लिए जिला मुख्यालय तक लंबी दूरी तय करनी पड़ती है। इस पर सरकार की ओर से जवाब दिया गया कि जहां संस्थान संचालित नहीं हो रहे हैं, वहां शीघ्र ही स्टाफ की भर्ती कर उन्हें चालू किया जाएगा। निवेश से जुड़े सवालों पर प्रदेश के औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल नंदी ने कहा कि उत्तर प्रदेश को निवेशकों का पसंदीदा गंतव्य बनाने के लिए सरकार ने 32 से अधिक औद्योगिक नीतियां बनाई हैं। इन नीतियों के तहत निवेश प्रस्तावों पर त्वरित कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सभी जिलों में औद्योगिक इकाइयों की स्थापना की जा रही है और पिछड़े जिलों विशेषकर पूर्वांचल और बुंदेलखंड को प्राथमिकता दी गई है।

### छह वर्षों तक बिजली दरों में एक भी पैसा वृद्धि नहीं: ऊर्जा मंत्री

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा की कार्यवाही के दौरान गुरुवार को ऊर्जा मंत्री अरविद कुमार शर्मा ने समाजवादी पार्टी पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि सपा सरकारों ने प्रदेश को 'बीमारू' बनाकर रखा था। उन्होंने दावा किया कि वर्तमान सरकार के प्रयासों से प्रदेश में प्रति व्यक्ति बिजली खपत 724 यूनिट तक पहुंच गई है, जो अब तक का उच्च स्तर है। प्रदेश के इतिहास में पहली बार ऐसा हुआ है जब लगातार छह वर्षों तक बिजली दरों में एक भी पैसा वृद्धि नहीं की गई। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि यह पहली बार है जब गरीब उपभोक्ताओं को बकाया बिल जमा करने पर 25 प्रतिशत तक की छूट दी गई। साथ ही किसानों के बिजली बिल भी माफ किए गए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकार के सभी निर्णय जनता, विशेषकर पिछड़े वर्गों और पिछड़े क्षेत्रों के विद्युतीकरण को ध्यान में रखकर लिए जा रहे हैं।

## कौशल विभाग से सीधी सरकारी नौकरी नहीं: कपिल

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ प्रतियोगी परीक्षाओं से ही होती है नियुक्ति

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने विधानसभा में प्रश्नों का उत्तर देते हुए स्पष्ट किया कि कौशल विकास विभाग के अंतर्गत सीधी सरकारी नौकरी देने का कोई प्रावधान नहीं है।

उन्होंने कहा कि सरकारी सेवाओं में नियुक्ति प्रतियोगी परीक्षाओं के माध्यम से ही होती है और यही व्यवस्था सभी शैक्षणिक एवं प्रशिक्षण संस्थानों पर समान रूप से लागू है। मंत्री अग्रवाल ने बताया कि विभाग का मुख्य फोकस युवाओं को उद्योगों की मांग के अनुरूप कौशल प्रशिक्षण देकर रोजगार योग्य बनाना है। विभिन्न औद्योगिक संगठनों और इंडस्ट्री एसोसिएशनों के साथ नियमित समन्वय स्थापित कर प्रशिक्षित युवाओं को निजी क्षेत्र में अवसर दिलाने की दिशा में काम किया जा रहा है। प्रशिक्षण साझेदारों को लक्ष्य दिया गया है कि कम से कम 70 प्रतिशत प्रशिक्षित युवाओं को रोजगार से जोड़ा जाए। उन्होंने बताया कि युवाओं को रोजगार से सीधे जोड़ने के लिए प्रत्येक नोडल आईटीआई में मासिक रोजगार मेले आयोजित किए जाते हैं, जबकि प्रत्येक तीन माह पर मंडल स्तरीय रोजगार मेले आयोजित होते हैं। इसके अलावा पूरे प्रदेश में पांच बड़े रोजगार मेलों के आयोजन की भी योजना है, जिनमें प्रतिष्ठित कंपनियों की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। अग्रवाल ने कहा कि सरकार का उद्देश्य युवाओं को आत्मनिर्भर बनाना, उनका आत्मविश्वास बढ़ाना और उन्हें हुनरमंद बनाकर रोजगार उपलब्ध कराना है। कौशल विकास योजनाओं के माध्यम से युवाओं को व्यापक अवसर प्रदान कर उन्हें सशक्त बनाने के लिए सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

## गाय को राज्य माता के दर्जे पर सीएम मौन: शंकराचार्य

वाराणसी, वार्ता



ज्योतिर्मठ के शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने गुरुवार को कहा कि 'गाय को राज्य माता घोषित करने' और 'गो-मांस निर्यात पर पूर्ण प्रतिबंध' की उनकी मुख्य मांगों पर 20 दिन बीत जाने के बाद भी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कोई स्पष्ट प्रतिक्रिया नहीं दी है।

विद्यामठ में पत्रकारों से बात.चीत करते हुए उन्होंने कहा कि इन मांगों को लेकर दिया गया 40 दिनों का अल्टीमेटम आधा बीत चुका है, लेकिन सरकार की ओर से ठोस पहल दिखाई नहीं दी। शंक.राचार्य ने उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक द्वारा बटुकों के सम्मान से संबंधित टिप्पणी पर कहा कि ष्यह उनकी व्यक्तिगत भावना हो सकती है। बटुकों पर बल प्रयोग करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की बात कही गई थी, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। प्रयागराज की एक घटना को लेकर दोनों उपमुख्यमंत्रियों के बयानों के संबंध में पूछे गए प्रश्न पर उन्होंने कहा कि वे क्यों बोल रहे हैं और क्या कह रहे हैं, यह वही बेहतर जानते हैं। शंकराचार्य ने आरोप लगाया कि गोवंश की स्थिति पर सरकार की ओर से अपेक्षित संवेदनशीलता नहीं दिखाई गई है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की गोरक्षा के मुद्दे पर चुप्पी और अन्य विषयों पर मुखरता को लेकर संत समाज में सवाल उठ रहे हैं।

## एआई इम्पैक्ट समिट 2026 ने ग्रामीण महिला उद्यमियों के लिए नए मौके खोले

नई दिल्ली, वार्ता

■ शी लीड्स भारत से बढ़ रही महिलाओं की आय

राजधानी दिल्ली के भारत मंडपम में जारी इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट में इस बात पर जोर दिया गया है कि कैसे कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) अलग-अलग क्षेत्रों में बदलाव ला रहा है, जिसमें जमीनी स्तर पर महिलाओं को मजबूत बनाने पर खास ध्यान दिया गया है।

इस समिट में दिखाया गया कि कैसे एआई के माध्यम से विभिन्न प्रकार की पहल ग्रामीण महिलाओं के लिए उद्यमिता की नई परिभाषा दे रही हैं, जिससे उन्हें भाषा, बाजार पहुंच और सीमित संसाधनों जैसी रुकावटों को दूर करने में मदद मिल रही है। इस संदर्भ में 'शी लीड्स भारत' संगठन उन ग्रामीण महिलाओं की आय बढ़ाने के लिए काम कर रहा है जो छोटे कारोबार चलाती हैं, इसके लिए वह उन्हें ढांचागत प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण सहायता दे रहा है। यह संगठन महिला उद्यमियों को अपने डिजिटल प्लेटफॉर्म 'मेरी सहेली ऐप' पर ऑनबोर्ड कर सहायता प्रदान करता है, जहां उन्हें बेहतर कीमत, बेहतर मार्जिन और ऐसी सेवाओं तक पहुंच मिलती है जो गांव के स्तर पर आने वाली चुनौतियों का समाधान पेश करती हैं। 'शी लीड्स भारत' अभी उत्तर प्रदेश, राजस्थान, आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र और गुजरात समेत पांच राज्यों में सक्रिय है और इसके पास 40,000 महिला उद्यमियों का नेटवर्क है, जिन्हें 'सहेली' के नाम से जाना जाता है। इस पहल से महिलाओं के नेतृत्व वाले ग्रामीण एंटरप्राइजेज को मजबूत करने और एआई के जिम्मेदार और प्रयोगात्मक इस्तेमाल से समावेशी प्रगति को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। शी लीड्स भारत पहल से जुड़ी रुचि सिंह से बात की है जो वाराणसी जिले के सेवापुरी ब्लॉक के नवाहनीपुर गांव के अग्रणी बाजार की सहेली भी हैं। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र का हिस्सा है। रुचि एक स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) की सक्रिय सदस्य भी हैं जो समुदाय उन्मुख उद्यमिता में उनके गहरे जुड़ाव को दिखाता है। अपने इस सफर में, रुचि डिजिटल उपकरण के कम इस्तेमाल से आगे बढ़कर अपने काम में स्मार्टफोन और एआई सक्षम प्लेटफॉर्म का आत्मविश्वास से इस्तेमाल करने लगी हैं। वह अपने गांव की दूसरी महिलाओं के लिए एक रोल मॉडल बन गई हैं, जो अब सलाह और प्रेरणा के लिए उनसे उम्मीद करती हैं।

### यमुना एक्सप्रेस-वे पर जापान सिटी और सिंगापुर सिटी के लिए 500-500 एकड़ भूमि प्रस्तावित

**लखनऊ।** यमुना एक्सप्रेस-वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (ईडा) ने जापान सिटी और सिंगापुर सिटी के विकास को लेकर औपचारिक प्रस्ताव शासन को भेज दिया है। 18 फरवरी को जारी पत्र में प्राधिकरण ने अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त को अवगत कराया है कि प्राधिकरण क्षेत्र में इन दोनों प्रस्तावित सिटीज के लिए भूमि चिन्हित कर ली गई है। प्राधिकरण के सीईओ आरके सिंह ने बताया कि इन दोनों सिटी को लेकर भूमि अधिग्रहण से संबंधित योजना तैयार कर ली गई है। योगी आधिकारिक प्रस्तावित जापान और सिंगापुर यात्रा के संदर्भ में प्राधिकरण क्षेत्र के अंतर्गत जापान सिटी और सिंगापुर सिटी के लिए क्षेत्र चिन्हित कर सूचना उपलब्ध कराए जाने की अपेक्षा की गई थी। इसी क्रम में प्राधिकरण ने सेक्टर-5ए और सेक्टर-7 को इन परियोजनाओं के लिए प्रस्तावित किया है। प्राधिकरण की महायोजना के अंतर्गत सेक्टर-7 और सेक्टर-5ए मल्टीपर्पज औद्योगिक क्षेत्र के रूप में नियोजित हैं। इन क्षेत्रों में औद्योगिक उपयोग न्यूनतम 70 प्रतिशत निर्धारित है। इसके साथ ही आवासीय उपयोग अधिकतम 12 प्रतिशत, वाणिज्यिक उपयोग अधिकतम 13 प्रतिशत तथा संस्थागत सुविधाएं न्यूनतम 5 प्रतिशत तक निर्धारित हैं।

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

## अर्थ व्यापार

सेंसेक्स 82498.14
निफ्टी 25454.35

सोना रु. 156900
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

चांदी रु. 248297
प्रति किलो



## अमेरिका और ईरान के बीच तनाव बढ़ने से सेंसेक्स 1,236 अंक लुढ़का

मुंबई, वार्ता



अमेरिका और ईरान के बीच तनाव बढ़ने से घरेलू शेयर बाजारों में गुरुवार को तेज गिरावट रही और बीएसई का सेंसेक्स 1,236.11 अंक (1.48 प्रतिशत) गिरकर 82,498.14 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 365 अंक यानी 1.41 प्रतिशत लुढ़ककर 25,454.35 अंक पर बंद हुआ।

चौतरफा बिकवाली के बीच मझौली और छोटी कंपनियों में भी गिरावट रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 1.63 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 1.27 प्रतिशत उतर गया। ईरान के आसपास अमेरिका के सैन्य तैनाती बढ़ाने की खबरों से यूरा.ेपीय बाजारों के साथ घरेलू बाजार में भी निवेश धारना प्रभावित हुई है। ऑटो, रियलटी और मीडिया समूहों के सूचकांक दो प्रतिशत से अधिक टूट गए। टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद, बैंकिंग, एफएमसीजी, आईटी, धातु और तेल एवं गैस समूहों में एक से दो प्रतिशत की गिरावट रही। सेंसेक्स की सभी कंपनियां लाल निशान में रहीं। इंडिगो का शेयर करीब सवा तीन फीसदी और महिंद्रा एंड महिंद्रा का लगभग तीन फीसदी नीचे बंद हुआ। अल्ट्राटेक सीमेंट, ट्रेंट, बीईएल, अडानी पोर्ट्स, क्वालिटी वॉल, कोटक महिंद्रा बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज, टेक महिद्रा और आईटीसी के शेयर दो से तीन प्रतिशत तक गिर गए। इटरनल, पावरग्रिड, हिदुस्तान यूनीलिवर, टाटा स्टील, मारुति सुजुकी, भारती एयरटेल, एक्सिस बैंक, एनटीपीसी, एशियन पेंट्स, आईसीआईसीआई बैंक, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, बजाज फिनसर्व, टाइटन, एलएंडटी और भारतीय स्टेट बैंक के शेयर एक से दो प्रतिशत के बीच टूट गए। बजाज फाइनेंस, एचडीएफसी बैंक, सनफार्मा और टीसीएस में भी गिरावट रही।

### सोना 1.56 लाख के पार, चांदी 4,000 से ज्यादा महंगी

**नई दिल्ली।** सर्राफा बाजार में गुरुवार को बार फिर सोने-चांदी की कीमतों में चमक देखी गई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर आज शुरुआती कारोबार में ही सोना-चांदी हरे निशान में ट्रेड कर रहे थे। वैश्विक संकेतों और घरेलू मांग के बीच आज सोना और चांदी दोनों ही बढ़त के साथ कारोबार कर रहे हैं। 2 अप्रैल 2026 की एक्सपायरी वाला सोना 1,139.00 (0.73 प्रतिशत) की भारी बढ़त के साथ 1,56,900.00 प्रति 10 ग्राम के स्तर पर पहुंच गया है। चांदी की कीमतों में भी आज अच्छी तेजी है। 5 मार्च 2026 की एक्सपायरी वाली चांदी 4,029.00 (1.65 प्रतिशत) के रिकॉर्ड उछाल के साथ 2,48,297.00 प्रति किलो पर ट्रेड कर रही है। पिछले कुछ दिनों से लगातार सोने और चांदी की कीमतों में उतार-चढ़ाव जारी है। जानक.ारों के मुताबिक अमेरिका और ईरान के बीच तनाव बढ़ने का असर सोने-चांदी की कीमतों पर पड़ सकता है। तनाव बढ़ने पर सुरक्षित निवेश की मांग बढ़ सकती है और सोने-चांदी के भाव चढ़ सकते हैं। चांदी की कीमतों में आई तेजी ने निवेशकों को हैरान कर दिया है, लेकिन भारी उछाल के बावजूद चांदी अपने रिकॉर्ड स्तर से अब भी काफी दूर है। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर आज चांदी2,48,297.00 प्रति किलो पर ट्रेड कर रही है।

## चावल, दालें मजबूत, गेहूं, चीनी नरम, खाद्य तेलों में रही घट-बढ़

नई दिल्ली, वार्ता



घरेलू थोक जिंस बाजारों में गुरुवार को चावल के औसत भाव बढ़ गए। दालों में भी तेजी रही। गेहूं और चीनी की कीमतों में गिरावट देखी गई, जबकि दालों और खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव का रुख रहा। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत पांच रुपये बढ़कर 3,859 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गई। गेहूं का भाव 10 रुपये घटकर 2,852 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा।

आटा भी नौ रुपये सस्ता हुआ। दाल-दलहनों में तेजी रही। तुअर दाल की औसत कीमत 17 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। मूंग दाल 12 रुपये और मसूर दाल 10 रुपये महंगी हुई। चना दाल का भाव नौ रुपये और उड़द दाल का चार रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गया। विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मई वायदा 101 रिंगिट बढ़कर 4,117 रिंगिट प्रति क्विंटल पर पहुंच गया। मई का अमेरिकी सोया तेल वायदा भी 0.52 प्रतिशत की वृद्धि में 0.52 प्रतिशत की बढ़त में 59.41 सेंट प्रति पौंड बोला गया। स्थानीय बाजारों में मूंगफली तेल की औसत कीमत 64 रुपये प्रति क्विंटल घट गई। पाम ऑयल के दाम 49 रुपये और सूरजमुखी तेल के 15 रुपये कम हुए। सरसों तेल भी 13 रुपये सस्ता हुआ। सोया तेल की कीमत 13 रुपये और वनस्पति की 26 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। मीठे के बाजार में आज गुड़ के औसत भाव नौ रुपये प्रति क्विंटल गिर गए। चीनी भी चार रुपये सस्ती हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल.दलहन: दाल चना 7799.76 रुपये, मसूर काली 8110.59 रुपये, मूंग दाल 10148.45 रुपये, उड़द दाल 10692.65 रुपये, तुअर दाल 11119.02 रुपये प्रति क्विंटल रहे।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कॉहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

## भारत स्थापित करना चाहता है समतामूलक समुद्री व्यवस्था: राजनाथ

**विशाखापत्तनम।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को विशाखापत्तनम में बहुराष्ट्रीय नौसैनिक अभ्यास मिलन 2026 का उद्घाटन किया और कहा है कि भारत अंतर्राष्ट्रीय कानून और नौवहन की स्वतंत्रता पर आधारित एक समतामूलक समुद्री व्यवस्था स्थापित करना चाहता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि समुद्री चुनौतियों से निपटने के लिए अंतर्राष्ट्रीय समुदाय को मिलकर काम करना होगा। पारंपरिक खतरों के साथ-साथ उभरती चुनौतियां भी मौजूद हैं। समुद्री डकैती, समुद्री आतंकवाद, अवैध मछली पकड़ना, तस्करी, साइबर जोखिम और महत्वपूर्ण आपूर्ति श्रृंखलाओं में व्यवधान जैसी समस्याएं गंभीर हैं। जलवायु परिवर्तन के कारण प्राकृतिक आपदाएं बढ़ रही हैं, जिससे मानवीय सहायता और आपदा राहत अभियानों की मांग भी बढ़ी है। राजनाथ सिंह ने कहा कि कोई भी एक नौसेना इन चुनौतियों से अकेले नहीं निपट सकती, इसलिए सहयोग अब विकल्प नहीं, बल्कि अनिवार्यता है। रक्षा मंत्री ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय जल से जुड़े मुद्दों के समाधान के लिए युनाइटेड नेशंस कन्वेंशन ऑन द लॉ आफ द सी एक मजबूत कानूनी ढांचा प्रदान करता है।

### प्रथम पृष्ठ का शेष...

**चेन्नई में....** एआई हब स्थापित कर रहा है। इसमें बड़े पैमाने पर कंप्यूट इंफ्रास्ट्रक्चर और एक नया सबसी केबल गेटवे शामिल होगा। इस पहल से रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे और देश में एआई क्षमताओं का विस्तार होगा। समिट को संबोधित करते हुए पिचाई ने कहा कि डिजिटल खाई को एआई खाई में बदलने नहीं दिया जा सकता। इसके लिए कंप्यूटिंग इंफ्रास्ट्रक्चर और कनेक्टिविटी में निवेश जरूरी है। उन्होंने बताया कि गूगल अमेरिका और भारत के बीच चार नए सबसी फाइबर आप्टिक सिस्टम विकसित कर रहा है। यह पहल हाल ही में घोषित 'अमेरिका-इंडिया कनेक्ट' कार्यक्रम का हिस्सा है। पिचाई ने स्वीकार किया कि एआई कार्यक्षेत्र में बड़े बदलाव लाएगा। कुछ नौकरियां ऑटोमेट होंगी, कुछ भूमिकाएं बदलेंगी और कई नई करियर संभावनाएं जन्म लेंगी। उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि 20 साल पहले प्रोफेशनल यू-ट्यूब क्रिएटर जैसी कोई अवधारणा नहीं थी, जबकि आज दुनिया भर में लाखों लोग इस क्षेत्र में काम कर रहे हैं। भारत 16 से 20 फरवरी तक इस समिट की मेजबानी कर रहा है। यह आयोजन 'लोग, धरती और तरक्की'- इन तीन प्रमुख सूत्रों पर केंद्रित है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को नई दिल्ली के भारत मंडपम में इंडिया एआई इम्पैक्ट एक्सपो 2026 का उद्घाटन किया। इस समिट में कई देशों और वैश्विक संस्थानों की भागीदारी रही, जो भारत की बहुपक्षीय सहयोग की नीति और एआई के जरिये वैश्विक चुनौतियों का समाधान खोजने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

## सच से बहुत डरते हैं मोदी और भाजपा दोनों: कांग्रेस

शाह टाइम्स ब्यूरो



**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर सीधा हमला करते हुए कहा है कि मोदी तथा भारतीय जनता पार्टी सच से बहुत डरते हैं इसलिए उनकी पोल खोलते कई एआई वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफार्म से हटा दिए गए हैं।

कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने गुरुवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि मोदी एआई पर बहुत बड़ी-बड़ी बातें करते हैं, लेकिन असल में वह कृत्रिम बुद्धिमत्ता से थरथर कांपते हैं। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि पिछले 6 हफ्तों में कांग्रेस के एआई से बने 9 वीडियो देश के प्रधानमंत्री उनके नेतृत्व वाली केंद्र और भाजपा शासित राज्य सरकारों ने डिलीट करवाए हैं। मैं साफ कर दूं कि ये सभी वीडियो कानून के तहत बने थे, जिनमें एआई डिस्क्लेमर थे। सभी वीडियो के पूरी अवधि में एआई सृजित लिखा था-जो दिखाता है कि हमने किसी को गुमराह करने की कोशिश नहीं की, लेकिन भाजपा और खुद प्रधानमंत्री मोदी सच से इतना डरते हैं कि वो सच के 'नाट्य रूपांतरण' से भी खौफ खाते हैं। कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि इस वीडियो में दिखाया गया है कि कैसे मोदी ने जनरल नरवणे और सेना को यह कहकर जिम्मेदारी से मुंह मोड़ लिया- जो उचित समझो, वही करो। कैसे उन्होंने राष्ट्र हित की अनदेखी करते हुए, अमेरिका के साथ व्यापार समझौता किया है। इसमें दिखाया गया है कि कैसे मोदी, एप्स्टीन की सलाह पर अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रम्प को खुश करने में जुट गए और उन्होंने फिर कैसे अमेरिका के इशारे पर रूस से तेल खरीदना बंद किया। उन्होंने कहा कि इस वीडियो में दिखाया गया है कि कैसे श्री मोदी ने अमेरिका के किसानों को फायदा पहुंचाया और भारत के किसानों के हक की बलि चढ़ा दी और कैसे उन्होंने उद्योगपति अडानी पर अमेरिका में कसते कानूनी शि.कंजे से बौखलाकर ट्रम्प के आगे सरेंडर किया। उनका कहना था कि वीडियो में यह भी दिखाया गया है कि कैसे मोदी तीन महिला सांसदों से डरकर, सदन छोड़कर भाग गए। वीडियो में जो कुछ दिखाया गया है इनमें से कोई भी बात काल्पनिक या गलत नहीं है। ए सारे वही मुद्दे हैं, जिस पर विपक्ष और पूरा देश सवाल पूछ रहा है, जो भारत के संसद में गूंज रहे हैं। कांग्रेस सोशल मीडिया और डिजिटल प्लेटफॉर्म की चेयरपर्सन ने बताया कि इस वीडियो में बताया गया था कि कैसे एआई वीडियो डिलीट करवाए जा रहे हैं और एआई वीडियो को डिलीट करने का आदेश भाजपा शासित राज्य सरकारों-बिहार, राजस्थान, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र- की पुलिस द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स को भेजा गया। इनमें से कुछ एआई वीडियो को डिलीट करवाने का आदेश सीधे रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के मंत्रालय से आया है।

### राहुल गांधी को करणी सेना की कथित धमकी पर भड़कीं कांग्रेस

**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को करणी सेना के एक कथित कार्यकर्ता द्वारा गोली मारने की धमकी दिए जाने के बाद राजनीतिक माहौल गरमा गया है। कांग्रेस ने इस मामले को गंभीर सुरक्षा चूक बताते हुए केंद्र सरकार पर हमला बोला है। कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव केसी वेणुगोपाल ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि भाजपा और संघ परिवार के संगठनों ने जो माहौल बनाया है उसमें गांधी को संसद में बोलने तक नहीं दिया जा रहा है। विपक्ष के नेता का सम्मान नहीं किया जा रहा है। वेणुगोपाल ने आरोप लगाया कि करणी सेना के एक कार्यकर्ता ने गांधी और 25 सांसदों को मार डालने की धमकी दी है लेकिन इस पर अभी तक कोई एफआईआर दर्ज नहीं की गई है। उन्होंने कहा कि यह अराजकता का स्पष्ट मामला है। उन्होंने आगे कहा कि हम जानते हैं कि अपने विपक्ष के नेता की रक्षा कैसे करनी है। राहुल गांधी भी जानते हैं कि अपनी रक्षा कैसे करनी है, उन्हें अपनी जान की कोई परवाह नहीं है। कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने भी इस मामले पर सोशल मीडिया पर प्रतिक्रिया व्यक्त की है।

माहे मुकद्दस रमज़ान की दिली मुबारकबाद



02 वां रोज़ा इफ्तार
20 फरवरी शुक्रवार
सुन्नी...................... 06:14
शिया...................... 06:27

03 वां रोज़ा सहरी
21 फरवरी शनिवार
सुन्नी...................... 05:39
शिया...................... 05:33



हाजी ज़ियाउर्रहमान
वरिष्ठ नेता लोकदल


# 80 करोड़ रुपये की ठगी करने वाले 6 युवक दबोचे

## 9 फोन, 28 विभिन्न कार्ड, 3 बुक, किट व बैग आदि सामग्री बरामद

■ 100 से अधिक लोगों को बनाया इन ठगों ने शिकार

**बुढाना/फुगाना।** 80 करोड़ रुपयों से भी ज्यादा की रकम ठगने वाले 6 ठगों को फुगाना पुलिस ने गिरफ्तार कर उनके पास से 9 मोबाइल फोन, 13 सिम कार्ड, 12 एटीएम कार्ड, 2 आधार कार्ड, पैन कार्ड, 2 चौक बुक, पास बुक, बैग, 7 फिनो बैंक की प्री एक्टीवेटेड किट, माऊस, वाई फाई राउटर, कनेक्टिंग केबिल, मोनिटर, सीपीयू, मुद्रक व 5 हजार 610 रुपये बरामद किए हैं। बताया जाता है कि गृह मंत्रालय भारत सरकार द्वारा विकसित ओनलाईल पोर्टल प्रतिबिम्ब पर मुजफ्फरनगर जिले से फजह्र काल कर लोगों के साथ साइबर धोखाधडी करने की शिकायतें मिली तो फुगाना पुलिस व साईबर थाने ने जांच की तो धोखाधडी की घटना में प्रयोग किये गये मोबाइल नंबर व बैंक खाते मुजफ्फरनगर जिले में संचालित मिले। थाना फुगाना व साइबर क्राइम ने जांच कर धोखाधड़ी के केस में पाए गये 6 ठगों को बृहस्पतिवार को पकड लिया। जिनके नाम अक्षय पुत्र ऋषिपाल ग्राम फुगाना, हर्ष आर्य पुत्र विकास ग्राम सिकन्दरपुर भोपा, भव्यांश पुत्र गौरव गांव बेलडा भोपा, सचिन पुत्र समय प्रकाश निवासी सिंगल स्टोरी नई बस्ती नंदग्राम गाजियाबाद, हरेन्द्र पुत्र योगेन्द्र ग्राम तुगलकपुर खानपुर हरिद्वार उत्तराखंड व आर्यन पुत्र दीपक चौधरी निवासी गांधीनगर निकट राजवंश पब्लिक स्कूल नई मण्डी हैं जबकि फरार ठग राजा निवासी ग्राम करौदा महाजन व अनुराग निवासी गाजियाबाद हैं। सब पर 10 आपराधिक मामले दर्ज हैं। जो दिल्ली व कर्नाटक राज्यों में भी दर्ज हैं।

पूछताछ में ठगों ने बताया हम घूमकर पैसो का लालच देकर भोले भाले लोगो का बैंक खाता, मोबाइल सिम कार्ड, आधार कार्ड व पैन कार्ड ले लेते हैं। देश विदेश मे साइबर अपराध करने वाले लोगो को फजह्र सिम कार्ड व बैंक खातों की जरुरत होती है। जिनके लिए हम लोग उन्हे बैंक खाते व सिम कार्ड एकत्र करके देते हैं। जिससे उनके द्वारा बैंक खातों मे फॉड का पैसा मंगाया जाता है। जिसका कुछ हिस्सा हमें भी मिलता है। कई खाते जिनके एटीएम कार्ड हमारे पास होते हैं उनका उपयोग हम लोग स्वंय साईबर फाड की धनराशि प्राप्त कर एटीएम के जरिये निकासी करने के लिए करते हैं। हम धोखाधडी से लोगो की चौक बुक प्राप्त कर चौक पर फजह्र हस्ताक्षर कर चौक का उपयोग भी करते हैं। कुछ जगहों से हमारे पास देश विदेश से साईबर फाड का पैसा भेजा जाता है हम अपना कमीशन काटकर बाकी का पैसा उनके बताये खातों में ट्रान्सफर कर देते हैं। आज भी हम काम करने को नयी जगह देखने, लोगो से उनके बैंक खाते, सिम कार्ड, आधार कार्ड व पैन कार्ड लेने आये थे। उन्ही के इन्तजार मे खड़े थे। हमारे 2 साथी कुछ सामान लेने चले गये। बरामद फोनों से ठगों ने बैंक खातों में 2 माह में करीब 30 लाख रूपये का लेन देन किया। शेष अन्य खातों की जांच शुरु हो गयी है। करीब 85 करोड रुपये से ज्यादे की धोखाधड़ी की 70 शिकायतें दर्ज है। जिसमें से करीब 60 लाख रुपये अभियुक्तों के खातों में आए। साइबर क्राइम अन्य शिकायतो की जानकारी कर रही है। ठगों को सीओ फुगाना यतेंद्र सिंह नागर के नेतृत्व में फुगाना थानाध्यक्ष विजय कुमार व थाना साइबर क्राइम के प्रभारी सुल्तान सिंह ने अपनी टीम के साथ पकडा है। इसमें आरक्षी अजय तेवतिया की भूमिका भी बड़ी अहम बताई जा रही है। उनके प्रयास से ही ये गैंग बेनकाब हुआ है।



मुजफ्फरनगर: प्रेस वार्ता में एसएसपी संजय वर्मा ठगों के गिरोह का पर्दाफाश करते हुए।

# पैसे मांग रहे चौकी इंचार्ज व सिपाही निलम्बित

**बुढ़ाना।** तीन आरोपियों से रिपोर्ट दर्ज नही करने के नाम पर अवैध रूप से पैसे मांगना एक चौकी इंचार्ज और उनके अधीनस्थ कांस्टेबल को भारी पड़ गया।

जांच में शिकायत सही मिलने पर मुजफ्फरनगर जनपद के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा ने बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र की परासोली पुलिस चौकी के इंचार्ज रिंकू सिंह को जांच पूरी होने के बाद निलम्बित कर दिया और साथ ही चौकी इंचार्ज रिंकू सिंह के अधीन काम कर रहे कांस्टेबल राज कुमार भी निलम्बित कर दिए गये। एसएसपी की इस बड़ी कार्यवाही से अन्य पुलिसकर्मियों में भी हड़कंप मच गया है। चर्चा है कि विगत दिवस गांव सैनपुर कमरुद्दीननगर में तीन युवकों ने एक किशोर के साथ छेडछाड की घटना को अंजाम देकर उसका वीडियो भी बना लिया था। तीनों युवक किशोर को उसका वीडियो दिखाकर ब्लेकमेल कर रहे थे।

तब यह बात किशोर ने अपने परिजनों को बताई तो उन्होंने चौकी इंचार्ज रिंकू सिंह को तहरीर दी तो उन्होंने आरोपियों को पीड़ित पक्ष को मनाने का 24 घंटे का समय दिया। आरोप है कि इसी बात को लेकर चौकी इंचार्ज रिंकू सिंह ने आरोपी युवकों से उनकी जान बचाने की एवज में पैसों की भी मांग कर डाली। तब आरोपी पक्ष के लोगों ने किसी तरह से चौकी इंचार्ज और कांस्टेबल का ओडियो बना लिया था। तब शिकायत हुई तो एसएसपी ने जांच में मामला सही पाए जाने पर दोनों पुलिसकर्मियों को निलम्बित कर दिया। ग्रामीणों के अनुसार जहां चौकी इंचार्ज रिंकू ने बीते हफ्ते सिखेड़ा थाने से आकर चौकी का चार्ज संभाला था वहीं कांस्टेबल राजकुमार इसी चौकी पर करीब तीन वर्षों से तैनात थे।

# पुलिस मुठभेड़ में 2 ईनामी बदमाश हुए घायल

## फायरिंग कर 2 युवकों की हत्या का किया था प्रयास



**बुढ़ाना।** पुलिस ने मुठभेड़ में उन दो बदमाशों को गोली मारकर पकड़ लिया जिन्होंने लगातार दो दिनों तक खुलेआम फायरिंग कर दो युवकों की जान लेने का प्रयास किया था। बीती 16 फरवरी को दानिश पुत्र मोमीन निवासी मंदवाडा रोड ने बुढ़ाना पुलिस को बताया था कि उनके गांव के आमिर उर्फ बाटा व समद ने अन्य साथी संग मिलकर जान से मारने की नीयत से उस पर फायरिंग की थी। जिसमें वह बाल बाल बच गया था। अगले दिन बीते 17 फरवरी को इन्हीं बदमाशों ने इसी गांव के अयान पुत्र शौकीन के ऊपर भी जान से मारने की नीयत से फायरिंग की थी। जिसमें वह भी बाल बाल बच गया था। दोनों घटनाओं की सीसीटीवी फुटेज भी बुढाना पुलिस ने अपने कब्जे में कर तीनों बदमाशों के विरुद्ध गंभीर धाराओं में मामला दर्ज कर सीओ बुढ़ाना गजेंद्र पाल सिंह के नेतृत्व में तीनों की तलाश शुरु कर दी थी। इसी दौरान एसएसपी संजय वर्मा ने बदमाशों पर 15-15 हजार रुपये का इनाम घोषित कर दिया। ईनामी बदमाशों को पकडने को पुलिस टीम गठित हुई। जिसमें बृहस्पतिवार की सुबह बुढ़ाना पुलिस क्षेत्र में मंदवाडा चौराहे पर चौकिंग कर रही थी। चौकिंग में बाइक सवार 2 व्यक्ति दिखे। जिन्हे पुलिस ने रोका तो एक ने फायरिंग कर दी। तब पुलिस ने जवाबी कार्यवाही कर दोनों को घेरकर गोली मारकर घायल कर पकड़ लिया। दोनों के कब्जे से पौनिया, 2 कारतूस, 2 खोखे, तमंचा, बाइक मिली। दोनों बदमाशों पर 7 मामले दर्ज हैं। घायलों को सीएचसी में भतह्र कराकर पूछताछ हुई तो दोनों ने बताया कि उनका दोनों युवकों से विवाद चल रहा है। जिसमें दबाव बनाने व डराने के उद्देश्य से हमने उन पर हत्या के इरादे से फायरिंग की। टीम में कोतवाल सुभाष अत्री, कस्बा इंचार्ज संदीप कुमार, दारोगा छविकांत चौहान, गढ़ी इंचार्ज ललित कसाना, दारोगा आशीष चौधरी, हैड कांस्टेबल नीरज त्यागी, अमरदीप, संजय, निर्वेश भारद्वाज, कांस्टेबल नकुल सांगवान, विजय और गौरव पूनिया रहे।

# अमेरिकी डील के खिलाफ भाकियू की पंचायत में जुटेंगे चार जिलों के किसान

**मुजफ्फरनगर।** भारतीय किसान यूनियन के बैनर पर आयोजित होने वाली किसान-मजदूर महापंचायत में किसानों और मजदूरों से जुड़े ज्वलंत मुद्दों पर व्यापक चर्चा होगी। इस महापंचायत में मुख्य अतिथि के रूप में भाकियू प्रवक्ता राकेश टिकैत की उपस्थिति रहेगी, जहां न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी, गन्ना भुगतान, बिजली दरों और भारत-अमेरिका कृषि समझौते के संभावित प्रभावों पर आवाज बुलंद की जाएगी।

जिलाध्यक्ष नवीन राठी ने बताया कि भारत अमेरिकी डील की सच्चाई किसानों तक पहुंचाने और किसानों से जुड़े मद्दों को उठाने के लिए यूनियन के शीर्ष नेतृत्व के द्वारा बागपत-मुजफ्फरनगर के सीमावर्ती गांव सरोरा-नगवा कुटी में 22 फरवरी को एक बड़ी महापंचायत बुलाई गई है। इसमें चार जिलों मुजफ्फरनगर, शामली, बागपत और मेरठ के किसान हिस्से लेंगे। यह आंदोलन किसान और मजदूर के अधिकारों तथा अस्तित्व की रक्षा की लड़ाई है।लंबे समय से लंबित गन्ना भुगतान, बढ़ती बिजली दरें और फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य ह्वएमएसपीऋ की कानूनी गारंटी की मांग प्रमुख रूप से उठाई जाएगी। जब तक एमएसपी को कानून का दर्जा नहीं मिलेगा, तब तक किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य सुनिश्चित नहीं हो सकेगा।भाकियू प्रवक्ता राकेश टिकैत ने अपने हालिया बयान में भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर टिप्पणी करते हुए कहा कि यह कोई डील नहीं, बल्कि डिक्लरेशन है। उनके अनुसार यह घोषणा केंद्र सरकार द्वारा एकतरफा रूप से की गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस तरह के समझौते देश के कृषि क्षेत्र पर दीर्घकालिक प्रभाव डाल सकते हैं और इस पर व्यापक राष्ट्रीय बहस की आवश्यकता है। टिकैत ने कहा कि अमेरिका के साथ हुई इस घोषणा का विरोध जारी रहेगा और इस विषय पर पंचायतें व बैठकें निरंतर आयोजित की जाएंगी। उन्होंने इसे वर्तमान समय का सबसे बड़ा प्रश्न बताते हुए किसानों से सजग रहने की अपील की।

उन्होंने समाज से आ]वान किया कि सरकार से मिलने वाले लाभ को लेने में कोई आपत्ति नहीं होनी चाहिए, लेकिन संघर्ष के समय एकजुट रहना अनिवार्य है।

# जयंत की टिप्पणी के बाद राकेश टिकैत ने दी सफाई

## नरेश टिकैत के हलवाई के ततैये के कटाक्ष पर जयंत चौधरी ने कहा मिठाई का मुझे शौक नहीं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** मुजफ्फरनगर की धरती पर दिया गया एक बयान वर्तमान में देश की राजनीति और खासकर किसान राजनीति में एक बार फिर सुर्खियों में है। भारतीय किसान यूनियन के अध्यक्ष नरेश टिकैत की रालोद अध्यक्ष व केन्द्रीय मंत्री जयंत सिंह की भूमिका के परिपेक्ष्य में की गई एक बयानबाजी से शुरू हुआ विवाद अब केन्द्र सरकार, मीडिया और किसान संगठनों के रिश्तों पर बड़े सवाल खड़े कर रहा है। भारतीय किसान यूनियन और राष्ट्रीय लोकदल के शीर्ष नेताओं के बीच हुई टिप्पणी के बाद सियासी हलकों में हलचल तेज हो गई है।

भारतीय किसान यूनियन के अध्यक्ष चौधरी नरेश टिकैत और राष्ट्रीय लोकदल के अध्यक्ष व केंद्र सरकार में कौशल विकास मंत्री जयंत चौधरी के बीच बयान को लेकर छिड़ी जुबानी तकरार ने नया मोड़ ले लिया है। किसान नेता और भाकियू प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत ने अपनी फेसबुक वॉल से एक वीडियो बयान जारी करते हुए इसे केन्द्र की भाजपा सरकार और मीडिया की मिलीभगत की साजिश करार दिया है। राकेश टिकैत ने स्पष्ट कहा कि जयंत चौधरी और नरेश टिकैत किसान हित में एक साथ हैं। उन्होंने कहा कि जब भी किसानों और जनता को जयंत चौधरी की आवश्यकता होगी, वह समाज के साथ खड़े दिखाई देंगे।

ज्ञात हो कि हाल ही में नरेश टिकैत ने जयंत चौधरी की भूमिका पर टिप्पणी करते हुए कहा था कि वह हलवाई का ततैया न बनें और समाज के हितों को प्राथमिकता दें। उनका आशय था कि सत्ता की मलाई के लिए समाज के व्यापक हितों की अनदेखी न की जाए। इस टिप्पणी के बाद देशभर में बहस छिड़ गई। जवाब में जयंत चौधरी ने भी सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर नरेश टिकैत के लिए प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि जो लोग हलवाई और ततैया का किस्सा सुना रहे हैं, उन्हें बता दूँ कि मुझे मिठाई का शौक नहीं है। उनके इस कथन को एक सख्त जवाब के रूप में देखा जा रहा है। इसको लेकर भी सोशल मीडिया पर एक बहस का दौर चल रहा है।

इस विवाद के बीच अब राकेश टिकैत ने सफाई पेश करते हुए केन्द्र सरकार के साथ मीडिया को भी लपेटे में लिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि मीडिया स्वतंत्र रूप से प्रश्न नहीं कर रहा, बल्कि सरकार द्वारा तय प्रश्नों को ही अपने कार्यक्रमों में उठा रहा है। उन्होंने कहा कि पत्रकारों को भ्रम पैदा करने वाले सवालों से विवाद खड़ा करने के बजाय

देशहित में निष्पक्ष प्रश्न पूछने चाहिए। आज भारत और अमेरिका व्यापार समझौता सबसे बड़ा मुद्दा है, इसके लिए सरकार से सवाल किये जायें। राकेश टिकैत ने कहा कि पिछले दो-तीन दिनों से पूरा मीडिया जयंत चौधरी के लिए दिए गए बयान पर केंद्रित है, जबकि देश में अन्य महत्वपूर्ण मुद्दे भी हैं। उन्होंने कहा कि जिन विषयों पर जयंत से सवाल पूछे जा रहे हैं, वे उनके विभाग से संबंधित नहीं हैं। वैसे ही किसान नेताओं से भी गलत सवाल मीडिया कर रहा है। उनका कहना था कि प्रधानमंत्री और कृषि मंत्री से जुड़े प्रश्नों को जबरन जयंत चौधरी से जोड़कर पूछा जा रहा है। उन्होंने इसे मीडिया की अनावश्यक दखलअंदाजी बताया।

**हम सब एक है : राकेश टिकैत**

बयान में उन्होंने स्पष्ट किया कि किसान नेता अलग-अलग स्थानों पर, अलग गुट और अलग मंच पर हो सकते हैं, लेकिन विचार और संघर्ष में एकजुट हैं। उन्होंने कहा कि आवश्यकता पड़ने पर सरकार को घेरा जाएगा। जयंत चौधरी के ट्वीट का समर्थन करते हुए उन्होंने कहा कि वो कह चुके हैं कि उनको मीठे का शौक नहीं है, बात स्पष्ट है कि वो सरकार से मोह नहीं रखते और जब जरूरत होगी, जयंत जनता के बीच ही मिलेंगे। उन्होंने जोर देकर ये भी कहा कि सभी ध्यान से सुन लो हम सभी एक हैं, समाज में भ्रम फैलाकर हमें अलग नहीं किया जा सकता है। आवश्यकता पड़ी तो दिल्ली को फिर से घेर लिया जायेगा। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे भ्रमित न हों और किसान एकता बनाए रखें।

# छत्रपति शिवाजी की जयंती पर शिवसैनिकों ने लगाए जोशीले नारे



**मुज़फ्फरनगर।** छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती के अवसर पर शिवसेना कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने प्रकाश चौक स्थित शिवसेना कार्यालय पर श्रद्धा और उत्साह के साथ कार्यक्रम आयोजित किया। इस दौरान कार्यालय परिसर को भगवा ध्वज और फूल-मालाओं से सजाया गया तथा शिवाजी महाराज के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किए गए।

कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रगान और शिवाजी महाराज के जयघोष के साथ हुई। बड़ी संख्या में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने उनके जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए उनके आदर्शों को अपनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर शिवसेना के जिला अध्यक्ष बिट्टू सिखेड़ा ने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज ने राष्ट्र, धर्म और स्वाभिमान की रक्षा के लिए अपना जीवन समर्पित किया। वे एक महान योद्धा ही नहीं बल्कि दूरदर्शी प्रशासक भी थे। उनके साहस, नीति और संगठन क्षमता से आज की युवा पीढ़ी को प्रेरणा लेनी चाहिए।कार्यक्रम के अंत में सभी कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर राष्ट्रहित में कार्य करने और शिवाजी महाराज के सिद्धांतों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। इस दौरान अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे और पूरे कार्यक्रम में उत्साह व श्रद्धा का वातावरण बना रहा इस दौरान विनय कुमार, लक्ष्य प्रिंस, शैलेंद्र, मनोज कुमार, प्रिंस, निकुंज चौहान, मनोज चौधरी, ललित रुहेला, अमित कुमार व सूरज सेठी आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।

# मोबाइल की बेड़ियां तोड़ो, बचपन को आजाद करो

■ गिरधारी लाल स्कूल के बच्चों ने निकाली जागरूकता रैली

**मुज़फ्फरनगर।** समाज में बढ़ती मोबाइल फोन की लत एवं उसके बच्चों पर पड़ रहे दुष्परिणामों के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से आज गिरधारी लाल जैन मेमोरियल पब्लिक स्कूल द्वारा एक विशाल जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस रैली में कक्षा अष्टम तक के लगभग 500 छात्र-छात्राओं ने अत्यंत उत्साह एवं जोश के साथ सहभागिता की। विद्यालय के समस्त शिक्षकगण एवं कर्मचारीगण भी विद्यार्थियों के साथ कदम से कदम मिलाकर उपस्थित रहे।

रैली का शुभारंभ विद्यालय की निदेशक अलका जैन एवं के एडमिनिस्ट्रेटिव ऑफिसर गंधर गौतम जैन द्वारा नीले, काले एवं सफेद गुब्बारे उड़ाकर किया गया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि बच्चों का स्वस्थ, संस्कारित एवं संतुलित भविष्य हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है तथा डिजिटल अनुशासन वर्तमान समय की अत्यंत महत्वपूर्ण आवश्यकता है। रैली प्रात: 10 बजे विद्यालय परिसर से प्रारंभ होकर हनुमान चौक, भगत सिंह मार्ग तथा शिव चौक मार्ग से होती हुई शिव चौक के पास गोस्वामी तुलसी पार्क पर जाकर संपन्न हुई। विद्यार्थियों के हाथों में आकर्षक बैनर, जागरूकता पोस्टर, काले ध्वज एवं प्रभावशाली नारे लिखी तख्तियाँ थीं। बच्चे दुकानों एवं राहगीरों को मोबाइल फोन के अत्यधिक प्रयोग से होने वाली हानियों के संबंध में पर्चे भी वितरित कर रहे थे। विशेष रूप से विद्यार्थियों ने दुकानदारों एवं नागरिकों से हस्ताक्षर अभियान के माध्यम से यह




शपथ भी दिलवाई कि वे अपने छोटे बच्चों को अनावश्यक रूप से मोबाइल फोन उपलब्ध नहीं कराएंगे तथा उनके स्वस्थ एवं संतुलित विकास के लिए समय और संस्कार प्रदान करेंगे।

नागरिकों ने उत्साहपूर्वक हस्ताक्षर कर इस सामाजिक संकल्प का समर्थन किया। रैली के दौरान बच्चों का अनुशासन, ऊर्जा और उत्साह देखते ही बनता था। उनका अनुशासित संचलन और एक स्वर में लगाए गए नारे,मोबाइल छोड़ो, किताबों से नाता जोड़ो, स्वस्थ बचपन, उज्ज्वल भविष्य, मम्मी पापा दूर हैं कृ मोबाइल का कसूर है, परिवार हमारा कहाँ गया, मोबाइल उसको खो गया, पूरे क्षेत्र का ध्यान आकर्षित किया तथा जनमानस को गहराई से प्रभावित किया। इस अवसर पर नगर के गणमान्य नागरिक विश्वदीप गोयल, प्रदेश वरिष्ठ मंत्री शिशु कांत गर्ग अधिवक्ता , रमा नगर पूर्व पंचायत अध्यक्षा एवं विभोर सिंघल, रुपेंद्र सैनी , विभोर सिंगल, प्रशांत चौधरी, मोहित मलिक, योगेश मित्तल सहित अनेक प्रतिष्ठित व्यक्तियों ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति प्रदान कर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। समापन समारोह का सफल संचालन भूपेंद्र शर्मा द्वारा किया गया। विद्यालय की निदेशक अलका जैन ने अभिभावकों को प्रेरित करते हुए संदेश दिया कि बच्चों के सामने मोबाइल फोन का उपयोग यथासंभव कम किया जाए तथा परिवार में डिजिटल अनुशासन का वातावरण बनाया जाए, क्योंकि बच्चे वही सीखते हैं जो वे अपने घर में देखते हैं। रैली को सफल बनाने में विद्यालय के समस्त शिक्षकगण एवं कर्मचारीगण का विशेष योगदान रहा। विशेष रूप से श्री गंधर गौतम जैन, श्रीमती नीतू सिंगल , श्रीमती सोनिका गोयल, नेहा, उर्वशी, शालिनी कौशिक, रीमा गर्ग तथा प्रदीप सैनी का सहयोग सराहनीय रहा, जिनके मार्गदर्शन एवं समर्पण से आयोजन सुव्यवस्थित एवं प्रभावशाली रूप से संपन्न हुआ। इस अवसर पर बच्चों ने अपने अभिभावकों के नाम एक भावुक पत्र भी लिखा, जिसमें उन्होंने विनम्र निवेदन किया कि उन्हें अनावश्यक रूप से मोबाइल फोन न दिया जाए तथा उन्हें अधिक समय, स्नेह और मार्गदर्शन प्रदान किया जाए। विद्यार्थियों की इस भावनात्मक अपील ने उपस्थित नागरिकों को गहराई से प्रभावित किया। रैली के समापन पर बच्चों ने प्रतीकात्मक रूप से अपने हाथों में लिए मोबाइल फोन को डस्टबिन में डालकर यह प्रतिज्ञा ली कि वे आज से मोबाइल फोन का उपयोग नहीं करेंगे और अपने समय का सदुपयोग अध्ययन एवं रचनात्मक कार्यों में करेंगे। रैली की सफलता में स्थानीय पुलिस प्रशासन का भी पूर्ण सहयोग प्राप्त हुआ, जिसके लिए विद्यालय परिवार हृदय से आभार व्यक्त करता है। विद्यालय प्रशासन का खढ़ ब्विास है कि यदि समाज, अभिभावक और विद्यालय मिलकर प्रयास करें, तो बच्चों को मोबाइल की लत से बचाया जा सकता है और उन्हें एक स्वस्थ, संतुलित एवं उज्ज्वल भविष्य प्रदान किया जा सकता है।यह रैली उसी दिशा में उठाया गया एक महत्वपूर्ण, प्रेरणादायी एवं सामाजिक उत्तरदायित्व से परिपूर्ण कदम है।

# नंगला खेपड में विवाहिता की मौत, पुलिस ने शुरू की जांच

**मीरापुर।** थाना मीरापुर पुलिस को गांव नंगला खेपड में एक विवाहिता महिला द्वारा आत्महत्या की सूचना प्राप्त हुई। सूचना पर तत्काल क्षेत्राधिकारी जानसठ श्रीमती रुपाली राय चौधरी व थाना प्रभारी जानसठ मय पुलिस बल मौके पर पहुंचे तथा घटनास्थल का निरीक्षण किया गया। मृतका के शव को पोस्टमार्टम की कार्यवाही हेतु भेजा गया है साथ ही परिजनों द्वारा दहेज हत्या की आशंका जताई गयी है। थाना मीरापुर पुलिस द्वारा सभी बिन्दुओं पर गहनता से जांच कर व तहरीर प्राप्त कर आवश्यक कार्यवाही की जा रही है। गांव में विवाहिता की मौत को लेकर कई तरह की चर्चाएं भी चल रही है।

# 18 अक्टूबर को मनाया जाए अन्तर्राष्ट्रीय वैदिक ज्योतिष दिवस

**मुजफ्फरनगर।** नगर के प्रसिद्ध ज्योतिषविद् विवेक शास्त्री ने जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन दिया जिसमें उन्होंने बताया कि हमारी भारतीय वैदिक ज्योतिष पांच हजार वर्षो से अधिक समय से अस्तित्व में है और इसकी जडे भारत की प्राचीन वैदिक संस्कृति मे निहित है। वैदिक ज्योतिष के विद्वान ऋषि मुनि जैसे महर्षि पराशर, भृगु, वराहमिहिर महर्षि, लगध थे। माननीय राष्ट्रपति महोदय, हम चाहते है कि हमारे ऋषि मुनि की प्राचीन वैदिक ज्योतिष जन-जन तक पहुंचे, उसके लिए 18 अक्टूबर को अन्तर्राष्ट्रीय वैदिक ज्योतिष दिवस के रूप में मनाया जाये। हमारे पिता श्री उम्मेद कुमार जी 51 सालों से और हम 14 सालों से वैदिक ज्योतिष को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य कर रहे है।



# 27 फरवरी को बोर्ड की बजट बैठक कराने में जुटा पालिका प्रशासन

## 54 करोड़ के विकास कार्यों को मिलेगी मन्जूरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** नगर पालिका परिषद मुजफ्फरनगर में कई महीने के अंतराल के बाद होने वाली बोर्ड बैठक के लिए तैयारी शुरू करते हैं पालिका अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप ने बताया कि बोर्ड बैठक के लिए एजेंडा लगभग तैयार हो चुका है इस बोर्ड बैठक में बजट भी पारित कराने हेतु रखा जाएगा 54 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों को भी हरी झंडी मिलने की उम्मीद है बोर्ड बैठक 26 अथवा 27 फरवरी को होनी है जिसके लिए सभी विभाग तैयारी में जुटे हुए हैं एजेंडा भी कल जारी कर दिया जाएगा।

बोर्ड बैठक को दृष्टिगत रख आज राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने अधिशासी अधिकारी को पत्र भेज कर आग्रह किया कि पूर्व में हुई बोर्ड बैठक में भगवान परशुराम की भव्य प्रतिमा मंदिर के रूप में लगाने का प्रस्ताव पारित हो चुका है तथा पुलिस और नगर मजिस्ट्रेट ने भी अपनी संस्कृति शासन को भेजी हुई है जिसे जल्द ही मंजूरी मिल जाएगी अत: इस बोर्ड बैठक में भगवान परशुराम की भव्य प्रतिमा लगाने के लिए बजट का प्रावधान भी रखा जाए ताकि इस कार्य में किसी प्रकार का कोई विलंब न होने पाए।

## दूसरे दिन 298 परीक्षार्थियों ने छोड़ी परीक्षा

**मुजफ्फरनगर।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित हाई स्कूल और इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षाओं को लेकर बहुत से छात्र-छात्राएं तनाव में दिखाई दे रहे हैं।

आज इंटरमीडिएट परीक्षा के दूसरे दिन नागरिक शास्त्र की परीक्षा में 298 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे जबकि हाई स्कूल कंप्यूटर विज्ञान की परीक्षा में 27 छात्र गैर हाजिर रहे। जिला विद्यालय निरीक्षक सहित अन्य अधिकारियों ने आज भी परीक्षा केदो का निरीक्षण किया तथा केंद्र व्यवस्थापकों को सख्त दायक दी की परीक्षा को नकल विहीन संपन्न करना है।

# भोपा थाना पर एसडीएम ने ली शान्ति समिति की बैठक

**भोपा।** थाना भोपा पर बृहस्पतिवार को शान्ति समिति की बैठक का आयोजन किया गया जिसमें रमजान व आगामी होली के पर्व पर शान्ति व भाईचारे को क़ायम करने के उद्देश्य को लेकर बात की गयी। मीटिंग मे उपजिलाधिकारी जानसठ राजकुमार भारती ने कहा की त्यौहार आस्था व ख़ुशी के साथ मनाये।त्योहारों पर आपसी भाईचारा क़ायम करें। गलत बात का समर्थन बिलकुल न करें। अच्छे व्यवहार से समाज को शालीन व सभ्य तथा मज़बूत बनाने मे सहयोग प्रदान करें।क्षेत्राधिकारी देवव्रत वाजपेयी ने कहा की त्योहारों पर कानून का उलंघन बिलकुल न करें,सोशल मीडिया के दुरपयोग से बचें। थाना प्रभारी निरीक्षक जसवीर सिंह ने शान्ति भंग करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का प्रावधान है। इस अवसर पर मुख्य रूप से विनोद शर्मा, अजय कृष्ण शास्त्री,प्रधान भोपाल सिंह,सुनील कुमार,बलविन्द्र सिंह,शौकीन प्रधान,साजिद प्रधान,विकास सहरावत,अली मोहम्मद,मौ. फुरकान,मुरतजा ककराला,ज़ाहिद हुसैन,मदनपाल,प्रधान मौ. उस्मान,प्रधान महताब,प्रधान शान मोहम्मद,रजनीश शर्मा,इस्लाम अंसारी,प्रिंसपाल,दिव्यांशु,संजीव शील,रमानंद आदि मौजूद रहे।



## स्पीकर के फटकराने से मंत्री नरेन्द्र कश्यप के समर्थक मायूस

**मुजफ्फरनगर।** स्पीकर सतीश महाना ने यूपी सरकार के मंत्री नरेंद्र कश्यप को फटकारा। स्पीकर के मना करने के बाद भी बोले चले जा रहे थे मंत्री। स्पीकर ने कहा बैठ जाइए वरना माइक बंद करवा दूंगा।

उत्तर प्रदेश की विधानसभा में बजट पर चर्चा चल रही है। दो और सीनियर मंत्री आज स्पीकर से भरे सदन में डांट खाए हैं।

सतीश महाना विधि पूर्वक और संसदीय तरीके से सदन चलाते हैं। उनकी देश भर में बड़ी ख्याति है कि यूपी की विधानसभा को सबसे बेहतर तरीके से वो संचालित करते हैं। जहां की निष्पक्षता की विपक्ष से लेकर मीडिया तक में तारीफ होती है और सदन की चर्चाओं को आम लोग भी खूब सुनते हैं। मंत्री नरेंद्र कश्यप मुजफ्फरनगर में ही रहते हैं।

# अवैध असलाह के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**मोरना।** पुलिस ने चेकिंग अभियान के दौरान दो संदिग्ध युवको गिरफ्तार कर लिया जिनके पास अवैध असलाह को बरामद किया गया। आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जेल भेजा गया।

भोपा थाना प्रभारी निरीक्षक जसवीर सिंह ने बताया की सीकरी चौकी प्रभारी सपन चौधरी क्षेत्र के धीराहेड़ी तिराहे पर चेकिंग अभियान चलाये हुए थे।चेकिंग के दौरान दो संदिग्ध युवकों को हिरासत मे लेकर पूछताछ की गयी।जिनकी पहचान प्रद्युमन सहरावत उर्फ़ राजन व निखिल उर्फ़ फाटा निवासी मोहल्ला चौक कस्बा भोकरहेड़ी के रूप मे हुई।तलाशी के दौरान प्रद्युमन सहरावत उर्फ़ राजन से एक मस्कट व जिन्दा कारतूस बरामद हुआ जबकि निखिल उर्फ़ फाटा के पास से एक तमंचा कारतूस बरामद हुआ है। दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर चालान कर दिया।थाना प्रभारी निरीक्षक जसवीर सिंह ने बताया की आरोपी अवैध असलाह की तस्करी कर रहे थे।

# लखनऊ घटना पर भड़की कांग्रेस, राज्यपाल के नाम एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** लखनऊ में आयोजित 'मनरेगा बचाओ संग्राम' के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर हुए कथित लाठीचार्ज को लेकर खतौली में कांग्रेस पदाधिकारियों ने कड़ा विरोध दर्ज कराया। गुरुवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन करते हुए महामहिम राज्यपाल के नाम एक ज्ञापन उपजिलाधिकारी निकिता शर्मा को सौंपा।

कांग्रेस नेताओं का कहना है कि 17 फरवरी 2026 को उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आ]वान पर लखनऊ में विधानसभा घेराव कार्यक्रम रखा गया था। आरोप है कि शांतिपूर्वक मार्च कर रहे कार्यकर्ताओं पर पुलिस ने अचानक बल प्रयोग किया, जिसमें कई लोग घायल हुए। नेताओं ने दावा किया कि इस घटना में प्रदेश अध्यक्ष अजय राय भी चोटिल हुए।ज्ञापन में सरकार की कार्रवाई को दमनात्मक और लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन बताया गया है।



कांग्रेस पदाधिकारियों ने राज्यपाल से पूरे प्रकरण में हस्तक्षेप करते हुए निष्पक्ष जांच कराने तथा दोषी पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष योगेश खारी, ब्लॉक अध्यक्ष बाबूराम कसाना, नवाजिश, नगर अध्यक्ष दिलशाद, सतपाल व्यापार मंडल सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। कांग्रेस नेताओं ने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि मांगों पर शीघ्र निर्णय नहीं लिया गया तो आंदोलन को व्यापक रूप दिया जाएगा।

# विवाह का दबाव बनाकर छेड़छाड़,व दुष्कर्म का प्रयास,आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** विवाह का दबाव बनाकर नाबालिग के साथ छेड़छाड़ करने व दुष्कर्म का प्रयास करने सहित आरोपी की बहन द्वारा इंस्टाग्राम पर गाली गलौज करने का आरोप पीड़ित पक्ष ने लगाते हुए कार्रवाई की मांग की।पुलिस ने दोनों भाई बहन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आरोपी युवक को गिरफ्तार कर न्यायलय के समक्ष पेश किया है।

थाना भोपा क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने थाने पर मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया की बीते 24 जनवरी को उसकी 17 वर्षीय पुत्री को एक युवक बहका फुसलाकर ले गया था जहां आरोपी ने पीड़िता के साथ गलत काम करने की कोशिश की व विवाह का दबाव बनाया पीड़िता के द्वारा विरोध करने पर आरोपी ने छेड़छाड़ की आरोपी ने उसके इंस्टाग्राम पर मैसेज भेजकर जबरदस्ती शादी की धमकी भी दी।पीड़िता ने परिजनों को यह बात बताई बदनामी के भय से पीड़िता के परिजनो ने बात को छिपाई किन्तु आरोपी लगातार मैसेज कर बदनाम करने लगा और भगा ले जाने की धमकी देने लगा ।



आरोपी की बहन द्वारा मैसेज कर गाली गलौज भी की गयी थाना प्रभारी निरीक्षक जसवीर सिंह ने बताया की आरोपी अर्जुन व अन्नु निवासी छछरौली के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर अर्जुन को गिरफ्तार कर न्यायलय के समक्ष पेश किया गया है

# कार की टककर से बाइक सवार घायल



**मोरना।** भोपा थाना क्षेत्र के कस्बा भोकरहेड़ी मे मोरना मार्ग पर अज्ञात कार की टककर से बाईक सवार घायल हो गया। घायल को उपचार के लिए भोपा के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर लाया गया।

शामली जनपद के थाना-थानाभवन क्षेत्र के गांव मसावी निवासी जुबैर राणा ने बताया की वह अपने साथी शाहवेज़ राणा के साथ बाईक द्वारा मसावी गांव से अपनी बहन के घर ककरौली जा रहे थे जैसे ही वह भोकरहेड़ी मे मोरना मार्ग पर पहुँचे तभी एक कार ने उन्हें टककर मार दी जिसमे उसका साथी शाहवेज़ राणा घायल हो गया घायल को भोपा के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर पहुंचाया गया। जुबैर ने बताया की अज्ञात कार चालक मौक़े से फरार हो गया।

**अदालती समन**

**वाद के निस्तारण हेतु प्रतिवादी की उपस्थिति के लिए समन**

**(आदेश 5 नियम 1 ओर 5)**

**न्यायालय- श्रीमान सिविल जज सी0डि0/एफ0टी0सी0, मुजफ्फरनगर।**

वाद संख्या - 324 सन 2021

01- श्रीमान मीना रानी पत्नि स्व0 श्री ओमप्रकाश शर्मा

02- अजय शर्मा, 03-विजय शर्मा पुत्रगण स्व0 श्री ओमप्रकाश निवासीगण ग्राम तिगी परगना व तह0 जिला मु0 नगर। हाल निवासीगण 9-84 वाई 8, जी-2, श्री साईनाथ अपार्टमेन्ट बसंतपुर कालोनी जिला मलकाज गिरी हैदराबाद द्वारा पावर आफ अटोर्नी श्रीमति कल्पना चन्द्रा वादिया नं 04 पावर आफ अटोर्नी दिनांकित 02.12.2026

04- श्रीमति कल्पना चन्द्रा पत्नी श्री जी0एन0 मोहन चन्द्रा पुत्री स्व0 ओमप्रकाश शर्मा ग्राम तिगी परगना व तहसील खतौली जिला मुजफ्फरगनर हाल निवासी 9-84 वाई 8, जी-2, श्री साईनाथ अपार्टमेन्ट बसंतपुर कालोनी जिला मलकाज गिरी हैदराबाद। .................................**वादिगण**

**बनाम**

1-नवीन कुमार, 2-मनोज शर्मा पुत्रगण स्व0 ओमप्रकाश शर्मा निवासीगण ग्राम तिगाई परगना व तहसील खतौली जिला मुजफ्फरगनर।

3-राकेश शर्मा पुत्र ओमप्रकाश शर्मा निवासी ग्राम तिगाई परगना व तहसील खतौली जिला मुजफ्फरगनर हाल निवासी 9-84 वाई 8, जी-2, श्री साईनाथ अपार्टमेन्ट बसंतपुर कालोनी जिला मलकाज गिरी हैदराबाद।

4-शितान्शु कमल पुत्र ऋषिराम कमल, 5-श्रीमति शोभारानी पत्नी ओमप्रकाश समस्त निवासी गण ग्राम शहबाजपुर तिगाई परगना व तहसील खतौली जिला मुजफ्फरगनर। .................................**प्रतिवादीगण**

आपको इस समन द्वारा सूचित किया जाता है कि उपरोक्त वादीगण ने आपके विरूद्ध सिविल वाद संस्थित किया है। आपको इस न्यायालय में उक्त वाद का उत्तर पत्र आदि प्रस्तुत करने के लिए उपसंजात होने के लिए दिनांक 10-03-2026 को प्रात: 10.30 बजे नियुक्त करके यह समन प्रेषित किया जाता है। आप नियत दिनांक को न्यायालय में स्वय या अपने अधिकृत पैरोकार, अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हो सकते है। जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो ओर जो इस वाद से संबंधित सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके। आपको उसी दिन अपने उन सभी साक्षियों को या उन से संबंधित सभी सारवान प्रपत्रों साक्ष्यों को पेश करने के लिए तैयार रहना चाहिए जिन पर आप सभी प्रतिरक्षा के लिए निर्भर रहना चाहते हैं। आपको यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर वर्णित तिथि को इस न्यायालय में उक्त वाद के निस्तारण के समय उपसंजात उपस्थित नहीं होंगे तो उस दशा में उक्त वाद का निस्तारण आप की अनुपस्थिति में गुण दोष पर किया जायेगा। आज दिनांक 12.01.2026 को मेरे हस्ताक्षर व मोहर अदालत से जारी किया गया।

आज्ञा से
मुंसरिम/ रीडर
सिविल जज (सी0डि0) / एफ0टी0सी0, मुजफ्फरनगर।

# सरकारी सम्पत्ति को फर्जी तरीके से बेचने वाले भूमाफियाओं पर कब हो कानूनी कार्रवाई

**चरथावल।** क्षेत्र में सरकारी जमीनों को फर्जी तरिके से बेचने का मुद्दा एक बार फिर चर्चा में है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि वर्षों से सक्रिय भूमाफिया सरकारी भूमि पर कब्जा कर उसे बेचने का काम करते रहे, लेकिन अब तक प्रभावी कार्रवाई नहीं हो सकी है।

सूत्रों के अनुसार, चरथावल थाने में कई भूमाफियाओं के खिलाफ ऐसे मुकदमे दर्ज है जिनमे की भूमाफियाओ ने अनेको लोगो का गेंग बनाकर सरकारी जमीन का बैनामा करके उसे हड़पने की साजिश रची हो और इनके खिलाफ मुकदमे भी दर्ज हुए थे । बावजूद इसके, कार्रवाई की रफ्तार धीमी होने से क्षेत्रवासियों में असंतोष बढ़ता जा रहा है। लोगों का कहना है कि पूर्व की सरकारों के संरक्षण के चलते इन भूमाफियाओं के हौसले बुलंद रहे और सरकारी जमीनों का खुलेआम सौदा किया जाता रहा।

स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि यह भूमाफिया एक गेंग बनाकर जो कीमती जमीने रोड पर या अच्छी लोकेशन पर पड़ी थी उस पर अपनी नजर गढाकर उसे हथियाने की साजिश रचते थे और जहाँ इन पर मुकदमे भी दर्ज हुए थे लेकिन पुरानी सरकारों के चलते यह भूमाफिया जोकि सरकारी जमीनो को बेच चुके है अब तक कार्यवाही से किस आधार पर बचे हुए है अब चुकी प्रदेश मे योगी की सरकार मे बड़े बड़े भूमाफिया भूमिगत हो चुके है और उन भूमाफियाओ पर कड़ी कानूनी कार्यवाही हो चुकी है बावजूद उसके चरथावल मे यह भूमाफिया जोकि सरकारी जमीनो को बेच चुके है किस कारण अब तक कानूनी कार्यवाही से बचे हुए है वही क्षेत्रवासियो ने इस भूमाफियाओ पर कड़ी से कड़ी कार्यवाही योगी सरकार मे करने की मांग की है ताकि भविष्य मे कोई भी व्यक्ति किसी सरकारी जमीन पर कब्जा करने की नियत से उसे खरीद या बेच न सके अब इन लोगो पर शासन स्तर से कार्यवाही होने की उम्मीद आम जनता को जगी है। कई मामलों में शिकायतें और मुकदमे दर्ज होने के बाद भी जमीनों को कब्जामुक्त नहीं कराया गया है। अब क्षेत्र की जनता प्रशासन से स्पष्ट जवाब चाहती है कि दर्ज मुकदमों में आरोपियों पर ठोस कार्रवाई कब होगी? क्या अवैध रूप से बेची गई सरकारी जमीनों को वापस कब्जामुक्त कराया जाएगा?प्रशासनिक सूत्रों का कहना है कि सरकारी भूमि की सुरक्षा को लेकर शासन स्तर से सख्त निर्देश हैं और जिन मामलों में मुकदमे दर्ज हैं, उनकी जांच की जा रही है। दोषियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई का आश्वासन भी दिया गया है।फिलहाल, क्षेत्र में यह मुद्दा राजनीतिक और सामाजिक दोनों स्तरों पर चर्चा का विषय बना हुआ है। अब देखना यह है कि प्रशासन अवैध कब्जाधारियों के खिलाफ कब और कितनी प्रभावी कार्रवाई करता है।

# आईसीआईसीआई बैंक में सेवाएं देंगे श्रीराम कॉलेज के छात्र

**मुजफ्फरनगर।** श्रीराम ग्रुप ऑफ कॉलेजेज, ने डिस्ट्रिक्ट एम्पलॉमेंट एक्सचेंज, के साथ मिलकर प्रतिष्ठित पैन इण्डिया कम्पनी आईसीआईसीआई बैंक लि को श्री राम ग्रुप ऑफ कालेजेज के विभिन्न पाठ्यक्रमों यथा-एमबीए, एमसीए, एमएससी के विद्यार्थियों के चयन हेतु संस्थान में आमंत्रित किया।

कम्पनी प्रतिनिधि रजत, वैभव चौहान, जिला रोजगार अधिकारी, मुजफ्फरनगर पारुल सिंघल को संस्थान के निदेशक डॉ0 एस0एन0 चौहान एवं चीफ ट्रेनिंग एण्ड प्लेसमेंट कोर्डिनेटर, आशीष चौहान ने पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया।

आईसीआईसीआई बैंक, मुम्बई में मुख्यालय वाला एक प्रमुख भारतीय बहुराष्ट्रीय निजी क्षेत्र का बैंक और वित्तीय सेवा कम्पनी है जो बैंकिंग, बीमा व निवेश उत्पादकों की एक व्यापक श्रंखला प्रदान करती है।

प्लेसमेंट प्रक्रिया को 4 चरणों मे विभाजित किया गया। प्रथम चरण में ऑनलाइन पंजीकरण, द्वितीय चरण में ऑनलाइन स्क्रीनिंग टैस्ट, तृतीय चरण में ऑनलाइन एचआर साक्षात्कार का आयोजन किया गया। इस चयन प्रक्रिया के प्रथम चरण मे श्री राम ग्रुप ऑफ कॉलेजेज के 97 छात्र/छात्राऐं सम्मिलित हुये जिसमें से 34 छात्र/छात्राऐं अन्तिम चरण के लिये चयनित हुये। अंतिम चरण के साक्षात्कार हेतु कम्पनी ने चयनित हुए छात्रों को अपने कार्यालय में आमंत्रित किया। अंतिम रूप से चयनित हुए छात्रों को कम्पनी द्वारा 3.5 एलपीए तक के पैकेज पर कम्पनी में नियुक्त किया जायेगा।

इस अवसर पर श्रीराम ग्रुप ऑफ कॉलेजेज, मुजफ्फरनगर के चेयरमैन डॉ0 एस0सी0 कुलश्रेष्ठ ने सभी चयनित विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनका उत्साहवर्द्धन किया। श्रीराम ग्रुप ऑफ कॉलेजेज, मुजफ्फरनगर के सचिव संकल्प कुलश्रेष्ठ ने यह भी कहा कि विद्यार्थियों को स्वकेन्द्रित, अनुशासित एवं अपने समय का सदुपयोग करते हुए शिक्षा पर ध्यान केन्द्रित करना चाहिये ताकि वे भविष्य में आत्मनिर्भर हो सकें। अत: विद्यार्थियों को चाहिए कि कॉलेज द्वारा आयोजित हर गतिविधि में भाग लेकर अवसर का लाभ उठायें एवं संस्थान द्वारा समय-समय पर आयोजित किये जाने वाले प्लेसमेंट ड्राइव में प्रतिभाग करते रहना चाहिए।

जिला रोजगार अधिकारी, मुजफ्फरनगर मिस पारुल सिंघल ने कहा कि श्रीराम ग्रुप ऑफ कॉलेजेज के छात्रों से मिलने के बाद लगा कि यहां के छात्र निश्चित ही प्रतिभा के धनी हैं जिसका श्रेय निश्चित ही संस्था के इन्फ्रस्ट्रक्चर तथा यहां के शिक्षकों को जाता है जो कि छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिये निरन्तर ही कार्यरत हैं।

इस अवसर पर श्रीराम ग्रुप ऑफ कॉलेजेज के संस्था के निदेशक डॉ0 एस.एन. चौहान ने कहा कि प्लेसमैन्ट सैल के निरन्तर एवं सराहनीय प्रयासों के कारण संस्थान के अनेक छात्र/छात्राओं का कई प्रतिष्ठित राष्ट्रीय एवं बहुराष्ट्रीय कम्पनियों में चयन हुआ है। उन्होंने कहा कि संस्थान का प्लेसमेंट सेल बहुत अधिक लगन, अथक प्रयास एवं कठिन परिश्रम से अपने कार्यों का संचालन कर रहा है जो इस बात का उदाहरण है कि कि सभी संकाय के विद्यार्थी सभी प्रकार से प्रतिभा सम्पन्न हैं तथा निश्चित ही वे आगे चलकर अपने संस्थान, जनपद एवम् राष्ट्र का नाम अंतर्राष्ट्रीय पटल पर उज्ज्वल करेंगे।

इस अवसर पर श्रीराम ग्रुप ऑफ कोलेजेज, मुजफ्फरनगर के एकीकृत परिसर को फिरोज अली, विभागाध्यक्ष, सिविल इंजी0, डॉ0 अंकुर कुमार, विभागाध्यक्ष, इलेक्ट्रिकल इंजी0, इं0 कनुप्रिया, विभागाध्यक्ष, इलेक्ट्रॉनिक्स एण्ड कम्युनिकेशन इंजी0, श्री पवन चौधरी, विभागाध्यक्ष, मैकेनिकल इंजी0 ने कम्पनी प्रतिनिधियों को स्मृति चिन्ह् भेंट कर उनका आभार प्रकट किया एवं सभी चयनित विद्यार्थियों को शुभकामानाएं दीं।

संस्था के चीफ ट्रेनिंग एण्ड प्लेसमेन्ट कॉर्डिनेटर प्रो0 आशीष चौहान ने कंपनियों के प्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया और उनसे भविष्य में श्रीराम ग्रुप ऑफ कॉलेजेज से जुड़े रहकर ट्रेनिंग एण्ड प्लेसमेंट प्रक्रियाओं को मजबूत बनाने का आग्रह किया एवं सभी चयनित छात्र/छात्राओं को बधाई दी।कार्यक्रम का कुशल संचालन इं0 नितिशा त्यागी ने किया। मुख्य प्लेसमेंट अधिकारी श्री आशीष चौहान के निर्देशन में कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में चित्रा श्रीवास्तव एवं विभिन्न पाठ्क्रमों के सभी प्रवक्ताओं का विशेष योगदान रहा।

**सम्बन्ध विच्छेद**

मैं अनिल पुत्र सियाराम निवासी ग्राम हरियाखेड़ा तहसील व कोतवाली बुढ़ाना जिला मुजफ्फरनगर का निवासी हूं। मेरी पुत्रवधू ज्योति पत्नि स्वर्गीय रवि मेरे कहने में नही है। उसकी उठ बैठ गलत जगहों पर है। वह जिला बागपत की बड़ौत तहसील क्षेत्र के गांव सूप निवासी नरेश पाल की पुत्री है। ज्योति मुझसे आये दिन झगडा करती रहती है। में उसकी इन हरकतों से तंग हूं। इसलिए में व मेरा परिवार डरा हुआ है। में अपने स्वर्गीय पुत्र रवि की पत्नि ज्योति को उसकी हरकतों से तंग आकर अपनी समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में ज्योति पत्नी स्वर्गीय रवि अपने किसी अच्छे बुरे कृत्य की खुद जिम्मेदार होगी। मेरी या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नही होगी।

**सूचना**

मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र स0 क्रमश:11264/01.10.20 मे गलती से माता का नाम् 'खुशबु शर्मा' अंकित करा दिया गया जबकि वास्तविक नाम 'खुशबु अरोरा' है और भविष्य मे भी इसी नाम से जाना जायेगा। शुद्धिकरण हेतु आवेदन पत्र सम्बन्धित विभाग मे प्रस्तुत किया जा रहा है।

**रवि अरोरा**
**निवासी - गोलोक धाम**
**जिला मुज़फ्फरनगर।**

# माउंट लिट्रा ज़ी स्कूल में क्षेत्रीय विद्यालय निदेशक का प्रेरक संवाद कार्यक्रम आयोजित

**मुजफ्फरनगर।** लिंक रोड स्थित माउंट लिट्रा ज़ी स्कूल में आज ज़ी लर्न लिमिटेड से आरएसडी (रीजनल स्कूल डायरेक्टर)कोमल तोमर का गरिमामयी आगमन हुआ।

इस अवसर पर कोमल तोमर ने वर्तमान शैक्षणिक सत्र में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों के अभिभावकों से संवाद स्थापित किया। उन्होंने अभिभावकों को संस्था की नवीन एवं उन्नत शैक्षणिक पद्धति से अवगत कराते हुए बताया कि विद्यालय केवल पाठ्य-पुस्तक आधारित शिक्षा तक सीमित न रहकर विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, शैक्षणिक, नैतिक, सामाजिक एवं कौशल विकास पर विशेष बल देता है। उन्होंने आधुनिक तकनीक, अभिनव शिक्षण विधियों एवं गतिविधि-आधारित अधिगम की उपयोगिता पर भी प्रकाश डाला।

कार्यक्रम के दौरान उन्होंने विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं से भी संवाद किया तथा उन्हें नवीन शिक्षण तकनीकों एवं प्रभावी कक्षा-प्रबंधन के विषय में मार्गदर्शन प्रदान किया, ताकि शिक्षा को और अधिक रोचक, प्रभावशाली एवं वर्तमान परिवेश के अनुरूप बनाया जा सके।



अभिभावकों एवं शिक्षकगणों ने कोमल तोमर के विचारों की सराहना करते हुए इसे ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायी बताया।विद्यालय की निर्देशिका चारु भारद्वाज एवं प्रधानाचार्य डॉ. के. जी. अरोरा ने कोमल तोमर का आभार व्यक्त करते हुए उन्हें स्मृति-चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। साथ ही उपस्थित सभी अभिभावकों का भी धन्यवाद ज्ञापित किया, जिन्होंने अपना अमूल्य समय देकर कार्यक्रम को सफल बनाया तथा विद्यालय की नवीन शैक्षणिक पहल को समझने में सक्रिय सहभागिता निभाई। विद्यालय परिवार ने विश्वास व्यक्त किया कि इस प्रकार के प्रेरक संवाद कार्यक्रम भविष्य में भी शिक्षा की गुणवत्ता को और अधिक सुख्रढ़ बनाने में सहायक सिद्ध होंगे।

# भोकरहेड़ी के बुजुर्ग व्यक्ति के निधन से शोक की लहर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** क्षेत्र के कस्बा भोकरहेड़ी मे सबसे बुजुर्ग नागरिक व सम्मानित पुरोहित पंडित ईश्वर चंद कौशिक का 105 वर्ष की आयु मे बृहस्पतिवार की सुबह निधन हो गया उनके निधन से कस्बे मे शोक की लहर दौड़ गयी है।

कस्बा भोकरहेड़ी के मोहल्ला बाजार निवासी पंडित ईश्वरचंद कौशिक पुत्र पंडित श्रीरामचंद कौशिक का जन्म 1920 मे हुआ था उनका परिवार धार्मिक अनुष्ठान कराने के लिए जाना जाता है। वह कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे। कुछ समय पूर्व तक वह प्रतिदिन घर से पांच किलोमीटर दूर तीर्थ नगरी शुक्रताल मे गंगा स्नान के लिए पैदल जाया करते थे। उच्च स्वास्थ्य तथा स्वाभिमान के धनी पंडित ईश्वरचंद कौशिक शालीन व सभ्य तथा व्यवहारिकता के लिए जाने जाते थे। स्वर्गीय ईश्वरचंद कौशिक के परिवार मे दो पुत्र रमेशचंद कौशिक, महेशचंद कौशिक व 80 वर्षीय पुत्री प्रेमवती शर्मा हैं। इसके अलावा पौत्र राजीव, सोनू, बिट्टू,मोहित,राहुल,मोनू, सुधीर प्रपोत्र आरव, अर्णव, सक्षम,



अनुभव हैँ। पंडित ईश्वरचंद शर्मा के निधन पर कस्बे के चेयरपरसन पति रमेशचंद वामन सहित पूर्व चेयरमैन कैप्टन ज्ञानेंद्र सिंह,पूर्व चौयरमैन राजेश कुमार, डॉक्टर चंद्रपाल सिंह, काजी मोहम्मद आकिल, प्रमोद कुमार, रामकुमार शर्मा,देवेन्द्र शर्मा,राहुल सभासद, धीरेन्द्र सिंह, रामबीर सिंह,प्रदीप कुमार सहरावत,उदयवीर सिंह प्रकाश शर्मा,सत्यप्रकाश गर्ग, मोहित गर्ग,भाजपा नेता रविन्द्र वाल्मीकि आदि ने शोक प्रकट किया है।

# महिलाओं को सुरक्षित और सम्मानजनक व्यवहार को प्रो. डॉ.रचना त्यागी ने सभी को दिलाई शपथ

**मुजफ्फरनगर।** जिलाधिकारी उमेश मिश्रा एवं मुख्य विकास अधिकारी कण्डारकर कमल किशोर देशभूषण के निर्देशन में डॉ राजीव कुमार द्वारा महिलाओं का कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न ( प्रतितोष, प्रतिषेध एवम निवारण) अधिनियम 2013 के अन्तर्गत कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें डी ए वी पीजी कॉलेज, मुज़फ्फर नगर के एन एस एस वालंटियर्स द्वारा प्रतिभाग किया गया।

अधिनियम का उद्देश्य महिलाओं के लिए एक सुरक्षित, गरिमापूर्ण और अनुकूल कार्य वातावरण बनाना तथा उन्हें यौन उत्पीडन के विरुद्ध सुरक्षा प्रदान करना है।

उक्त कार्यशाला में उपस्थित सभी को डॉ राजीव कुमार सदस्य द्वारा

पॉश एक्ट 2013 के अंतर्गत

महिलाओं की कार्यस्थल पर सुरक्षा एवं गरिमा हेतु सभी सरकारी/गैर सरकारी संस्थानों/संगठनों/ शैक्षणिक संस्थानों/ कार्यालयों/ अस्पतालों व असंगठित क्षेत्रों /अन्य कार्यस्थलों पर आंतरिक समिति व




जनपद स्तर पर गठित स्थानीय समिति, SHe-BoÛ तथा अन्य महत्वपूर्ण प्रावधानों के विषय में जानकारी प्रदान की गई।

महिला सुरक्षा एवं सम्मानष विषय पर प्रश्नोत्तरी का आयोजन, सफल प्रतिभागियों नबिया, गुलजंहा, प्रीति,वंशिका, कायम व सुम्बुल को सम्मानित किया गया।

मुज़फ्फर नगर के शैक्षिक संग्रहालय में पॉश अधिनियम 2013 पर आयोजित कार्यशाला में डी ए वी पी जी कॉलेज, मुज़फ्फर नगर के एन एस एस कार्यक्रम अधिकारी, अन्य प्रोफेसर व वालंटियर्स द्वारा प्रतिभाग किया गया। उक्त कार्यशाला में डी ए वी पीजी कॉलेज, मुज़फ्फर नगर के प्राचार्य प्रो. डॉ योगेश कुमार के मार्गदर्शन में एन एस एस कार्यक्रम अधिकारी प्रो. डॉ संजीव कुमार, प्रो. डॉ रचना त्यागी, प्रो. डॉ योगेश, प्रो. डॉ आसिफ व वालंटियर पलक की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# रफ्तार का कहर: कार की टक्कर से दंपती और आठ साल की बच्ची घायल, मेरठ रेफर

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** थाना खतौली क्षेत्र में गुरुवार को तेज रफ्तार का खौफनाक मंजर देखने को मिला, जब एक बेकाबू कार ने बाइक सवार परिवार को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में पति-पत्नी और उनकी आठ वर्षीय मासूम बेटी गंभीर रूप से घायल हो गए। तीनों को प्राथमिक उपचार के बाद मेरठ के सुभारती मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है, जहां उनका इलाज जारी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, शेखपुरा गांव के मोहल्ला आर्यपुरी निवासी कौशल कुमार के दामाद अमित कुमार (निवासी भंगेला) अपनी पत्नी वर्णिका और पुत्री सैंजल के साथ बाइक (यूपी-12 एई 5633) से भूड़ बाजार से सामान खरीदकर लौट रहे थे। जैसे ही वे भूड़ स्थित बैंक के सामने पहुंचे, तभी तेज गति से आई फॉक्सवैगन पोलो कार (यूपी-14 डीए 4192) ने उनकी बाइक में जबरदस्त टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक टक्कर इतनी भीषण थी कि तीनों उछलकर सड़क पर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद स्थानीय निवासी सुधांशु मेहरा और बिटू टांक ने मानवीयता दिखाते हुए राहगीरों की मदद से घायलों को ई-रिक्शा के जरिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। वहां चिकित्सकों ने हालत गंभीर देखते हुए तीनों को हायर सेंटर रेफर कर दिया। बताया जा रहा है कि अमित कुमार नोएडा में नौकरी करते हैं, जबकि उनके बच्चे खतौली में ननिहाल में रहकर पढ़ाई कर रहे हैं। वह 15 फरवरी को परिवार से मिलने आए थे।

पीड़ित पक्ष के कौशल कुमार ने कोतवाली में कार चालक के खिलाफ तहरीर देकर सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और दुर्घटनाग्रस्त वाहन को कब्जे में ले लिया है।

## गलत दिशा से आए ट्रक ने महिला को रौंदा

**खतौली।** थाना क्षेत्र में बुधवार दोपहर एक दर्दनाक सड़क हादसे में तेज रफ्तार और गलत दिशा से आए ट्रक ने पैदल जा रही महिला को कुचल दिया। हादसे में महिला का एक पैर बुरी तरह क्षत-विक्षत हो गया। प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने उन्हें दिल्ली रेफर कर दिया। मोहल्ला काजियान निवासी मोबिना पत्नी शरीफ अहमद दोपहर करीब 12 बजे किसी कार्य से घर से निकली थीं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, जैसे ही वह भैंसी टायर वालों के सामने पहुंचीं, तभी गलत दिशा से आ रहे ट्रक संख्या UP-19 AT-6107 ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि महिला का एक पैर पूरी तरह कुचल गया और वह सड़क पर गिर पड़ीं। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। राहग. ीरों ने तत्परता दिखाते हुए घायल महिला को स्थानीय अस्पताल पहुंचाया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए दिल्ली रेफर कर दिया। पीड़िता के रिश्तेदार दिलशाद पुत्र जमीरुद्दीन ने कोतवाली पहुंचकर ट्रक चालक के खिलाफ तहरीर दी है और कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## बुजुर्ग महिला को तेज रफ्तार वाहन ने मारी टक्कर

**खतौली।** खतौली कोतवाली क्षेत्र की सैनी नगर कॉलोनी में गुरुवार को दर्दनाक सड़क हादसे ने पूरे इलाके को गमगीन कर दिया। जांच रिपोर्ट लेने डॉक्टर के यहां गई 70 वर्षीय बुजुर्ग महिला की अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में मातम पसर गया और मोहल्ले में शोक की लहर दौड़ गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार सैनी नगर निवासी जगदीश वर्मा की पत्नी सरोज पिछले काफी समय से अस्वस्थ चल रही थीं। उनका भवानी मार्ग स्थित एक चिकित्सक के यहां उपचार चल रहा था। गुरुवार को वह अपनी जांच रिपोर्ट लेने के लिए डॉक्टर के पास गई थीं। रिपोर्ट लेने के बाद जब वह पैदल घर की ओर लौट रही थीं, तभी जीटी रोड पर तेज रफ्तार से आए एक अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि महिला सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गईं। हादसे के तुरंत बाद मौके पर भीड़ जमा हो गई। राहगीरों ने तत्परता दिखाते हुए घायल महिला को मेट्रो की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, खतौली पहुंचाया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उनकी हालत नाजुक देखते हुए उन्हें मेरठ के अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। बताया गया कि मेरठ में उपचार के दौरान महिला ने दम तोड़ दिया। हादसे की सूचना मिलते ही परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार कर दिया गया। पुलिस अज्ञात वाहन और उसके चालक की तलाश में जुटी हुई है तथा मामले की जांच की जा रही है।


मुजफ्फरनगर: जिला अस्पताल में दवाई लेने हेतु आज भी लगी रही लम्बी कतार।

# पांच लाख का लोन दिलाने के नाम पर ठगी

**खतौली।** कस्बे में लोन दिलाने का झांसा देकर ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। स्वयं को मेरठ की एक लोन कंपनी का प्रतिनिधि बताने वाले दो युवकों ने पांच लाख रुपये का लोन दिलाने का भरोसा देकर दो महिलाओं से 26 हजार रुपये ऐंठ लिए। बाद में आरोपितों ने अतिरिक्त रकम की भी मांग की। पीड़ित महिलाओं ने कोतवाली में नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।भवानी रोड निवासी मीनाक्षी पत्नी विनीत और सोनिया के अनुसार कुछ दिन पहले दो युवक उनके घर पहुंचे थे। उन्होंने खुद को मेरठ स्थित एक फाइनेंस कंपनी का कर्मचारी बताते हुए पांच लाख रुपये का लोन स्वीकृत कराने का आश्वासन दिया। आरोप है कि प्रोसेसिंग फीस और दस्तावेजी कार्यवाही के नाम पर रकम की मांग की गई। झांसे में आकर सोनिया ने 20 हजार रुपये तथा मीनाक्षी ने 5 हजार रुपये आरोपितों को दे दिए। रकम लेने के बाद दोनों युवक वहां से चले गए। काफी समय तक लोन की कोई प्रक्रिया आगे न बढ़ने पर जब महिलाओं ने दिए गए मोबाइल नंबरों पर संपर्क किया तो आरोपितों ने पांच हजार रुपये और देने की मांग कर दी। तब महिलाओं को अपने साथ ठगी का अहसास हुआ।गुरुवार को दोनों पीड़ित महिलाएं कोतवाली पहुंचीं और आरोपितों के खिलाफ नामजद तहरीर दी। पुलिस का कहना है कि शिकायत के आधार पर जांच शुरू कर दी गई है और संदिग्धों की तलाश की जा रही है। कस्बे में बढ़ती ठगी की घटनाओं से लोगों में चिंता का माहौल है। पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि किसी भी अनजान व्यक्ति को पैसे देने से पहले उसकी पूरी जानकारी और सत्यापन अवश्य कर लें।

# छात्रों ने बाइक को बनाया कार... एक बाइक पर सवार थे पांच नाबालिग किशोर

**बुढ़ाना।** एक ही बाईक पर सवार होकर कोचिंग सेंटर में पढ़ने के लिए जा रहे पांच नाबालिग छात्रों को बुढ़ाना पुलिस ने चौकिंग के दौरान रोक लिया और उनको कड़ी फटकार लगाते हुए बाइक सीज करते हुए चेतावनी देकर छोड़ दिया। इनछ छात्रों ने बाइक को कार का रुप दिया हुआ था।

यह मामला सोशल मीडिया पर भी जबरदस्त तरीके से वायरल हो रहा है। बुढ़ाना कोतवाली की गढ़ी सखावतपुर पुलिस चौकी के समीप यहां के प्रभारी ललित कुमार कसाना मेरठ वाया करनाल हाइवे पर आते जाते वाहनों की चौकिंग कर रहे थे। तब उनको दूर से आती हुई एक बाइक दिखाई दी। जिसमें पांच नाबालिग किशोर सवार थे। जो किशोर बाइक को चला रहा था वह पैट्रोल की टंकी पर बेठा हुआ था जबकि पीछे वाला किशोर कैरियर पर बैठा हुआ था।

बाकी बीच के तीनों किशोर गद्दी पर बैठे थे। पुलिस ने बाइक रुकवाकर पांचों से पूछताछ की तो उन्होंने बताया कि वे बुढाना कोचिंग सेंटर पर जा रहे हैं। तब पुलिस ने पांचों को कड़ी फटकार लगाकर उनके परिजनों को मौके पर बुलवाकर बाइक सीज कर सब छात्रों को चेतावनी देकर छोड़ दिया। बाइक पर पांचों छात्रों के एक साथ बैठने का वीडियो भी सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। यह मामला चर्चा का विषय बना हुआ है कि कैसे ये किशोर बाइक को कार के रुप में इस्तेमाल कर रहे थे। इस हाइवे पर कोई भी बड़ा हादसा हो सकता था क्योंकि इस हाइवे पर रोजाना छोटी बड़ी सड़क दुर्घटनाओं का होना आम बात है।

# मंदिर के महन्त पर हमला करने व मूर्ति को खण्डित करने वाले आरोपियों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहपुर।** थानाक्षेत्र के गांव हरसौली शिव मंदिर के महंत पुष्कर नाथ पर हमला और मंदिर में लगी कार्तिकेय की मूर्ति को खण्डित कर देने की घटना की प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना शाहपुर पुलिस द्वारा मुकद्मा पंजीकृत किया गया। आरोपियो की गिरफ्तारी हेतु थाना शाहपुर पर टीम का गठन किया गया।

गठित टीम द्वारा उक्त अभियोग में वांछित तीन अभियुक्तगण सो. हनवीर उर्फ पिन्टू पुत्र धर्मसिंह निवासी ग्राम हरसौली थाना शाहपुर, मुजफ्फरनगर। अजय पुत्र तेजवीर निवासी ग्राम हरसौली थाना शाहपुर, मुजफ्फरनगर। अरुण उर्फ कलुआ पुत्र राजवीर निवासी ग्राम लच्छेडा थाना मंसूरपुर, मुजफ्फरनगर को ग्राम हरसौली जाने वाले रास्ते पर पुलिया के पास से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।



# दबंग ने मकान में कब्जा करने की नीयत से की मारपीट

**बुढ़ाना।** एक मकान मालिक को गांव के ही एक दबंग ने भौरांकला पुलिस से पकडवाकर उसके मकान पर जबरदस्ती कब्जा करने का प्रयास किया। इस मामले में पुलिस के विरुद्ध फिर दोबारा से यूपी के मुख्यमंत्री को पीड़ित महिला के द्वारा एक शिकायत की गयी है।

मिली जानकारी के अनुसार पूनम पत्नि चांदवीर सिंह निवासी ग्राम भौरांकला ने बृहस्पतिवार को बुढ़ाना तहसील परिसर में पहुंचकर एक सायबर कैफे से उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को एक शिकायत भेजते हुए बताया कि उनके ही गांव का विपिन कुमार पुन रघबीर सिंह बृहस्पतिवार को उसके मकान में जबरदस्ती घुस आया और आते ही उसके व उसके पति के साथ गाली गलौच व मारपीट करनी शुरु कर दी और अभद्र व्यवहार किया। आरोपी ने थाना भौरांकला पुलिस से मिलकर उल्टे उसके पति को पकडवा दिया और उसके मकान पर अवैध कब्जा करने की नीयत से उसे उसके मकान से जबरदस्ती बाहर निकाल दिया। पुलिस आरोपी को कब्जा दिलवा रही है। इस सम्बन्ध में उसके पति चांदबीर सिंह ने इससे पहले भी एक प्रार्थना पत्र बीती 14 फरवरी को एसएसपी को दिया था। जिसमें आज तक कोई भी कानूनी कार्यवाही नही हुई। आरोपी अब उसको ऐलानियां धमकी दे रहा है कि मैं तुम्हारे पति को अब किसी भी झूठे केस में फंसवाकर जेल भिजवा दूंगा क्योंकि पुलिस मेरे साथ है। उधर पीड़िता ने मुख्यमंत्री से विपिन के विरुद्ध कार्यवाही की गुहार लगाई है।

## युवक को तमंचा व कारतूस समेत किया अरेस्ट

**बुढ़ाना।** पुलिस ने एक युवक के तमंचा और कारतूस के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। सीओ बुढ़ाना गजेंद्र पाल सिंह के निर्देश पर उमरपुर पुलिस चौकी के इंचार्ज मोहित कुमार ने अपने अधीनस्थ हेड कांस्टेबल अमित कुमार, कांस्टेबल पवन शर्मा और परमजीत के सहयोग से गश्त करने के दौरान एक युवक को खतौली रोड के बसी गेट के सामने से संदिग्ध अवस्था में गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक अवैध तमंचा और एक कारतूस भी बरामद किया है। पूछताछ में पकडे में गये संदिग्ध युवक ने अपना नाम हिटलर पुत्र लियाकत अहमद निवासी सुन्दर डेयरी के पास मन्दवाडा रोड बताया है। पुलिस ने आरोपी युवक को लिखापढ़ी करने के बाद जेल भेज दिया है। संभवत: युवक शायद किसी घटना को अंजाम देने के उद्देश्य से खड़ा हुआ था कि पुलिस ने पकड़ लिया।


बुढाना: भाकियू की बैठक में छोटा सैनी को सौंपी गई जिम्मेदारी।

# भाकियूअ की मीटिंग में दी गई जिम्मेदारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** भारतीय किसान यूनियन अराजनितिक की एक आवश्यक मीटिंग बृहस्पतिवार के दिन ब्लाक बुढ़ाना क्षेत्र के गांव परासौली के जंगलों में स्थित माधव गौशाला मे आयोजित की गयी। जिसमें गौरक्षक और गौशाला के केयर टेकर छोटा सैनी पुत्र रामभूल सैनी को कार्यकर्ताओं और पदा. धिकारियों की सहमति से भारतीय किसान यूनियनछ अराजनितिक का परासौली ग्राम का अध्यक्ष नियुक्त किया गया और उनको हाथों हाथ नियुक्ति पत्र भी सौंपा गया। इस दौरान छोटा सैनी ने कहा कि जो भी जिम्मेदारी आप लोगों ने आज यहां पर आकर उन्हें सौंपी है वह इस जिम्मेदारी को बाखूबी निभाएंगे। इस दौरान यहां पर मुख्य रूप से घनश्याम सैनी, संयम सैनी, वासू जांगिड, देवेन्द्र सैनी, चरण सिंह, शिवम तिवारी, अनिल सैन, सन्नी और राकेश ठाकुर आदि दर्जनों कार्यकर्ता और अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित रहे। इस संबंध में यहां पर मौजूद भारतीय किसान यूनियनछ अराजनितिक के बुढ़ाना ब्लाक अध्यक्ष पिंटू ठाकुर सिंह ने नये ग्राम अध्यक्ष को दस दिन के भीतर कार्यकारणी गठित करने के निर्देश दिए।

# पहले रोजे पर बाजारों में रही जबरदस्त चहल पहल

**( नसीम कुरैशी )**

**बुढ़ाना।** बृहस्पतिवार की प्रथम रात्रि से ही पहले रोजे की सहरी के लिए चुनिंदा मस्जिदों में घंटियां बजनी शुरु हो गयी थी। मुस्लिम महिलाओं ने सहरी की तैयारी की। मोमीनों ने सहरी खाकर रोजे की नीयत की और फज्र की नमाज पढ़ने के लिए अपनी अपनी पास की मस्जिदों में गये। बुढ़ाना कस्बे के मौहल्ला मिर्दगान में स्थित कुबा मस्जिद के पेश इमाम मुफ्ती आस मौहम्मद कासमी ने बताया कि सहरी का वक्त खत्म होने के साथ ही रोजेदारों ने अपने अपने उपवास की शुरुआत की।

आज पहला रोजा है जो शाम इफ्तारी के साथ खोला गया। मस्जिदों में आज सुबह से ही विशेष नमाज और कुरान की तिलावत का भी सिलसिला शुरू हो गया है। रमजान का यह महीना आत्मशुद्धि, सब्र और इंसानियत का पैगाम लेकर आता है। बीते कल से ही मस्जिदों में ईशा की नमाज के बाद विशेष तरावीह की नमाज भी शुरू हो गई है। उन्होंने मोमीनो को इस पाक महीने पर सभी को मुबारकबाद पेश की। उन्होंने इस महीने को जरूरतम. ंदों की मदद और आपसी भाईचारे का प्रतीक बताया। बुढ़ाना कस्बे के लगभग सभी बाजारों में इफ्तारी के सामान की खरीदारी को लेकर भारी हलचल देखी गयी। खजूर, खजले, फैनी, सवेइयें, पापे, चोले, शीरमाल, बिस्कुट जैसी अन्य खाद्य सामग्रियों की दुकानों पर लोगों की भीड़ जुटी है। मुस्लिम बाहुल्य इलाकों में अकीदत और रूहानी सुकून का माहौल बना हुआ है। बीते कल देर शाम जैसे ही चांद की तस्दीक हुई तो लोगों ने एक दूजे से गले मिल रमजान माह की मुबारक. बाद दी। आज पहले रोजे के अवसर पर मस्जिदों और घरों में मुल्क में अमन चौन, खुशहाली और कौमी एकता के लिए विशेष दुआएं की जा रही हैं। बुढाना कस्बे और क्षेत्र में गंगा जमुनी तहजीब इस महीने में और भी निखरकर सामने आती है। जहां हिंदू धर्म के लोग भी मुस्लिमों को इस पाक महीने की मुबारकबाद दे रहे हैं। कुल मिलाकर माह ए रमजान के शुरु हो जाने से अब बाजारों में भी जबरदस्त भीड़ देखने को मिल रही है। जिसमें मंदी के इस दोर में काफी दिनों से पी बैठे दुकानदारों को अब बिल्कुल भी फुर्सत नहीं मिल पा रही है। अब वे दुकानदारी करने में लगे हुए हैं।

## बदसलूकी का आरोप, की कड़ी कार्रवाई की मांग

**मुजफ्फरनगर।** थाना सिविल लाइन क्षेत्र में कथित बदसलूकी का मामला सामने आया है। घटना दिनांक 18 फरवरी 2026 की बताई जा रही है, जिसके बाद आक्रोश का माहौल है।

जानकारी के अनुसार, शफीक राजपूत किसी आवश्यक कार्य से एशिया पब्लिक स्कूल पहुंचे थे। इसी दौरान स्कूल परिसर में उनके साथ अभद्र व्यवहार और कथित रूप से अपशब्द कहे जाने का आरोप लगाया गया है। शफीक राजपूत ने इसे प्रेस की गरिमा पर सीधा आघात बताते हुए साकेत चौकी में तहरीर देकर दोषियों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है। महासभा के पदाधिकारियों ने स्पष्ट कहा कि संगठन 24 घंटे पत्रकारों के सम्मान और अधिकारों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने पुलिस प्रशासन से निष्पक्ष जांच कर शीघ्र कार्रवाई सुनिश्चित करने की मांग की है। संगठनों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही उचित कदम नहीं उठाए गए तो वे आंदोलनात्मक कदम उठाने को बाध्य होंगे। फिलहाल पुलिस प्रशासन द्वारा मामले की जांच की जा रही है और संबंधित पक्षों से जानकारी एकत्र की जा रही है।पत्रकार समाज ने प्रशासन से अपील की है कि लोकतंत्र की मजबूती और प्रेस की स्वतंत्रता को ध्यान में रखते हुए दोषियों पर शीघ्र व सख्त कार्रवाई की जाए।

# सड़क सुरक्षा माह के तहत खतौली में निकाली जागरूकता रैली

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** नगर में चल रहे राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह-2026 के अंतर्गत बुधवार को श्री कुन्द कुन्द जैन महाविद्यालय द्वारा एक विशाल जनजागरूकता रैली का आयोजन किया गया। शासन के निर्देशानुसार 10 फरवरी से 28 फरवरी तक संचालित ह्सड़क सुरक्षा अभियान तथा जीरो फैटेलिटी समाधानह्न कार्यक्रम के तहत महाविद्यालय लगातार विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से लोगों को जागरूक कर रहा है।

रैली का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. नीतू वशिष्ठ ने हरी झंडी दिखाकर किया। कार्यक्रम संयोजिका डॉ. दीप्ती जैन के नेतृत्व में छात्र-छात्राओं ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। रैली महाविद्यालय परिसर से शुरू होकर रेलवे रोड, सैनी नगर और शिव चौक जैसे प्रमुख मार्गों से गुजरती हुई वणह्न



वाटिका पर संपन्न हुई। रैली के दौरान विद्यार्थियों ने प्रभावशाली नारों के माध्यम से आमजन को यातायात नियमों का पालन करने का संदेश दिया।

सड़क सुरक्षा नियमों को अगर अपनाओगे, खुद के साथ-साथ दूसरों को भी बचाओगेह्न, ह्दुर्घटना पर लगेगा ताला, जब पहनोगे सुरक्षा की माला और ह्मत करो मस्ती, जिंदगी नहीं है सस्ती जैसे नारों ने लोगों का ध्यान आकर्षित किया। कार्यक्रम की सफलता में डॉ. संजीव कुमार, ई. राहुल माहेश्वरी, डॉ. स्वेता मलिक, डॉ. पारूल शर्मा, सचिन कुमार, विकास जैन, निखिल चौहान एवं डॉ. विशु सहित समस्त शिक्षकों व कर्मचारियों का विशेष योगदान रहा। छात्राओं में सोमवर्णा, आकांक्षा, प्राची, रूचि, तनु, अंजली, निशा, कावेरी, नेहा, रिचा, खुशबू, रूबी और काजल ने बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाई।

# आबकारी अधिकारी ने शराब विक्रेताओं को बकाया धनराशि जमा करने के दिए निर्देश

**मुजफ्फरनगर।** कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी में जनपद मुज़फ्फरनगर के समस्त थोक मदिरा अनुज्ञापियों की बैठक जिला आबक. ारी अधिकारी की अध्यक्षता में ली गयी। अपर मुख्य सचिव एवं आबकारी आयुक्त, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुजफ्फरनगर के निर्देशन में आज कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी मुज़फ्फरनगर में जनपद मुज़फ्फरनगर के समस्त थोक मदिरा अनुज्ञापियों की बैठक जिला आबकारी अधिकारी की अध्यक्षता में ली गयी। बैठक में उनके साथ आबकारी नीति 2026-27 पर चर्चा की गयी एवं उन्हें नई आबकारी नीति के मुख्य बिंदुओं से अवगत कराते हुए बताया गया है कि सर्वप्रथम आबकारी नीति वर्ष 2026-27 में दिये गये प्राविधानुसार थोक अनुज्ञापनों की वर्ष 2026-27 हेतु लाइसेंस फीस में हुये बदवाल के सम्बन्ध में समस्त अनुज्ञापियों को अवगत कराया गया। थोक अनुज्ञापियों से अनुज्ञापनों के नवीनीकरण कराये जाने हेतु अपील की गयी एवं उनके द्वारा वर्ष 2025-26 की दुकानों की समस्त देयताएं तत्काल बेबाक कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया। थोक अनुज्ञापनों पर अवशेष स्टॉक के निस्तारण के सम्बन्ध में विस्तृत रूप से जानकारी दी गयी। थोक अनुज्ञापनों से आसवनियों को वर्ष 2025-26 हेतु इण्डेन्ट लगाये जाने की अन्तिम तिथि एवं वर्ष 2026-27 हेतु इण्डेन्ट लगाये जाने की प्रथम तिथि आदि के सम्बन्ध में भी जानक. ारी प्रदान की गयी।

अंत मे उपस्थित अनुज्ञापियों प्रश्नों को आमंत्रित किया गया,मौके पर उन्हें समाधान/उत्तर दिया ।

# सहरी में बिजली पानी न मिलने की एसडीएम से शिकायत

**बुढ़ाना।** आल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन के कार्यकताओं ने बृहस्पतिवार के दिन बुढ़ाना एसडीएम कृष्णकांत विश्वकर्मा को पूरे रमजान माह में सहरी के समय सुबह करीब 03 बजे से लेकर सुबह 5:30 बजे तक लाईट और पानी की व्यवस्था करवाने के सम्बंध में एक प्रार्थना पत्र दिया है। जिसमें कहा गया है कि बुढाना क्षेत्र में सहरी के समय सुबह करीब 03 बजे से लेकर सुबह 5:30 बजे तक लाईट व पानी की व्यवस्था की जानी आवश्यक है।

जिससे सभी व्यक्ति रमजान माह में अपने रोजे रख सकें और सहरी के समय किसी भी व्यक्ति को लाईट व पानी के कारण कोई भी परेशानी का सामना ना करना पड़े। प्रार्थना पत्र में एसडीएम बुढ़ाना से बुढाना क्षेत्र में सहरी के समय सुबह करीब 03 से लेकर सुबह 5:30 बजे तक लाईट और पानी की व्यवस्था



कराए जाने की मांग की गयी है।

यहां आल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन मुजफ्फरनगर के जिला महासचिव आजम फारुकी, बुढाना विधानसभा क्षेत्र के अध्यक्ष अब्दुल रहीम, विधानसभा बुढ़ाना क्षेत्र के सचिव अब्दुल वहाब, पूर्व बुढ़ाना नगर अध्यक्ष इरफान अली, जीशान अहमद और शाहवेज मलिक आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे। गौरतलब है कि रमजान की पहली सहरी में बुढ़ाना कस्बे के मौहल्ला कृष्णापुरी में लाइट नहीं आई। जिसके चलते काफी लोगों को असुविधा का सामना करना पड़ा।

# कोर्ट मैरिज के बाद प्रेमी युगल ने लगाई सुरक्षा की गुहार

## एसएसपी आफिस पर आकर दिया प्रार्थना पत्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुज़फ्फरनगर।** प्रेम विवाह: एसएसपी दफ्तर पहुंचे एक प्रेमी युगल ने एसपी देहात आदित्य बंसल को प्रार्थना पत्र देकर सुरक्षा की गुहार लगाई है।

प्रेमी युगल ने बताया कि उन्होंने 11 फरवरी को कोर्ट मैरिज कर ली थी, लेकिन विवाह की जानकारी जैसे ही युवती के परिजनों को हुई, वे इस प्रेम विवाह से नाराज हो गए और दोनों को जान से मारने की धमकी देने लगे।

युवती साक्षी पुत्री चमन, निवासी लोहड्डा थाना रतनपुरी ने बताया कि वह करीब तीन साल पहले अंकुर पुत्र अमरेश पाल, निवासी गांव कन्हड़ थाना दोघट जिला बागपत से एक शादी समारोह के दौरान मिली थी।

उसी समय से दोनों के बीच प्रेम संबंध शुरू हो गया और धीरे-धीरे उनका रिश्ता गहरा होता चला गया। साक्षी ने बताया कि दोनों के परिवारों को भी उनके संबंध की जानकारी हो गई थी। जब उसने अपने परिजनों के सामने अंकुर से विवाह करने का प्रस्ताव रखा, तो उसके साथ मारपीट की गई और उसे गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी गई।

शाह टाइम्स

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# हत्या के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार




**शामली।** थाना कैराना क्षेत्र के ग्राम ईस्सोपुर खुरगान में हुई महिला की हत्या के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मृतक विवाहिता के भाई की तहरीर पर दहेज हत्या की सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था।

गुरूवार को पुलिस लाईन में पत्रकार वार्ता के दौरान एसपी एनपी सिंह ने बताया कि गत 16 फरवरी को शाकिर पुत्र वकील निवासी ग्राम मलकपुर थाना कांधला ने अपनी बहन मशकुरा की हत्या किए जाने की तहरीर थाना कैराना पर दी थी। इसी क्रम में गुरूवार को महिला अपराध नियंत्रण अभियान के तहत कैराना पुलिस ने दो आरोपियों ससुर अब्बास उर्फ बासा पुत्र शेरजंग तथा उसका पुत्र व विवाहिता का पति सलमान निवासीगण ग्राम ईस्सोपुर खुरगान को गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार पूछताछ में मुख्य आरोपी अब्बास उर्फ बासा ने बताया कि उसका पुत्र सलमान पंजाब के लुधियाना में मजदूरी करता है। घर पर वह स्वयं और उसकी पुत्रवधू मशकुरा रहते थे। आरोपी ने बताया कि उसे अपनी पुत्रवधू के किसी अन्य व्यक्ति से कथित संबंधों की जानक.ारी थी। इसी को लेकर परिवार में तनाव बना हुआ था।

गत14 फरवरी की रात उसने अपने पुत्र से फोन पर बातचीत की और दोनों ने मिलकर मशकुरा की हत्या की योजना बनाई। योजना के तहत गला दबाकर उसकी हत्या कर दी गई। घटना को आत्महत्या या संदिग्ध परिस्थिति का रूप देने के लिए कमरे का गेट अंदर से बंद दिखाने की कोशिश की गई तथा सुबह आसपास के लोगों को बुलाकर गेट खुलवाया गया। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

## जब्त शराब नष्ट करते समय हादसा, चौकीदार की मौत

**झिंझाना।** कोतवाली परिसर में जब्त अवैध शराब को नष्ट करने की कार्रवाई उस समय दर्दनाक हादसे में बदल गई, जब अचानक आग भड़कने से एक चौकीदार गंभीर रूप से झुलस गया। उपचार के दौरान बुधवार देर शाम दिल्ली के अस्पताल में उसकी मौत हो गई। घटना से क्षेत्र में शोक की लहर है और प्रशासनिक व्यवस्था पर सवाल उठने लगे हैं।

जानकारी के अनुसार, 14 फरवरी को न्यायालय के आदेश पर 59 मुकदमों में जब्त अवैध शराब को नष्ट किया जा रहा था। कोतवाली परिसर के पीछे ग्ग़ा खोदकर शराब नष्ट करने की प्रक्रिया चल रही थी। इस दौरान एसडीएम ऊन, सीओ कैराना, थाना प्रभारी निरीक्षक व आबकारी विभाग की टीम मौके पर मौजूद थी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुता.बिक, शराब से भरे गड्ढे में आग लगाते ही अचानक तेज लपटें उठीं और धमाके जैसी स्थिति बन गई।

# विधान परिषद में उठा निजीकरण का मुद्दा

**शामली।** गुरुवार को उत्तर प्रदेश विधान परिषद में निजीकरण का मुद्दा जोर-शोर से उठा। किरणपाल कश्यप ने सदन में प्रदेश सरकार की निजीकरण नीतियों पर सवाल उठाते हुए कहा कि इसका सीधा असर सरकारी नौकरियों की तैयारी कर रहे युवाओं पर पड़ रहा है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में बढ़ते निजीकरण के कारण युवा बेरोजगारी की ओर धकेले जा रहे हैं। न तो उन्हें पर्याप्त रोजगार मिल रहा है और न ही आर्थिक व सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित हो पा रही है। युवा देश की पूंजी हैं, लेकिन मौजूदा नीतियों के चलते वे असुरक्षा और अनिश्चित भविष्य का सामना कर रहे हैं।

एमएलसी ने कहा कि सरकारी विभागों में भर्तियां लगातार घट रही हैं, जिससे प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे लाखों युवाओं की उम्मीदें प्रभावित हो रही हैं। मजबूरी में युवाओं को कम वेतन पर निजी नौकरियां करनी पड़ रही हैं, जहां भविष्य सुरक्षित नहीं है।



उन्होंने आरोप लगाया कि निजी कंपनियों को लाभ पहुंचाने के लिए श्रम कानूनों को कमजोर किया जा रहा है, जिसके कारण न्यूनतम वेतन, निर्धारित कार्य अवधि और सामा.जिक सुरक्षा जैसी सुविधाएं भी प्रभावित हो रही हैं। उन्होंने यह भी कहा कि कई संस्थानों में एक ही प्रकार के कार्य के लिए अलग-अलग युवाओं को अलग-अलग वेतन दिया जा रहा है, जिससे सामाजिक समानता की भावना को ठेस पहुंच रही है। किरणपाल कश्यप ने बिजली विभाग के निजीकरण के प्रस्ताव का भी उल्लेख करते हुए कहा कि इससे आम जनता और कर्मचारियों के हित प्रभावित होंगे तथा इसका लाभ केवल पूंजीपतियों को मिलेगा। उन्होंने सरकार से युवाओं के हितों को ध्यान में रखते हुए निजीकरण की नीतियों पर पुनर्विचार करने की मांग की।

# पालिका में हंगामा व आपत्तिनक टिप्पणी मामले में कार्रवाई, पुलिस ने किया चालान

**कांधला।** कस्बे की नगर पालि.का परिषद में ठेकेदार द्वारा हंगामा करने और पालिका अध्यक्ष के विरुद्ध सोशल मीडिया पर आपत्ति.जनक टिप्पणी करने के मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करते हुए उसका चालान कर दिया है।मामला विगत मंगलवार का है, जब नगर पालिका अध्यक्ष नजमुल इस्लाम, लिपिक अशोक कुमार सहित आधा दर्जन से अधिक सभासदों और कर्मचारियों ने थाने पर तहरीर दी थी। तहरीर में बताया गया था कि कस्बा निवासी तनवीर अंसारी नगर पालिका में पहुंचा और अपने बिल के भुगतान को लेकर हंगामा करने लगा। इस दौरान उसने सरकारी फाइल फाड़ दी और कर्मचारियों के साथ बदसलूकी की। आरोप है कि समझाने के बावजूद आरोपी शांत नहीं हुआ और लगातार अभद्र व्यवहार करता रहा। साथ ही वह पालिका अध्यक्ष व उनके परिवार के खिलाफ सोशल मीडिया पर भी आपत्तिजनक टिप्पणियां करता रहा।शिकायत के आधार पर पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर जांच शुरू की थी। बुधवार को पुलिस ने कानूनी कार्रवाई करते हुए आरोपी का चालान कर दिया।थाना प्रभारी निरक्षक सतीश कुमार ने बताया कि नगर एवं क्षेत्र में किसी भी सूरत में



शांति व्यवस्था भंग नहीं होने दी जाएगी। कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## अर्चित चौधरी करेंगे गृहमंत्री की अगवानी



**शामली।** शामली निवासी सीआरपीएफ के प्लाटून कमांडर अर्चित चौधरी 21 फरवरी को आयोजित केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के 87वें स्थापना दिवस समारोह में मुख्य अतिथि केंद्रीय गृहमंत्री अगवानी करेंगे। यह समारोह असम की राजधानी में आयोजित किया जाएगा। अर्चित चौधरी ने बताया कि स्थापना दिवस कार्यक्रम में गृहमंत्री अमित शाह मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे और सीआरपीएफ की भव्य परेड की सलामी लेंगे। जैसे ही गृहमंत्री हेलीपैड से कार्यक्रम स्थल के लिए प्रस्थान कर मुख्य द्वार पर पहुंचेंगे, वहां सीआरपीएफ के दो प्लाटून कमांडर शामली निवासी अर्चित चौधरी और अमरोहा निवासी पार्थ यादव उनकी अगवानी कर उन्हें मंच तक ले जाएंगे। कार्यक्रम में हजारों जवानों की आकर्षक परेड निकाली जाएगी। इसके साथ ही आधुनिक हथियारों का प्रदर्शन भी किया जाएगा। शामली के अर्चित चौधरी की इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी से जिले में खुशी और गर्व का माहौल है।

## टोल प्लाजा के नाम को लेकर तनातनी

**शामली।** जनपद के ग्राम बन्तीखेड़ा के ग्रामीणों ने नेशनल हाईवे पर स्थित प्रस्तावित टोल प्लाजा का नाम बन्तीखेड़ा टोल प्लाजा लिखे जाने की मांग को लेकर डीएम को प्रार्थना पत्र सौंपा है। ग्रामीणों का कहना है कि शासन स्तर से भी टोल प्लाजा का नाम बन्तीखेड़ा प्रस्तावित किया गया है, बावजूद इसके कुछ लोगों की आपत्ति के कारण कार्य रुका हुआ है। ग्रामीणों ने डीएम को दिए पत्र में बताया कि दिल्ली-देहरादून नेशनल हाईवे ग्राम बन्तीखेड़ा के निकट से गुजरता है तथा गांव के कई संपर्क मार्ग सीधे हाईवे से जुड़े हुए हैं। ऐसे में टोल प्लाजा का नाम स्थानीय पहचान के अनुरूप बन्तीखेड़ा टोल प्लाजा' ही होना चाहिए। आरोप है कि समीपवर्ती ग्राम करौदा हाथी के कुछ निवासियों द्वारा तथ्यहीन आधार पर आपत्ति दर्ज कराई गई है, जिसके चलते टोल प्लाजा पर बन्तीखेड़ा नाम का बोर्ड लगाए जाने की प्रक्रिया रोक दी गई है। उनका कहना है कि इससे गांव की पहचान और प्रशासनिक प्रस्ताव दोनों प्रभावित हो रहे हैं। ग्रामीणों ने डीएम से मांग की है कि नेशनल हाईवे के दिल्ली-देहरादून मार्ग पर स्थित टोल प्लाजा पर बन्तीखेड़ा टोल प्लाजा नाम अंकित कराने के लिए संबंधित विभाग को आवश्यक निर्देश जारी किए जाएं। इस अवसर पर नीरज, राजिन्द्र सिंह, सतेंद्र सिंह, विपिन कुमार, संजय कुमार, अमजद सिद्दीकी मौजूद रहे।

# सात दिवसीय शिविर के चौथे दिन का समापन



**शामली।** शहर के आरके पीजी कॉलेज में एनएसएस की प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय इकाइयों के सात दिवसीय विशेष शिविर के चौथे दिन का शुभारंभ गुरुवार को किया गया।

कार्यक्रम का मुख्य विषय सड़क सुरक्षा रहा। मुख्य अतिथि ट्रैफिक निरीक्षक लाल विराट भारद्वाज ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि सड़क दुर्घटनाएं आज गंभीर सामाजिक समस्या बन चुकी हैं। तेज गति से वाहन चलाना, हेलमेट और सीट बेल्ट का प्रयोग न करना, ट्रैफिक नियमों की अनदेखी तथा मोबाइल फोन का उपयोग करते हुए वाहन चलाना दुर्घटनाओं के प्रमुख कारण हैं। उन्होंने दोपहिया वाहन चालकों से हेलमेट तथा चारपहिया वाहन चालकों से सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से प्रयोग करने की अपील की। साथ ही नशे की हालत में वाहन न चलाने और ट्रैफिक सिग्नल का पालन करने का संदेश दिया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ। रोहित राणा ने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं बल्कि प्रत्एक नागरिक का कर्तव्य है। यदि सभी लोग नियमों का पालन करें तो दुर्घटनाओं में उल्लेखनीय कमी लाई जा सकती है। डॉ। प्रीतम सिंह ने कहा कि सड़क सुरक्षा का सीधा संबंध जीवन रक्षा से है। थोड़ी सी लापरवाही भी बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकती है। कु। गायत्री त्रिपाठी ने कहा कि युवाओं को स्वयं उदाहरण बनकर समाज को प्रेरित करना चाहिए। कार्यक्रम के अंतर्गत स्वयंसेवकों ने अपने-अपने चयनित गांवों में सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली निकाली।

## एक नजर

### ठंडी हवाएं चलने से बढ़ी ठिठुरन

**शामली।** जिले में मौसम ने एक ही दिन में करवट बदल ली। बुधवार को जहां दिनभर धूप न निकलने और ठंडी हवाएं चलने से लोगों को ठिठुरन का सामना करना पड़ा था, वहीं गुरुवार को तेज धूप निकलने से मौसम का मिजाज पूरी तरह बदल गया और लोगों को हल्की गर्मी का अहसास हुआ।

बुधवार सुबह से ही आसमान में काले बादल छाए रहे। सर्द हवाओं के कारण वातावरण में ठंडक बनी रही। दिनभर धूप नहीं निकलने से बाजारों और सड़कों पर भी सामान्य दिनों की अपेक्षा कम चहल-पहल देखने को मिली थी। बुधवार को दिन अधिकतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि न्यूनतम तापमान 11 डिग्री सेल्सियस रहा। वहीं गुरुवार को सुबह से ही मौसम साफ रहा और तेज धूप खिली। धूप की तीव्रता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि अधिकतम तापमान में छह डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी दर्ज की गई। गुरुवार को अधिकतम तापमान 26 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया, जबकि न्यूनतम तापमान 12 डिग्री सेल्सियस ही रहा। तेज धूप निकलने से लोगों ने राहत की सांस ली। धूप के कारण घरों की छतों और पार्कों में लोग धूप सेंकते नजर आए। हालांकि दोपहर के समय तेज धूप के चलते कुछ लोगों को हल्की गर्मी भी महसूस हुई। मौसम में आए इस अचानक बदलाव से दिन और रात के तापमान में अंतर बढ़ गया है। विशेषज्ञों का कहना है कि इस समय मौसम परिवर्तनशील है, इसलिए लोगों को स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहने की आवश्यकता है। सुबह और शाम ठंडक रहने के कारण हल्के गर्म कपड़े पहनना अभी भी जरूरी है, जबकि दिन में धूप के अनुसार कपड़ों का चयन करना चाहिए।

### आगामी 27 फरवरी को संपन्न होंगे कार्यकारिणी चुनाव

**शामली।** जिला बार एसोसिएशन शामली के वर्ष 2026 के कार्यकारिणी चुनाव आगामी 27 फरवरी को संपन्न होंगे। चुनाव प्रक्रिया के तहत विभिन्न पदों के लिए नामांकन की प्रक्रिया जारी है। जिला बार एसोसिएशन का कुल 23 पदों पर चुनाव होना है, जिसके लिए अब तक 54 नामांकन पत्र खरीदे गए थे। इनमें से गुरूवार को अपराह्न 3 बजे तक 34 प्रत्याशियों ने अपने नामांकन पत्र जमा कर दिए हैं। नामांकन जमा करने की अंतिम समय सीमा गुरूवार दोपहर 3 बजे तक निर्धारित थी। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आगामी 20 फरवरी को सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक नामांकन पत्रों पर आपत्तियां प्राप्त की जाएंगी तथा उनकी जांच की जाएगी। इसके बाद अपराह्न 4 बजे तक नामांकन वापसी की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। अब तक अध्यक्ष, महासचिव, कोषाध्यक्ष, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सहित विभिन्न पदों पर नामांकन पत्र प्राप्त हुए हैं। बार एसोसिएशन के चुनाव को लेकर अधिवक्ताओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है। चुनाव को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए तैयारियां की जा रही हैं।27 फरवरी को मतदान के बाद मतगणना कर परिणाम घोषित किए जाएंगे।

### कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक संपन्न




**शामली।** जनगणना-2027 के सफल क्रियान्वयन एवं सुचारु संचालन को लेकर गुरुवार को नवीन कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में एडीएम एवं जिला जनगणना अधिकारी सत्एंद्र सिंह ने बताया कि वर्ष 2027 में होने वाली जनगणना स्वतंत्रता के बाद देश की आठवीं जनगणना होगी। इस बार जनगणना पूरी तरह डिजिटल एवं पेपरलेस माध्यम से कराई जाएगी। नागरिकों को मोबाइल एप के जरिए स्वयं अपना विवरण दर्ज करने की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी। इसके लिए संबंधित एप डाउनलोड कर आवश्यक जानकारियां भरनी होंगी। उन्होंने बताया कि जनगणना कार्य के लिए सुपरवाइजर एवं इन्वेस्टिगेटर नियुक्त किए जाएंगे, जिन्हें मास्टर ट्रेनरों द्वारा विधिवत प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण की शुरुआत पहले सुपरवाइजर स्तर से कराई जाएगी। इस कार्य में शिक्षकों, लेखपालों तथा अन्य विभागों के कर्मचारियों की डड्यूटी लगाई जाएगी। समिति में कुल नौ सदस्य शामिल होंगे, जिनमें डीएम, सीडीओ तथा संयोजक के रूप में एडीएम, बीएसए, जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी, जिला सूचना अधिक.ारी, जिला पंचायत राज अधिकारी सहित अन्य अधिकारी सदस्य रहेंगे। बैठक में बताया गया कि जनगणना-2027 के संबंध में दो मास्टर ट्रेनर प्रशिक्षण के लिए लखनऊ भेजे गए हैं, जबकि जनपद में 46 फील्ड ट्रेनर तैनात किए जाएंगे। बैठक में डिप्टी कलेक्टर हामिद हुसैन, जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी अश्विनी कुमार शर्मा, बीएसए लता राठौर, जिला पंचायत राज अधिकारी संदीप अग्रवाल, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी ज्योति प्रजापति मौजूद रहे।

### फर्जी मोहर से जाली केस हिस्ट्री वायरल, कार्रवाई की मांग

**कांधला।** क्षेत्र में फर्जी मोहर लगाकर जाली आपराधिक केस हिस्ट्री तैयार कर उसे सोशल मीडिया पर वायरल करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर प्रकरण की जांच शुरू कर दी है। कस्बा निवासी एवं जगतगुरु रामानंदाचार्य के शिष्य एवं कृष्ण जन्मभूमि मुक्ति निर्माण ट्रस्ट, मथुरा के अध्यक्ष आशुतोष ब्रह्मचारी महाराज की ओर से थाने पर तहरीर दी गई ।

तहरीर में कस्बा निवासी सुरज मोहल्ला रायजादगान,सहित कई नामजद व अज्ञात के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की गई। पीड़ित महाराज का आरोप है कि आरोपियों ने थाना कांधला की नकली मोहर बनाकर फर्जी दस्तावेज तैयार किए और उन्हें वायरल कर शिकायतकर्ता को बदमाश व हिस्ट्रीशीटर दिखाने का प्रयास किया, जबकि वास्तविक न्यायालईय स्थिति अलग बताई गई है।तहरीर में यह भी आरोप लगाया गया है कि अस्थि-विसर्जन से लौटते समय आरोपियों ने उनकी गाड़ी घेरकर पथराव किया, जान से मारने की धमकी दी और नाबालिग शिष्य को उठाने का प्रयास किया। पीड़ित ने तहरी देकर सभी आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है पुलिस ने मामले में कार्रवाई का आश्वासन देते हुए पूरे प्रकरण की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है की तहरीर मिली है जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

## पुलिस ने किया अवैध चाकू सहित गिरफ्तार

**कांधला।** पुलिस अधीक्षक शामली नरेंद्र प्रताप के निर्देश पर तथा थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार के नेतृत्व में क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की लगातार जांच की जा रही है। इसी क्रम में उप निरीक्षक बृजेश कुमार पुलिस टीम के साथ घसौली मार्ग पर चेकिंग अभियान चला रहे थे।चेकिंग के दौरान एक व्यक्ति पुलिस को देखकर घबरा गया और मौके से भागने का प्रयास करने लगा। पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए पीछा कर उसे पकड़ लिया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से एक अवैध चाकू बरामद किया गया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम खलील निवासी मोहल्ला खेल, कांधला बताया। पुलिस ने आरोपी को मौके पर ही हिरासत में लेते हुए उसके विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर चालान कर दिया।

# किसान जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**कांधला।** क्षेत्र के गांव पंजोखरा में गन्ना किसानों की आय दोगुनी करने और फसल को बीमारियों से बचाने के उद्देश्य से एक विशाल किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में करनाल गन्ना संस्थान के पूर्व निदेशक डॉ। एस।के। पांडे और जिला गन्ना अधिकारी शामली ने शिरकत की। विशेषज्ञों ने किसानों को आधुनिक तकनीक अपनाकर बेहतर पैदावार लेने के महत्वपूर्ण सुझाव दिए।गोष्ठी को संबोधित करते हुए डॉ। पांडे ने किसानों को सचेत किया कि वे गन्ने की कटाई के बाद फसल में पोंगा बिल्कुल न छोड़ें। उन्होंने बताया कि पोंगे के अंदर ही फसल को नुकसान पहुंचाने वाले कीट और बीमारियां छिपी रहती हैं, जो अनुकूल मौसम मिलते ही पूरी फसल को




बर्बाद करना शुरू कर देती हैं। इसके अलावा गन्ने का फुटाव बढ़ाने के लिए उन्होंने एक विशेष उपाय साझा करते हुए बताया कि छब्बीस मिलीलीटर एथाफोन को दो सौ लीटर पानी में घोलकर गन्ने के ठूंठों पर स्प्रे करना चाहिए।किसानों की सुविधा के लिए शामली चीनी मिल ने एथाफोन की सौ मिलीलीटर की शीशी पचास प्रतिशत अनुदान पर मात्र नब्बे रूपए में उपलब्ध कराई है, जो लगभग बीस बीघा जमीन के लिए पर्याप्त है। जिला गन्ना अधिकारी ने बताया कि चीनी मिल में कई अन्य दवाइयां भी अनुदानित दरों पर श्पहले आओ पहले पाओश के आधार पर उपलब्ध हैं।इस गोष्ठी में शामली चीनी मिल के यूनिट हेड संजय शर्मा, गन्ना महाप्र.बंधक सतीश बालियान, गन्ना सचिव और ज्एष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक सहित लगभग ढाई सौ प्रगतिशील किसान मौजूद रहे। मिल प्रबंधन की ओर से बताया गया कि आगामी पेराई सत्र में गन्ने की पैदावार और गुणवत्ता बढ़ाने के लिए इस प्रकार की जागरूकता गोष्ठियों का आयोजन प्रतिदिन जारी रहेगा।

## वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस टीम पर हमला, डंपर चालक फरार

**झिंझाना।** थाना झिंझाना क्षेत्र की बिडौली चौकी पर बुधवार रात वाहन चेकिंग के दौरान एक डंपर चालक ने पुलिस टीम की कार्रवाई को चुनौती देते हुए चौकी प्रभारी पर वाहन चढ़ाने का प्रयास किया। चौकी प्रभारी योगेंद्र सिंह ने तत्परता दिखाते हुए कूदकर अपनी जान बचाई। रात करीब 8रू10 बजे पुलिस टीम संदिग्ध वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान करनाल की ओर से आए एक डंपर को रुकने का संकेत दिया गया। आरोप है कि चालक ने पहले वाहन धीमा किया, लेकिन अचानक रफ्तार बढ़ाकर चौकी प्रभारी की ओर बढ़ा दिया। घटना के बाद चालक चौकी पर लगे बैरियर को टक्कर मारकर क्षतिग्रस्त करता हुआ बिडौली की दिशा में फरार हो गया। डंपर पर हरियाणा नंबर HR45C0034 अंकित था।

# निर्माण कार्यों को लेकर हो रही भारी परेशानी

**शामली।** शहर के बड़ा बाजार और गांधी चौक में पिछले लबं दिनों से चल रहे निर्माण कार्यों के चलते दुकानदारों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जिसके विरोध में दुकानदारों ने विरोध प्रदर्शन किया। उन्होने समस्याओं का समाधान कराने की मांग की।

गुरूवार को दुकानों के ठीक सामने रोड़ी, डस्ट व अन्य निर्माण सामग्री के ढेर लगने से परेशान दुक.ानदारों ने नगर पाकिका के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। उन्होने बताया कि दुकानों के बाहर डाले गए मेटेरियल से पैदल चलना तक कठिन हो गया है। बाजार में आने वाले वाहन चालकों को भी जाम जैसी स्थिति का सामना करना पड़ रहा है, जिससे खरीदारी करने आने वाले लोग बाजार का रुख करने से बच रहे हैं। बड़ा बाजार के साथ-साथ नया बाजार और गांधी चौक क्षेत्र का व्यापार भी प्रभावित हो रहा है। इन क्षेत्रों में कपड़ा, लोहा, जूता, किरयाना, चप्पल, कॉस्मेटिक और अन्य दैनिक उपयोग की वस्तुओं की बड़ी संख्या में दुकानें हैं। एक महीने से लगातार बाधित हो रहे आवागमन के कारण व्यापारियों की बिक्री में भारी गिरावट आई है। व्यापारियों ने बताया कि आगामी त्योहारों का सीजन शुरू होने वाला है। आगामी




दिनों में रमजान, होली और ईद जैसे प्रमुख पर्व नजदीक हैं, जिनके चलते इस समय बाजारों में विशेष रौनक रहती है और साल का अच्छा कारोबार होता है।उन्होने मांग की कि निर्माण सामग्री को दुकानों के सामने न डाला जाए तथा कार्य को चरणबद्ध तरीके से पूरा किया जाए, ताकि आमजन और व्यापारियों को कम से कम असुविधा हो।

## अकीदत के साथ पूरा हुआ पहला रोजा

**शामली।** पवित्र माहे रमजान का पहला रोजा गुरुवार को अकीदत और उत्साह के साथ रखा गया। सुबह से ही रोजेदारों ने सहरी के बाद रोजा रखा और दिनभर इबादत में मशगूल रहे। देर शाम अजान के साथ रोजा इफ्तार किया गया, जिसके बाद मस्जिदों में तरावीह की नमाज अदा की गई। शहर की प्रमुख मस्जिदों में अकीदतमंदों की अच्छी-खासी भीड़ देखने को मिली।

रमजान के पहले दिन मस्जिदों में विशेष इंतजाम किए गए थे। नमाजियों के लिए साफ-सफाई और रोशनी की बेहतर व्यवस्था की गई। तरावीह की नमाज के दौरान कुरआन-ए-पाक की तिलावत की गई और अमन-चैन की दुआ मांगी गई। बच्चों और युवाओं में भी खासा उत्साह दिखाई दिया।

# एलम-भनेडा मार्ग मारपीट मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार, एक फरार की तलाश जारी

**कांधला।** थाना क्षेत्र के एलम-भनेडा मार्ग पर एक सप्ताह पूर्व कार सवार व्यक्ति के साथ हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए तीन फरार आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। वहीं, एक अन्य आरोपी की तलाश पुलिस द्वारा लगातार की जा रही है।




थाना क्षेत्र के गांव भनेडा निवासी नवीन कुमार ने बीते 11 फरवरी को थाने में तहरीर देकर बताया था कि वह आगामी पंचायत चुनाव में प्रधान पद का दावेदार है। चुनावी रंजिश को लेकर कुछ लोग उससे और उसके परिवार से रंजिश रखते हैं।पीड़ित के अनुसार, वह शाम के समय अपनी कार से एलम से गांव भनेडा लौट रहा था। रास्ते में गांव के कुछ लोग जेसीबी मशीन से टड्बवेल दबा रहे थे, जिससे मार्ग अवरुद्ध था। जब उसने रास्ता देने को कहा तो आरोपियों ने एकजुट होकर उसके साथ मारपीट कर दी, जिससे वह घायल हो गया।घायल ने उपचार कराने के बाद गांव के नागेंद्र, प्रशांत, प्रदीप और सीतामपाल के खिलाफ थाने में तहरीर दी थी। पुलिस ने मामले में चारों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की थी।बुधवार को पुलिस ने कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया और न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने बताया कि फरार आरोपी की तलाश जारी है और जल्द ही उसे भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# मोदी और योगी को भेजा जाएगा गोबर निर्मित गुलाल



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** होली के पावन पर्व को सतरंगी और सुरक्षित बनाने के लिए नगर निगम द्वारा संचालित कान्हा उपवन गौशाला ने इस वर्ष पांच रंगों में गोमय गुलाल तैयार किया है। गाय के गोबर से तैयार यह गुलाल इस वर्ष भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित देश की अनेक हस्तियों को भेजा जायेगा।

महापौर डॉ. अजय कुमार ने बताया कि माँ शाकुंभरी कान्हा उपवन गौशाला प्रदेश की पहली ऐसी कान्हा गौशाला है जो गोमय गुलाल का व्यावसायिक उत्पादन कर रही है। उन्होंने बताया कि हमारा उद्देश्य श्रद्धा के साथ स्वच्छता और पर्यावरण को जोड़ना तथा गौशाला को आत्म निर्भर बनाना है। उन्होंने बताया कि नगर निगम की ओर से यह गोमय गुलाल इस वर्ष भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति सी पी राधाकृष्णन, प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, राज्यपाल आनंद. ीबेन पटेल के अलावा हरियाणा, बिहार, दिल्ली और मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्रियों व अनेक केंद्रीय मंत्रियों को भेजा जायेगा।

नगरायुक्त शिपू गिरि ने भी सभी शहरवासियों से अपील की है कि वे होली के पर्व को हर्षोल्लास से मनाने तथा सुरक्षित और सतरंगी बनाने के लिए इस 'गोमय गुलाल' का उपयोग करते हुए निगम द्वारा संचालित गौशाला की अनूठी पहल का हिस्सा बनें और अपनी खुशियों को दोगुना करें।

गौशाला प्रभारी व निगम के पशु चिकित्सा कल्याण अधिकारी डॉ. संदीप मिश्रा ने बताया कि गोबर से निर्मित इस गुलाल की शहर के अलावा बड़ी मात्रा में ऑन लाइन डिमांड को देखते हुए गौशाला में बडे़ पैमाने पर गुलाल तैयार किया जा रहा है। यह गुलाल मुख्य रूप से पाँच रंगों- भगवा, पीला, गुलाबी, हरा तथा लाल रंगों में तैयार किया गया है। उन्होंने बताया कि गोमय गुलाल पूर्णत: केमिकल मुक्त और प्राकृतिक तत्वों से निर्मित होने के कारण त्वचा और आंखों के लिए सुरक्षित है तथा पूरी तरह से 'बायो-डिग्रेडेबल'है, यानि इससे पर्यावरण पर कोई प्रतिक. ूल प्रभाव नहीं पड़ता।

डॉ. मिश्रा ने बताया कि लोगों की सुविधा और मांग को देखते हुए इसे 100 ग्राम और 200 ग्राम के आकर्षक पैकेट में पैक किया गया है। इसकी उपलब्धता को सुगम बनाने के लिए नगर निगम ने दोहरे इंतजाम किए हैं। यह गुलाल नगर निगम परिसर सहित शहर के प्रमुख स्थानों तथा गौशाला आउटलेट्स पर उपलब्ध है। इसके अलावा घर बैठे मंगाने के लिए ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स के माध्यम से भी इसकी बिक्री की जा रही है।

# प्रतिबंधित पॉलीथीन प्लास्टिक बरामद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** नगर निगम अधिकारियों ने आज प्रवर्तन दल के साथ चिलकाना रोड स्थित बालपुर में एक हौजरी फैक्ट्री पर छापा मारकर 280 किलो प्रतिबंधित पॉलीथिन व प्लास्टिक बरामद किया और सवा लाख रुपये जुर्माना लगाया। बरामद की गयी प्रतिबंधित सामग्री को नगर निगम की गाड़ियों में भरकर निगम लाया गया।




नगरायुक्त शिपू गिरि के निर्देश पर नगर स्वास्थ अधिकारी डॉ. प्रवीन शाह के नेतृत्व में आज दोपहर नगर निगम अधिकारियों की टीम प्रदूषण नियंत्रण विभाग के अधिकारियों के साथ चिलकाना रोड स्थित बालपुर पहुंची और एक हौजरी फैक्ट्री पर छापा मारकर 280 किलो प्रतिबंधित पॉलीथिन व प्लास्टिक गिलास, कटोरी, चम्मच आदि बरामद किये गए। नगर स्वास्थय अधिकारी डॉ. प्रवीन शाह ने बताया कि बालपुर में एक हौजरी फैक्ट्री के भीतर बनाये गए एक गोदाम में यह प्रतिबंधित प्लास्टिक कंटेनरों में भरकर छुपाकर रखा गया था।

उन्होंने बताया कि इसकी जानकारी मिलने पर नगरायुक्त के निर्देश पर प्रवर्तन दल प्रभारी कर्नल एच बी गुरुंग और उनकी टीम तथा उप्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड सहारनपुर के सहायक अभियंता संजय कुमार को साथ लेकर निगम द्वारा छापा मारा गया और 280 किलो प्रतिबंधित पॉलीथिन व प्लास्टिक बरामद की गयी और सवा लाख रुपये जुर्माना भी वसूला गया। बरामद की गयी प्रति. बंधित सामग्री को नगर निगम की गाड़ियों में भरकर निगम लाया गया। उन्होंने बताया कि कार्रवाई के दौरान उक्त अधिकारियों के अलावा निगम के मुख्य सफाई निरीक्षक परमानंद व इंद्रपाल, सफाई निरीक्षक नीरज, राजवीर, आशीष, अमित चौधरी व सोमकुमार तथा प्रवर्तन दल के जवान भी शामिल रहे।

# छत्रपति शिवाजी व भारत माता को नमन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** क्षेत्र के गांव फतेहपुर कला में स्थित भगवती देवी विद्या मंदिर स्कूल वीर योद्धा छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती मनाई गई। सभी अध्यापकों , छात्र छात्राओं एवं कर्मचारी गण ने छत्रपति शिवाजी महाराज एवं भारत माता के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।




गुरुवार को आयोजित कार्यक्रम में बोलते हुए विद्यालय के प्रबंधक राजकुमार शर्मा ने कहा कि आज हम सब यहां एक ऐसे महापुरुष की जयंती मनाने के लिए एकत्र हुए हैं, जिनका नाम लेते ही रगों में देशभक्ति का संचार होने लगता है। उन्होंने बताया कि छत्रपति शिवाजी महाराज की माता का नाम जीजाबाई और पिता शाहजी भोंसले था। शिवाजी महाराज ने बचपन से ही निडरता और वीरता के पाठ सीखे। उन्होंने उस समय शहिंदू स्वराज्यश का सपना देखा, जब भारत में मुगल और अन्य आक्रांताओं का शासन था। शिवाजी महाराज केवल एक राजा नहीं, बल्कि एक युगपुरुष थे। ।प्रधानाचार्य राकेश भारद्वाज ने कहा कि आज, जब हम छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती मना रहे हैं, तो हमें उनके द्वारा दिखाए गए साहस, ईमानदारी और अनुशासन को अपने जीवन में उतारना चाहिए। उनके जीवन से हमें यह सीख मिलती है कि विप. रीत परिस्थितियों में भी हार नहीं माननी चाहिए। आइए। उन्होंने आह्वान किया हम सभी मिलकर देश की एकता और अखंडता के लिए काम करने का संकल्प लें। इस अवसर पर राजकुमार चौहान, अरुणा देवी, नेहा शर्मा, पायल, नीरज राणा, जितेंद्र चौहान, सिकन्दर सिंह, नेहा चौहान, अर्चना शर्मा, अफजल, देवशी, अवनी, हर्ष, देवांश, हार्दिक, आरव, अंशिका, सूर्य, रितेश, साहिल, अर्श, समद, वर्षा, आर्यन आदि मौजूद रहे।

# जाम में तीन घंटे फंसी रही स्कूल बस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** दुमझेड़ा रोड से धौलाहेड़ी जाने वाले मार्ग पर खनिज से भरा एक डंपर अचानक खराब हो जाने से सड़क पर लंबा जाम लग गया। जाम में स्कूली बसों समेत कई छोटे-बड़े वाहन फंस गए, जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।



गुरुवार सुबह मार्ग पर चल रहा खनिज से लदा डंपर बीच सड़क पर खराब हो गया। सड़क के दोनों ओर की साइड संकरी होने के कारण दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गयी। लगभग तीन से चार घंटे तक जाम की स्थिति बनी रही। इस दौरान स्कूल जाने वाले बच्चों की बसें भी जाम में फंसी रहीं, जिससे बच्चे समय पर स्कूल नहीं पहुंच पाये। जाम में फंसे लोगों ने बताया कि जाम खुलवाने के लिए काफी प्रयास किया गया, लेकिन डंपर के ठीक होने तक यातायात सुचारू नहीं हो सका। लगभग तीन से चार घंटे बाद डंपर ठीक होने पर धीरे-धीरे यातायात सामान्य हुआ। ज्ञात हो कि सुल्तानपुर धौलाहेडी के बीच टूटी सडक पर पुल निर्माण के कारण मार्ग बंद होने से इस मार्ग पर खनन से भरे तथा अन्य भारी वाहनों का आवागमन लगातार बढ़ रहा है, जिससे आए दिन जाम की समस्या बनी रहती है। लोगों ने प्रशासन से उक्त रोड की दोनो साइड पक्की कराकर इस समस्या के स्थायी समाधान की मांग की है।

## आत्महत्या का प्रयास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अंबेहटा।** नकुड़ कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत अंबेहटा के मोहल्ला गाड़ान में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहां के एक निवासी ने अपनी बेटी के ससुराल वालों द्वारा दहेज के लिए की जा रही प्रताड़ना से परेशान होकर अपने घर में आग लगाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड और पुलिस टीम ने व्यक्ति को बचा लिया और आग पर काबू पा लिया, लेकिन घर का सारा सामान जलकर राख हो गया। इस घटना में करीब दो लाख रुपये की संपत्ति का नुकसान होने का अनुमान है।

पीड़िता मुस्कान ने बताया कि उनकी शादी दो साल पहले हुई थी और उनका एक बच्चा भी है। लेकिन शादी के बाद से ही उनके पति, ससुर और जेठ दहेज की मांग को लेकर उन्हें लगातार प्रताड़ित कर रहे हैं।

# बाबा सतसाहेब के जन्मोत्सव पर हवन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** बाबा सतसाहेब महाराज का 121वां जन्मोत्सव समारोह परम्परागत श्रद्धा व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर हवनयज्ञ व कीर्तन का आयोजन हुआ। जिसमें बडी संख्या में गर्ग परिवार के लोग शामिल रहें।

बताते है कि बाबा सतसाहेब महाराज लगभग सवासौ वर्ष पुर्व निकटवर्ती ग्राम धलापडा से गर्ग परिवार के वंशजों को गंगोह लेकर आये थे। तब से ही गर्ग परिवार इन्हें परिवारिक गुरु के रुप में मान्यता देता है और हर अवसर पर इनका पुजन अर्चन करता है। यज्ञ के मुख्य यजमान उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष मोल्हड मल गर्ग व पुरोहित पं. अवनीश शर्मा रहें।

इस दौरान योगेश गर्ग, आदेश गर्ग, गौरव गर्ग, अनवेश कुमार, अनुप गर्ग, रजत गर्ग, अन्वेष गर्ग, विकास गर्ग, सुयश गर्ग, नवनीत गर्ग व नितीश गर्ग आदि रहे।

## वाहन चालकों को बताई हेलमेट की अनिवार्यता

**गंगोह।** लाला किशनचंद राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर के अंतर्गत चतुर्थ दिवस के बौद्धिक सत्र में सड़क सुरक्षा जागरूकता विषयक भाषण सत्र आयोजित हुआ, जिसमे डॉ गजेंद्र कुमार ने स्वयंसेवको को यातायत के नियमो की जानकारी दी ।

द्वितीय सत्र में सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली निकालकर सड़क पर आने-जाने वाले बाइक सवारो को हेलमेट पहनने तथा वाहन को तय गति सीमा में चलाने को प्रेरित किया गया। प्राचार्य डा ऋषिपाल सिंह, कार्यक्रम अधिकारी पूजा, संदीप कुमार, विनीत, ओमबीर व स्वयंसेवक कीर्ति, किट्टू सैनी, रिया, अंशिका, कोमल, नवाजिश, फलक, कहकशा, नवीन आदि मौजूद रहे।

# सनातन धर्म के जागृत संत स्वामी परमहंसः कालेंद्रानंद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** राधा विहार स्थित महाशक्ति पीठ वैष्णवी महाकाली मंदिर में श्री रामकृष्ण परमहंस जन्मोत्सव अवसर पर स्वामी कालेंद्रानंद महाराज ने कहा राम कृष्ण परमहंस सनातन धर्म के जागृत संत हैं।



श्री रामकृष्ण विवेकानंद संस्थान के तत्वाधान में आयोजित श्री रामकृष्ण जन्मोत्सव अवसर पर श्री रामकृष्ण परमहंस की प्रतिमा का महा अभिषेक विष्णु सहस्त्रनाम से किया गया और गुरु जी को वस्त्र अर्पण कर माल्या अर्पण किया गया इसके बाद महा भोग अर्पण कर आरती उतारी गई और विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। श्रीरामकृष्ण परमहंस चरित्र महिमा का वर्णन करते हुए स्वामी कालेन्द्रानंद महाराज ने कहा स्वामी रामकृष्ण परमहंस ऐसे जागृत संत थे जिन्होंने मां काली की प्रतिमा को सजीव रूप में जागृत किया जो उनसे बातें किया करती थी और उनके हाथ से भोग प्रसाद खाती थी ।रामकृष्ण परमहंस जी का जीवन जन कल्याण के लिए समर्पित रहा स्वामी विवेक. ानंद जैसे उनके परम शिष्यों में से एक थे जिन्होंने जनकल्याण के लिए अपने जीवन को समर्पित किया महाराज श्री ने कहा यदि गुरु जागृत एवं समर्थ है तो शिष्य में जागृति निश्चित हो जाती है बिना जागृति के प्रभु की प्राप्ति संभव नहीं है इसलिए जागृत गुरु की शरणागति ही जीव का उद्धार करती है।

उन्होंने कहा स्वामी रामकृष्ण परमहंस का जीवन संदेशशील एवं अनुकरणीय है क्योंकि जागृत गुरु ही भक्ति के मार्ग के सभी पर्दे हटाती है जो गुरु के मुख से अमृत धारा के रूप में शिष्यों का कल्याण करती है, महाराज श्री ने कहा जीव की मुक्ति का महामार्ग गुरु भाव का महान पथ है यही भाव शिष्य में जागृति प्रकट कर उसमें दया करुणा एवं जगत कल्याण की भावना को प्रकट कर उसे जगत के कल्याण के लिए प्रस्तुत करती है।

इस अवसर पर रमेश चंद शर्मा नरेश चंदेल अश्विनी कंबोज राजेंद्र धीमान संजय जैन मांगेराम त्यागी अश्वनी त्यागी ज्ञानेंद्र पुंडीर वर्षा किरण बबली विवाह संगीता बबीता राजबाला सुदेश आदि रहे

# ग्राम पंचायत नागल के विकास कार्यों की जांच की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नागल।** किसान दिवस पर कलेक्ट्रेट सभागार मे आयोजित बैठक मे कस्बा निवासी इखलाक ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देते हुए ग्राम पंचायत नागल में तालाब सफाई कार्य की जांच की मांग की है।

मिली जानकारी के मुताबिक इखलाक ने बताया कि उसके द्वारा बीते वर्ष 26.08.2023 व 27.11. 2025 तथा 17.12.2025 को मुख्यमंत्री पोर्टल पर ग्राम पंचायत नागल द्वारा किए विकास कार्यों तथा तालाब पर मोटर नलकूप घोटाले की जांच की मांग करते हुए संबंधित जांचकर्ता व कर्मचारियो के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की गई थी। जिसपर आज तक भी कोई कार्यवाही नहीं हुई है जबकि तत्कालीन जिला कृषि रक्षा अधिकारी द्वारा फाइल का निस्तारण दिखा दिया था। इखलाक ने जिलाधिकारी से संज्ञान लेकर कार्यवाही की मांग की, जिस पर जिलाधिकारी मनीष बंसल ने उचित कार्यवाही करने का आश्वासन दिया।

**सहारनपुर।** मण्डलायुक्त डॉ रूपेश कुमार के निर्देशों के क्रम में सड़क सुरक्षा को लेकर परिवहन विभाग एवं पुलिस विभाग द्वारा संयुक्त रूप से सख्त प्रवर्तन अभियान चलाया गया। अभियान का नेतृत्व सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) श्री मनोज कुमार सिंह ने किया। इस अभियान के दौरान दोपहिया वाहनों पर तीन सवारी बैठाकर चलने तथा बिना हेलमेट वाहन चलाने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की गई।

# भाजपा के प्रशिक्षण वर्ग अभियान की शुरूआत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** भाजपा द्वारा आज पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण वर्ग अभियान की शुरुआत की गई।




भाजपा कार्यालय पर आयोजित प्रशिक्षण वर्ग को संबोधित करते हुए बुलंदशहर के डिस्ट्रिक्ट को ऑपरेटिव चेयरमैन डी के शर्मा ने कहा कि भाजपा केवल चुनावी राजनीति का माध्यम नहीं, बल्कि राष्ट्र पुनर्निर्माण का एक व्यापक आंदोलन है। पार्टी की पहचान उसके सिद्धांतों, अनुशासन और समर्पित कार्यकर्ता शक्ति से होती है। उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान संगठन की दीर्घकालिक रणनीति का महत्वपूर्ण हिस्सा है, जिसका उद्देश्य कार्यकर्ताओं को वैचारिक रूप से परिपक्व, संगठनात्मक रूप से सक्षम और सामाजिक रूप से सक्रिय बनाना है। महापौर डॉ अजय कुमार सिंह ने कहा कि भाजपा एक ऐसा राजनैतिक दल है जो केवल चुनाव के लिए जनता के बीच नही जाती बल्कि भाजपा कार्यकर्ता जनता के सुख दुख में शामिल होता है। उन्होंने कहा कि एआई के माध्यम से केंद्र व प्रदेश सरकार की जो योजनाएं एवं कार्य चल रहे हैं उन्हें जनता के बीच ले कर जाएं और एआई एवं टेक्नोलॉजी के द्वारा निरंतर अपने ज्ञान को बढ़ा कर सरकार के कामो को जनता तक पहुचाने का काम किया जाना चाहिए। श्रेष्ठ कार्यकर्ताओ का निर्माण करने के लिए इस महाअभियान की शुरुआत की गई है क्योंकि विचारधारा से मजबूत व वैचारिक दृष्टि से परिपक्व कार्यकर्ता संगठन की शक्ति हैं।

कार्यक्रम कीअध्यक्षता अभियान संयोजक अमित गगनेजा ने की। कार्यक्रम की शुरुआत वंदे मातरम गायन के साथ की गई।

इस दौरान प्रमुख रूप से पूर्व महापौर संजीव वालिया, पूर्व विधायक जगपाल सिंह, एससी आयोग सदस्य महिपाल वाल्मीकि, हेमंत अरोड़ा, किशोर शर्मा, विपिन कुमार , योग चुघ, डॉ नीलू राणा, ललित कटारिया आदि उपस्थित रहे।

# पेड़ उखाड़ने का विरोध करने पर मारपीट का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** क्षेत्र के गांव निवासी महिला ने अपने पड़ोसी किसान पर खेत में खडे पेड उखाड़ने व गाली गलौज करने का विरोध करने पर मारपीट करने का आरोप लगाया। पीडित ने तीन आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी है।

गांव बुड्ढाखेडा निवासी महिला सुनीता पत्नी चरणसिंह ने थाने पर तहरीर देते हुए बताया कि उसके पति व पुत्र के नाम गांव चकबीबीपुर में काश्तकारी की जमीन है तथा वह हाल में परिवार सहित गांव चकबीबीपुर में रहकर अपनी जमीन पर काश्तकारी कर रहे हैं। पीड़िता का आरोप है कि पड़ोसी किसान द्वारा उसके खेत से एक वर्ष पूर्व में लगाये गये पोपुलर के लगभग दस पेड उखाड़ व तोड दिये गये। जिसके बारे में बात करने पर पड़ोसी किसान उसके साथ गाली गलौज करने लगा विरोध करने पर आरोपी ने मारपीट शुरू कर दी।

बीच-बचाव को आये पीड़िता के चचेरे भाई पर भी आरोपियों ने हमला कर दिया। जिससे उसके नाम व मुह जख्मी हो गया तथा खून बहने लगा। पीड़िता ने बताया कि यदि उसके पति ने विपक्षियों को मारपीट करने से रोका तो उसके साथ भी मारपीट की गयी। पीड़िता ने तीन आरोपियों के खिलाफ तहरीर देकर कानूनी कार्यवाही किये जाने की मांग की है। वहीं पुलिस द्वारा पीड़िता की तहरीर पर जांच शुरू कर दी गयी है।

# साइबर फ्रॉड से बचने के दिए टिप्स

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) द्वारा मिशन कंपाउंड स्थित टेलीफोन एक्सचेंज में आयोजित उपभोक्ता शिक्षा कार्यशाला में दूरसंचार सेवाओं की गुणवत्ता के साथ-साथ वर्तमान में बढ़ रहे साइबर फ्रॉड और स्पैम कॉल्स पर गंभीर चर्चा की गई। कार्यशाला में दूरसंचार सेवाओं को बेहतर बनाने और उपभोक्ता शिकायतों के त्वरित निवारण का संकल्प लिया गया।

कार्यक्रम में उपभोक्ताओं को डिजिटल दुनिया में सुरक्षित रहने के लिए ट्राई के नए नियमों की जानकारी दी गई। बीएसएनएल द्वारा उपभोक्ता शिक्षा कार्यशाला का आयोजन, सेवा की गुणवत्ता पर हुई चर्चा भारत संचार निगम लिमिटेड आज मिशन कंपाउंड स्थित टेलीफोन एक्सचेंज में एक विशेष उपभोक्ता शिक्षा कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का मुख्य विषय दूरसंचार क्षेत्र में सेवा की गुणवत्ता पर विनियमन रहा। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य उपभोक्ताओं को दूरसंचार सेवाओं के मानकों, उनके अधिकारों और क्वालिटी ऑफ सर्विस से संबंधित नियमों के प्रति जागरूक करना था।

विशेषज्ञों ने बताया कि किस प्रकार विभाग अपनी सेवाओं को और अधिक पारदर्शी और बेहतर बनाने के लिए प्रयासरत है। साथ ही उन्होंने विभाग की योजनाओं को सिविल डिफेंस के माध्यम से आमजन तक पहुंचाने और जागरूक करने के लिए चीफ वार्डन राजेश कुमार जैन से अनुरोध किया। उप महाप्रबंधक शूरवीर सिंह ने विभागीय सक्रियता पर जोर देते हुए कहा बीएसएनएल अपने नेटवर्क को सुरक्षित बनाने के लिए लगातार काम कर रहा है। ट्राई के नए नियमों के तहत अब अनधिकृत कॉलर्स पर सख्त कार्रवाई की जा रही है। कार्यशाला में इंटरनेट और मोबाइल फ्रॉड से बचने के लिए ट्राई द्वारा जारी 2026 के नवीनतम उपायों पर विस्तृत जानकारी दी गई।

कार्यशाला को मुख्य वार्डन (नागरिक सुरक्षा) राजेश कुमार जैन, सहायक महाप्रबंधक शशि कुमार, मंडल अभियंता अजय कुमार व संदीप जैन ने भी सम्बोधित किया। कार्यशाला में एसडीई अनुपमा जोशी, राजकुमार, संजय कटारिया, विजय कुमार, जेटीओ चंचल कुमार, मन कुमार, अमित शर्मा, और अनुज शर्मा, जेईराहुल वर्मा और किरण सिंह, अनुराग कुमार, नफीस अहमद और नरेश काला आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# लापरवाही पर जिलाधिकारी ने जताई नाराजगी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जिलाधिकारी मनीष बंसल ने छात्रवृत्ति संबंधी योजनाओं की समीक्षा के दौरान लापरवाही पर सख्त नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देश दिए कि सम्बन्धित सभी शिक्षण संस्थानों को अंतिम चेतावनी जारी की जाए। उन्होंने कहा कि यदि विभाग या शिक्षण संस्थाओं की लापरवाही से किसी भी छात्र को छात्रवृत्ति संबंधी नुकसान हुआ तो संबंधित के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी।



जिलाधिकारी श्री बंसल कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में सीएम डैश बोर्ड पर विकास कार्यों की समीक्षा बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने शिक्षण संस्थाओं एवं विद्यालयों को अंतिम चेतावनी देते हुए कहा कि यदि विभाग या शिक्षण संस्थाओं की लापरवाही से किसी भी छात्र को छात्रवृत्ति संबंधी नुकसान हुआ तो संबंधित के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी। छात्रवृत्ति संबंधी सभी विभाग ऐसे विद्यालयों की सूची तैयार कर जिला विद्यालय निरीक्षक को उपलब्ध कराएं जिससे इन पर अग्रिम कार्यवाही की जा सके। जिलाधिकारी ने जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी को निर्देश दिए कि गांव-गांव में अभियान चलाकर सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी दिव्यांग पेंशन से वंचित न रहे। इसके लिए ग्राम पंचायत सचिवों को भी टारगेट दिया जाए। पर्यटन विभाग से संबंधित निकट भविष्य में पूर्ण होने वाली 05 परियोजनाओं का विवरण उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने एक करोड़ से उपर की परियोजनाओं के निरीक्षण के लिए नामित नोडल अधिकारियों को निर्देश दिए कि समय से निरीक्षण कर आख्या में परियोजना की गुणवत्ता का भी उल्लेख किया जाए। उन्होंने सभी विभागों को निर्देश दिए कि सभी अधिकारी प्रोएक्टिव होकर कार्य को करना सुनिश्चित करें। ग्रेडिंग ए आने का मतलब यह नहीं कि कार्यों में सुस्ती लाई जाए। पोर्टल के डाटा के संबंध में किसी भी त्रुटि के लिए अपने मुख्यालय से समन्वय स्थापित कर ठीक करवाना सुनिश्चित करे। श्री बंसल ने विद्युत विभाग को निर्देश दिए कि आगामी गर्मी के मौसम के दृष्टिगत समय से ही खराब ट्रांसफार्मर, जर्जर तार एवं आवश्यक उपकरणों को दुरूस्त कर लिया जाए। जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देश दिए कि ग्राम पंचायतवार समीक्षा कर प्रत्येक ग्राम पंचायत में विकास कार्यों के लिए सचिवों को टारगेट दिए जाएं। जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी को लोक निर्माण विभाग से संबंधित परियोजनाओं की अद्यतन स्थिति की समीक्षा बैठक कराने के निर्देश दिए। मत्स्य विभाग संबंधी अधिकारी के बैठक में अनुपस्थित रहने पर कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। नेडा विभाग को 25 केवी से ज्यादा लोड वाले कार्यालयों में विभाग से समन्वय करते हुए सोलर रूफ टॉप प्लांट लगाने के संबंध में कार्यवाही की जाए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सहारनपुर सुमित राजेश महाजन, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट विनोद कुमार मीणा, पीडीडीआरडीए प्रणय कृष्ण, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी प्रताप सिंह सहित संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# कुत्तों ने पालिका की सफाईकर्मी पर हमला बोल किया घायल

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** नगर में खूंखार कुत्तों का आतंक तीसरे दिन भी जारी रहा। बृहस्पतिवार को मोहल्ला नेचलगढ़ में कुत्तों ने पालिका की सफाईकर्मी पर हमला बोल दिया। इसमें वह घायल हो गई। सीएचसी से उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया। प्रशासनिक अधिकारी हों या फिर जनप्रतिनिधि सभी खूंखार कुत्तों के आतंक पर चुप्पी साधे हुए हैं। जबकि जनता हर दिन इनका शिकार हो रही है। नगर में लगातार तीसरे दिन कुत्तों ने लोगों को अपना निशाना बनाया है। बृहस्पतिवार को मोहल्ला नेचलगढ़ में पालिका सफाईकर्मी वाल्मीकि बस्ती निवासी कृष्णा सफाई कार्य कर रही थी। इस दौरान पीछे से आए खूंखार कुत्ते ने अचानक कृष्णा के पैर पर हमला कर दिया। जिसमें वह गंभीर रुप से घायल हो गई। शोर मचाने पर आस पडोस के लोगों ने उसे बचाया। बाद में कृष्णा को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।



बता दें, कि नगर में पिछले तीनों दिनों में आवारा कुत्ते बड़ों और छोटे बच्चों को अपना निशाना बना चुके हैं। इन दिनों में कुत्ते सात से अधिक लोगों को हमलाकर गंभीर रुप से घायल कर दिया हैं। नगरवासियों ने अधिकारियों और जनप्रति. निधियों से आवारा कुत्तों के आतंक से निजात दिलाये जाने की मांग की है।


# आरोपियों के खिलाफ कुर्की के वारंट किए जारी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** जानलेवा हमले के मामले में फरार चल रहे पांच आरोपियों के खिलाफ देवबंद न्यायालय ने कुर्की के वारंट जारी किए हैं। पुलिस ने उक्त लोगों के घरों पर नोटिस चस्पा कर दिए हैं।

कोतवाली क्षेत्र के गांव मिरगपुर में बीते वर्ष खेत की मेढ़ को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई थी। जिसमें अमित पुत्र यशपाल समेत कई लोग घायल हो गए थे। इस मामले में पुलिस ने अमित की तहरीर पर गांव के ही जगपाल, अनीस, नीटू, शुभम और आदेश के खिलाफ जानलेवा हमले समेत अन्य धाराओं में मुकदमा कायम किया था। पीड़ित पक्ष द्वारा पुलिस पर आरोपियों को बचाने का आरोप लगाने के बाद डीआईजी सहारनपुर ने उक्त मामले की जांच मुजफ्फरनगर सदर कोतवाली को सौंप दी थी। मुजफ्फरनगर पुलिस तभी से आरोपियों की तलाश कर रही है।

इस मामले में मुजफ्फरनगर पुलिस ने देवबंद एसीजेएम परविंदर सिंह की अदालत में प्रार्थना पत्र देते हुए आरोपियों के कुर्की के वारंट मांगे थे। जिस पर सुनवाई करते हुए अदालत ने आरोपियों के कुर्की के वारंट जारी किए हैं।



मुजफ्फरनगर सदर थाने के इंस्पेक्टर विपिन त्यागी ने बताया कि हत्या के प्रयास के मामले में सभी पांचों आरोपियों के आवास पर अदालत के आदेश के नोटिस चस्पा कर दिए गए हैं। यदि जल्द ही आरोपी कोर्ट में पेश नहीं होते हैं तो फिर कुर्की की कार्रवाई की जाएगी। न्यायालय के आदेशों के संदर्भ में अवगत करा दिया गया है।

# गृह प्रबंधन विषय पर कार्यक्रम का आयोजन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** मोहल्ला बेरुन कोटला स्थित मदरसा-तुल-बनात में बच्चों के प्रायोगिक (प्रैक्टिकल) गृह प्रबंधन विषय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें छात्राओं ने उत्साह के साथ भाग लिया।

कार्यक्रम में छात्राओं ने विभिन्न घरेलू कार्यों तथा भोजन बनाने की व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रस्तुति दी, जिसे लोगों ने पसंद किया। संस्था की प्रधानाचार्य शगुफ्ता परवीन ने बताया की उनकी संस्था धार्मिक वातावरण में कौम व मिल्लत के बच्चों को शिक्षा और संस्कार प्रदान कर रहा है। इस मौके पर मौलाना इब्राहीम कासमी, माजिदा अंजुम, शबुही, निशात, फैजा, नगमा, नदीम, हसीब, जेबा, सादिया, उस्मान आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### संजीव शर्मा 'बिजनौर रत्न' से सम्मानित



**नांगल सोती।** बिजनौरी महासभा हरिद्वार द्वारा एक सराहनीय पहल के तहत निर्बल परिवार की कन्या का विवाह संपन्न कराने वाले समाजसेवी संजीव कुमार शर्मा को 'बिजनौर रत्न' सम्मान से अलंकृत किया गया। समारोह में उपस्थित गणमान्य लोगों ने उनके सामाजिक योगदान की भूरी-भूरी प्रशंसा की। महासभा के संयोजक विपिन शर्मा ने कहा कि संजीव कुमार शर्मा ने ग्रामीण क्षेत्र में रहकर जिस प्रकार एक जरूरतमंद परिवार की कन्या का विवाह कर सामाजिक दायित्व निभाया है, वह समाज के लिए प्रेरणादायी उदाहरण है। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्य समाज में नई चेतना और जागरूकता का संचार करते हैं। बिजनौरी महासभा हरिद्वार के संयोजक प्रमोद गिरि एवं मनोज शर्मा ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि आज के समय में जब लोग व्यक्तिगत स्वार्थ में व्यस्त रहते हैं, ऐसे में संजीव कुमार शर्मा जैसे समाजसेवी मानवता की मिसाल पेश कर रहे हैं। उनका यह प्रयास सामाजिक एकता और सहयोग की भावना को मजबूत करता है। समारोह के दौरान उपस्थित लोगों ने संजीव कुमार शर्मा को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा भविष्य में भी इसी प्रकार समाजहित में कार्य करते रहने की अपेक्षा जताई। इस मौके पर ओमकार आजाद, मनोज शर्मा, मनोज गिरि ने अपने विचार व्यक्त किए।

### बी.टैक का परीक्षाफल घोषित



**बिजनौर।** डा. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम टैक्निकल यूनिर्वसिटी लखनऊ द्वारा बी.टैक (कम्प्यूटर साइंस) विषम सेमेस्टर के घोषित परीक्षा परिणाम में वीर कुंवर इन्स्टीट्यूट ऑफ टैक्नालॉजी का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। बी.टैक प्रथम सेमेस्टर के छात्र अनुज कुमार ने 75.11 प्रतिशत अंक पाकर प्रथम स्थान, तृतीय सेमेस्टर की छात्रा दिव्यांशी सेठ ने 79.30 प्रतिशत अंक पाकर प्रथम स्थान पंचम सेमेस्टर की छात्रा अंशिका रानी ने 81.55 प्रतिशत अंक पाकर प्रथम स्थान एंव सप्तम सेमेस्टर की छात्रा रश्मि रानी ने 89.33 प्रतिषत अंक पाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। कॉलेज के प्रबन्ध निदेशक अभिषेक सिंह, डीन एकेडिमिक राजीव कुमार एवं विभाग के समस्त शिक्षकों ने छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### मगरमच्छ रेस्क्यू कर गंगा नदी में छोड़ा



**नांगल सोती।** रायपुर खास के निकट तालाब में पिछले कुछ दिन से मगरमच्छ देखा जा रहा था। बृहस्पतिवार की सुबह लगभग सात- आठ फिट लंबा मगरमच्छ तालाब से निकलकर आबादी के समीप आ गया, जिसे देखने के लिए लोगों की भीड़ एकत्र हो गई। सूचना पर वानिकी विभाग के दरोगा विकास कुमार के नेतृत्व में पहुंची टीम ने मगरमच्छ को पड़कर गंगा नदी में छोड़ दिया।

### मॉर्निंग स्टार स्कूल में वार्षिकोत्सव

**नजीबाबाद।** मॉर्निंग स्टार पब्लिक स्कूल भागूवाला में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें स्कूल का वार्षिक उत्सव व स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ हवन पूजन के साथ किया गया। जिसमें पंडित कक्कूदत्त शर्मा ने वैदिक मंत्रोचारण के साथ सभी को आहुतियां प्रदान कराई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह देशवाल ने कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रम हमारी संस्कृति की पहचान है। ऐसे कार्यक्रमों से बच्चों का मनोबल बढ़ता है। उन्होंने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम व खेलकूद का हमारे जीवन में बहुत बड़ा योगदान होता है। सरस्वती विद्या मंदिर के पूर्व प्रधानाचार्य विक्रम सिंह ने कहा कि बच्चों को शिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन में पढ़ाई कर सही दिशा में आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमें अपने नैतिक व्यवहार को अच्छा बनाना चाहिए और सभी का सम्मान करना चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रबंधक नौबहार सिंह एवं संचालन सोहराब हैदर जैदी ने किया।

### आयुष्मान कार्ड निर्माण कार्य की समीक्षा

**स्योहारा।** उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं नोडल अधिकारी डॉ. राजेंद्र विश्वकर्मा ने स्योहारा के शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में बैठक कर आयुष्मान कार्ड निर्माण कार्य की समीक्षा की। उन्होंने सीएचसी अधीक्षक डॉ. बी.के स्नेही को निर्देश देते हुए कहा कि ब्लॉक के सभी शेष पात्र लाभार्थियों के कार्ड शीघ्र बनाकर शत-प्रतिशत लक्ष्य पूरा किया जाए अन्यथा लापरवाही पर कार्रवाई की जाएगी। बताया गया कि ब्लॉक स्योहारा में 82,248 लक्ष्य के सापेक्ष 50,532 आयुष्मान कार्ड बन चुके हैं, जबकि 31,716 कार्ड शेष हैं। 25 नवंबर 2025 से चल रहा विशेष अभियान अप्रैल 2026 तक जारी रहेगा। आशा कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण देकर मरैहल्ला-वार सूची भी उपलब्ध कराई गई है। योजना के अंतर्गत पात्र परिवार अंत्योदय राशन कार्ड धारक, श्रम कार्ड धारक, आशा-आंगनवाड़ी कार्यकर्ता तथा 70 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिक कार्ड बनवा सकते हैं।

## मोहित बेनीवाल का जन्मदिन मनाया



**चांदपुर।** मौहल्ला गोकुलनगर निवासी भाजपा के वरिष्ठ नेता कपिल चौधरी (शीरे वालों) ने एमएलसी/प्रदेश उपाध्यक्ष मोहित बेनीवाल का जन्मोत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया। कपिल चौधरी के सैकड़ों समर्थकों ने मोहित बेनीवाल की लम्बी आयु और लम्बे राजनीतिक सफर की कामना की। इस मौके पर अर्पित गोयल, वीरेन्द्र राजपूत, सुमित अग्रवाल, सौरभ चौधरी, अंकित गुप्ता, बीडीसी गौरव लाम्बा, मन्जित सिंह, अजयपाल सिंह, विपिन बंसल, मौ. राशिद, मौ. आसकीन आदि मौजूद रहे।

# भागवत के घर वापसी के बयान पर भड़के मदनी, वीडियो वायरल

**देवबन्द।** जमीयत उलेमा ए हिंद के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत के 'मुसलमानों की घर वापसी' संबंधी बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए दो टूक कहा कि 20 करोड़ मुसलमानों को कैसे हिंदू बनाओगे?। मौलाना ने ऐसे बयानों को देश को तबाही की ओर ले जाने वाला बताया है।

गुजरात के अहमदाबाद में हुए एक कार्यक्रम में मौलाना अरशद मदनी ने देश के वर्तमान हालात पर चिंता जताते हुए मोहन भागवत के बयान को आड़े हाथों लिया था। मदनी की यह वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रही है। जिसमें मौलाना मदनी ने सवाल उठाते हुए नजर आ रहे हैं कि क्या 20 करोड़ मुसलमानों और 6 करोड़ ईसाइयों की भी 'घर वापसी' कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि इस तरह की बातें देश को नफरत और टकराव की ओर ले जाएंगी। कहा कि जो आवाज देश को दुश्मनी की तरफ ले जाए, वह वफादारी की आवाज नहीं हो सकती। मदनी ने दो टूक कहा कि देश में शांति, भाईचारा और आपसी सद्भाव केवल धर्मनिरपेक्ष संविधान के तहत ही संभव है। उन्होंने आरोप लगाया कि 'घर वापसी' जैसे बयानों से नफरत का माहौल बनाया जा रहा है, जो भारत की साझा संस्कृति के खिलाफ है। वर्तमान हालात पर चिंता जाहिर करते हुए मदनी ने कहा कि देश में मॉब लिंचिंग और धार्मिक हिंसा की घटनाएं बढ़ी हैं। गाय के नाम पर हत्याएं, गिरजाघरों पर हमले



और अल्पसंख्यकों के खिलाफ माहौल चिंता का विषय है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि नफरत की राजनीति जारी रही तो भविष्य में बहुसंख्यक और अल्पसंख्यक दोनों को इसका खामियाजा भुगतना पड़ सकता है।

## काशीरामपुर में कैंसर से 25 से अधिक मौतें

**नजीबाबाद।** मंडावली क्षेत्र के ग्राम काशीरामपुर में कैंसर के बढ़ते मामलों और 25 से अधिक मौतों की खबर के बाद प्रशासन हरकत में आया है। नजीबाबाद तहसील प्रशासन की एक टीम ने ग्राम का दौरा किया और पीड़ितों के परिजनों से मुलाकात की। यह कार्रवाई सोमवार को एक स्थानीय अखबार में प्रका. शित हुई एक खबर के बाद हुई, जिसमें ग्राम में कैंसर से 25 लोगों की मौत और छह अन्य के पीड़ित होने का उल्लेख किया गया था। इसके बाद प्रशासन ने जांच के लिए एक टीम गठित की थी। बुधवार को एडीओ कृषि विकास कुमार, हल्का लेखपाल अजब सिंह सैनी और सचिव महेश कुमार ग्राम सचिवालय पहुंचे।

# स्वच्छ जलस्रोत की सौगात

## धामपुर शुगर मिल की पहल से ग्राम हर्रा में तालाब का लोकार्पण

शाह टाइम्स संवाददाता

**धामपुर।** धामपुर शुगर मिल द्वारा सामाजिक दायित्व के अंतर्गत ग्राम हर्रा अहमदपुर जलाल में तालाब की सफाई, सुदृढ़ीकरण एवं सौंदर्यीकरण कार्य पूर्ण कर उसका लोकार्पण समारोह आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ उप जिलाधिकारी धामपुर स्मृति मिश्रा ने फीता काटकर एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच तालाब पर शिलापट का अनावरण कर किया। इस अवसर पर धामपुर शुगर मिल के उपाध्यक्ष निष्काम गुप्ता, ग्राम प्रधान अनीता देवी, जैतरा के ग्राम प्रधान आदित्य वीर सिंह, गज्जूपुरा के प्रधान इंद्रवीर सिंह तथा चौधरी अरुण प्रताप सिंह मौजूद रहे।

कार्यक्रम के दौरान उप जिलाधिकारी स्मृति मिश्रा का धामपुर शुगर मिल प्रबंधन की ओर से पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। इसके उपरांत मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन किया गया। प्राथमिक विद्यालय हर्रा अहमदपुर जलाल के बच्चों ने सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत कर कार्यक्रम को सांस्कृतिक गरिमा प्रदान की।

धामपुर शुगर मिल द्वारा आयोजित मोबाइल हेल्थ कैंप का उद्घाटन भी उप जिलाधिकारी ने फीता काटकर किया। स्वास्थ्य शिविर में ग्रामीणों एवं स्कूली बच्चों का नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा आवश्यक दवाइयां और चश्मे वितरित किए गए। इसके



पश्चात पंडित सुनील शास्त्री द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूजा-अर्चना कर तालाब का विधिवत लोकार्पण संपन्न कराया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ग्राम प्रधान आदित्य वीर सिंह, ग्राम प्रधान इंद्रवीर सिंह एवं चौधरी अरुण प्रताप सिंह ने धामपुर शुगर मिल प्रबंधन द्वारा ग्रामीण क्षेत्र में किए जा रहे जनहितकारी कार्यों की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया। उप जिलाधिकारी स्मृति मिश्रा ने ग्रामीणों से तालाब की नियमित साफ-सफाई बनाए रखने की अपील की और इस पहल को पर्यावरण संरक्षण तथा जल संरक्षण की दिशा में सराहनीय कदम बताया। धामपुर शुगर मिल के उपाध्यक्ष निष्काम गुप्ता ने बताया कि शुगर मिल समूह के चेयरमैन कुंवर अशोक कुमार गोयल की प्रेरणा से मिल प्रबंधन द्वारा अपने कार्यक्षेत्र के गांवों में तालाबों का जीर्णोद्धार, वृक्षारोपण, सोलर लाइट एवं हैंडपंप की स्थापना जैसे कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि अब तक दो गांवों में तालाबों की सफाई एवं सौंदर्यीकरण कराया जा चुका है, 200 सोलर लाइट और 15 हैंडपंप लगाए गए हैं। इसके साथ ही पिछले चार वर्षों से ग्रामीण क्षेत्रों में नियमित रूप से नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाए जा रहे हैं, जिनमें इस वर्ष अब तक लगभग 18,500 ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें नि:शुल्क दवाइयां एवं चश्मे वितरित किए गए हैं। इस अवसर पर प्राथमिक विद्यालय की प्रधानाचार्या ममता देवी एवं शिक्षकों के सहयोग से बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। धामपुर शुगर मिल की ओर से विद्यालय के विद्यार्थियों को कॉपियां, किताबें, पेंसिल, रबर, कटर एवं रंगों की किट वितरित की गईं। विद्यालय के उपयोग हेतु दरी एवं ट्यूबलाइट भी भेंट की गईं।

**श्रृंखला विलेख खोने/ गिरने के संबंध में**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि संपत्ति म्युनिस्पल न.144 रकबई 125.60 वर्ग मीटर वाके ग्राम रामदासपुर उर्फ नागल परगना नागल तहसील देवबंद जिला सहारनपुर को उसके मालिक मौहम्मद आलम पुत्र कल्लन निवासी ग्राम मीरपुर मोहनपुर परगना नागल तहसील देवबन्द जिला सहारनपुर द्वारा आदित्य बिरला कैपिटल लि0 के पक्ष में गिरवी रखते हुए ऋण लेना प्रस्तावित है। इस बाबत न्कीस अहमद आदि उक्त द्वारा यह भी प्रदर्शित किया गया है कि इस सम्पत्ति की बाबत पूर्व मूल दस्तावेज इकरार नामा दिनांकी 23.07.2001 इकरारी राजसिंह बहक शाहने आलम एवं रियासत अली जिसकी रजि0 दफ्तर सब रजिस्ट्रार देवबन्द जिला सहारनपुर ने बही नं0 1 जिल्द नं0 2165/2452 पृष्ठ 10/403-406 दस्तावेज नं0 7351 पर दिनांकी 23.07.2001 को हुई है, कही खो गया है तथा काफी तलाश करने के पश्चात भी नहीं मिला है। आदित्य बिरला लि0 सभी को इस नोटिक के माध्यम से सूचित कर्ता है यदि किसी या सभी व्यक्ति इस सम्पत्ति के संबंध में पूर्णतया या अंशत बिक्री गिरवी दान अधिकार पत्र पट्टे लाइसेंस तथा Change/Easement द्वारा किसी भी प्रकार का हित रखता है तो इस पब्लिक नोटिक के जारी होने के 7 दिन के अंदर आदित्य बिरला कैपिटल लि0 वाके सुल्तान आरकेड दिल्ली रोड सहारनपुर पर तुरंत संपर्क कर साक्ष्य सहित अपनी आपत्तियां प्रस्तुत कर सकता है।

**वीरेन्द्र सिंह एडवोकेट**

चैम्बर नम्बर 95 सिविल कोर्ट सहारनपुर 9837040508.

# रमजान मुबारक का महीना इंसानियत व हमदर्दी का पैगाम : मुफ्ती अरशद

शाह टाइम्स संवाददाता

**नजीबाबाद।** जमीयत उलेमा ए हिंद बिजनौर के जिला जनरल सेक्रेटरी मुफ्ती मौहम्मद अरशद कासमी ने कहा है कि रमजान मुबारक का महीना अल्लाह की तरफ से रहमतों व बरकतों से भरा हुआ मुबारक महीना है। यह महीना इबादत, आत्म-सुधार व इंसानियत का पूरा संदेश लेकर आता है। यह इंसान को अपने रब से जोड़ता है और साथ ही उसे समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का एहसास भी दिलाता है।

रोजा सिर्फ भूखा-प्यासा रहने का नाम नहीं है, बल्कि यह सब्र, आत्म-संयम और तकवा (ईश्वर-भय व सजगता) की शिक्षा देता है। जब इंसान अपनी बुनियादी जरूरतों को कुछ समय के लिए रोक देता है, तो उसे भूख और प्यास की तकलीफ का एहसास होता है। यही एहसास उसे गरीबों, मजलूमों और जरूरतमंद लोगों के करीब ले जाता है। रमजान हमें सिखाता है कि इबादत और इंसानियत एक दूसरे से अलग नहीं है। अल्लाह की इबादत दिल को साफ करती है और इंसानों की सेवा उस इबादत को पूरा करती है। इसी वजह से इस महीने में जकात, सदका और फित्रा जैसे काम समाज में

### झूठ, नफरत और अन्याय से दूर रहने की अपील

बराबरी और हमदर्दी का माहौल बनाते हैं। इसी मुकद्दस महीने में कुरआन शरीफ नाजिल हुआ, जो पूरी इंसानियत के लिए हिदायत, अमन और भाईचारे का संदेश देता है। इसका उद्देश्य है कि इंसान अपने अंदर अच्छाई पैदा करे और दूसरों के लिए आसानी का जरिया बने।

रमजान का असली मकसद यह है कि हम अपने चरित्र को बेहतर बनाएं, झूठ, नफरत और अन्याय से दूर रहें, और हर इंसान चाहे वह किसी भी धर्म या समुदाय से हो उसके साथ भलाई और हमदर्दी का व्यवहार करें। आज जब दुनिया में तनाव और दूनियां बढ़ रही हैं, रमजान हमें मोहब्बत, सब्र और आपसी सम्मान का रास्ता दिखाता है। इस पवित्र महीने में हम संकल्प लें कि अपनी इबादतों को सच्चाई और निष्ठा के साथ अदा करेंगे और इंसानियत की सेवा को अपना नैतिक और धार्मिक कर्तव्य समझेंगे, ताकि समाज में अमन, भाईचारा और एकता को मजबूती मिल सके।

# थाना परिसर में अमन कमेटी की बैठक

## होली, रमजान व ईद आपसी भाईचारे के साथ मनाने का आह्वान

शाह टाइम्स संवाददाता

**स्योहारा।** आगामी होली रमजान और ईद के त्योहारों को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से थाना परिसर में अमन कमेटी की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में नगर के गणमान्य नागरिकों, धर्मगुरुओं, जनप्रतिनिधियों और समाजसेवियों ने भाग लेकर आपसी भाईचारे एवं शांति बनाए रखने का संकल्प दोहराया।

बैठक में शहर इमाम मौलाना कामिल कासमी, मौलाना अरशद हक्की, डॉ. यज्ञदत्त गौड़ एडवोकेट, अमित वर्मा, राजवीर त्यागी, राजपाल प्रजापति, मास्टर विजय पाल सिंह, डॉ. विनीत देवड़ा, वसीम प्रधान, इंतजार अहमद, प्रधान सलीम अहमद, केशव त्यागी सहित अन्य सम्मानित नागरिक मौजूद रहे। सभी उपस्थित लोगों ने त्योहारों के दौरान आपसी सहयोग और शांति व्यवस्था बनाए रखने पर जोर दिया। थाना प्रभारी ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि त्योहारों के दौरान किसी



भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें और सोशल मीडिया पर भ्रामक संदेशों से बचें। उन्होंने बताया कि पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क है तथा नगर में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं की जा चुकी हैं।

शहर इमाम मौलाना कामिल कासमी ने कहा कि नगर में मुस्लिम समाज की बड़ी आबादी होने के बावजूद हिंदू समाज के त्योहारों का पूरा सम्मान किया जाता है। होली के अवसर पर रंग खेलने के दौरान भी लोगों को एक-दूसरे का ध्यान रखने और सहयोग करने की नसीहत दी जाती है ताकि त्योहार खुशियों के साथ मनाया जा सके। मौलाना अरशद हक्की ने कहा कि नगर हमारी साझा विरासत है और गंगा-जमुनी तहजीब को बनाए रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि चाहे ईद हो या होली सभी धर्मों का सम्मान करते हुए प्रेम और भाईचारे के साथ त्योहार मनाना ही हमारी पहचान है।

डॉ. विनीत देवड़ा ने कहा कि स्योहारा नगर में लोग एक परिवार की तरह रहते हैं, जहां छोटा-बड़ा सभी एक-दूसरे का सम्मान करते हैं और त्योहारों को शांतिपूर्वक संपन्न कराने में सक्रिय भूमिका निभाते हैं। वहीं अमित कुमार वर्मा ने भी कहा कि नगर में सभी समुदाय मिलजुल कर त्योहार मनाते हैं और यही आपसी एकता नगर की सबसे बड़ी ताकत है। बैठक में मौजूद अन्य वक्ताओं एवं गणमान्य नागरिकों ने भी आपसी भाईचारा, प्रेम और सौहार्द बनाए रखने पर जोर देते हुए कहा कि त्योहार सामाजिक समरसता को मजबूत करने का अवसर होते हैं और सभी को मिलकर इन्हें खुशी व शांति के साथ मनाना चाहिए। उपस्थित लोगों ने प्रशासन को पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया तथा नगरवासियों से भी शांति और सद्भाव बनाए रखने की अपील की। साथ ही अमन कमेटी की बैठक में आए कई लोगों ने पुलिस प्रशासन से यह शिकायत भी की कि बैठक की सूचना नगर के सभी गणमान्य नागरिकों तक समय से नहीं पहुंच पाती है, जिसके कारण कई लोग बैठक में शामिल नहीं हो पाते। इस पर प्रशासन से भविष्य में व्यापक सूचना व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की गई।

# जलभराव से जनजीवन बेहाल ग्रामीणों का सड़क पर प्रदर्शन



शाह टाइम्स संवाददाता

**स्योहारा।** बुढ़नपुर ब्लॉक के बहादुरपुर गांव में जलभराव और गंदगी की समस्या से ग्रामीण परेशान हैं।

गांव की सड़कों पर जमा गंदे पानी और कीचड़ के कारण लोगों का निकलना मुश्किल हो गया है। स्कूली बच्चों को रोजाना गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ता है। वहीं बुजुर्गों के फिसलकर गिरने का खतरा बना रहता है। ग्रामीणों का कहना है कि कई बार अधिकारियों से शिकायत करने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हुआ। नाराज ग्रामीणों ने गंदे पानी में खड़े होकर विरोध प्रदर्शन किया और जल्द जल निकासी व सड़क सुधार की मांग की। उन्होंने चेतावनी दी कि

### समाधान न होने पर आंदोलन की चेतावनी

समस्या का समाधान न होने पर आंदोलन किया जाएगा। प्रदर्शन में बीना देवी, क्रांति देवी, शारदा देवी, चंद्रावती देवी, नन्ही, कुसुम देवी, हरि सिंह, अनिल कुमार, पुष्पराज सिंह सहित अन्य ग्रामीण मौजूद रहे। ग्राम प्रधान ने बताया कि उपलब्ध बजट के अनुसार गांव में चरणबद्ध तरीके से नाली व सड़क निर्माण कराया जा रहा है। शेष स्थानों की समस्याओं को भी जल्द दूर करने का प्रयास किया जाएगा।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### तीन मैच पॉइंट बचा कर गॉफ क्वार्टर फाइनल में

**दुबई, वार्ता।** कोको गॉफ ने बुधवार रात को तीन मैच पॉइंट बचाए और एलिस मर्टेंस को 2-6, 7-6 (9), 6-3 से हराकर दुबई क्वार्टर फाइनल में पहुंच गईं। 2 घंटे और 18 मिनट में मिली इस जीत ने 2021 के बाद पहली बार यह दिखाया कि गॉफ ने टूर-लेवल की जीत में मैच पॉइंट बचाए और बेल्जियम की खिलाड़ी के खिलाफ अपना रिकॉर्ड 5-0 कर लिया। गॉफ ने कोर्ट पर अपने इंटरव्यू में कहा कि पूरा मैच ऐसा लगा जैसे मेरे हिसाब से नहीं जा रहा है। यह सबसे अच्छा नहीं था, लेकिन मैंने बस इसमें बने रहने की कोशिश की, और मैंने हर पॉइंट के लिए लड़ाई की। मुझे खुशी है कि मैं आज रिजल्ट ला पाई। गॉफ 2001 में टूर्नामेंट शुरू होने के बाद से दुबई ड्यूटी फ्री टेनिस चैंपियनशिप में चार क्वार्टर फाइनल तक पहुंचने वाली सबसे कम उम्र की खिलाड़ी बन गईं।

### निराशाजनक अभियान का अच्छा अंत करना चाहेगी अफगानिस्तान

**चेन्नई, वार्ता।** डेड रबर मुक़ाबले अब अफग़ानिस्तान के लिए नहीं रह गए हैं। उन्होंने 2023 वनडे विश्व कप में इंग्लैंड, पाकिस्तान, श्रीलंका और नीदरलैंड्स को हराया था और ऑस्ट्रेलिया को हराने के बेहद करीब थे। न्यूजीलैंड, ऑस्ट्रेलिया और बांग्लादेश को हराते हुए उन्होंने 2024 टी-20 विश्व कप सेमीफाइनल में अपनी जगह बनाई थी। इस टी-20 विश्व कप में ग्रुप ऑफ डेथ का हिस्सा बनाए जाने पर उनके आगे जाने की पूरी उम्मीद थी। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ डबल सुपर ओवर वाले मैच में दिल तोड़ने वाली हार ने उनके अभियान को अधर में लटका दिया था। कनाडा के खिलाफ उनका मैच अब केवल एक मैच ही है।

# जिम्बाब्वे ने श्रीलंका को भी दी पटखनी

**जबरदस्त प्रदर्शन जारी, टी-20 विश्वकप के ग्रुप बी में शीर्ष पर टीम**



**कोलंबो, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया को हराने वाले जिम्बाब्वे ने अपना जबरदस्त प्रदर्शन जारी रखते हुए आज श्रीलंका का भी शिकार कर लिया और टी-20 विश्वकप के ग्रुप बी में शीर्ष पर पहुंच गया। ब्लेसिंग मुजारबानी, ब्रैड एवंस और ग्रीम क्रेमर (दो-दो विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के बाद ब्रायन बेनेट ( नाबाद 63 ) कप्तान सिकंदर रजा (45 ) की विस्फोटक बल्लेबाजी की बदौलत जिम्बाब्वे ने गुरुवार को टी-20 विश्वकप 38वें मुकाबले में श्रीलंका को तीन गेंदे शेष रहते छह विकेट से मात दे दी। जिम्बाब्वे के इस जीत के बाद सात अंक हो गये है और वह ग्रुप बी में शीर्ष स्थान पर पहुंच गया है। श्रीलंका छह अंकों के साथ दूसरे स्थान पर है। दोनों टीमों ने सुपर आठ में जगह बना ली है। 179 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी जिम्बाब्वे के लिए ब्रायन बेनेट और तडिवनाशे मारुमानी की जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 69 रन जोड़े। नौवें ओवर में दुनित वेल्लालगे ने तडिवनाशे मारुमानी को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। तडिवनाशे मारुमानी ने 26 गेंदों में पांच चौके और एक छक्का लगाते हुए 34 रन बनाए। 12वें ओवर में दसून शानका ने रायन बर्ल 12 गेंदों में 23 रन को आउट कर श्रीलंका को दूसरी सफलता दिलाई। जिम्बाब्वे का तीसरा विकेट सिकंदर रजा के रूप में 19वें ओवर में गिरा। सिकंदर रजा ने 26 गेंदों में चार छक्के और दो चौके लगाते हुए 45 रनों की पारी खेली। इसी ओवर में दुशान हेमंता ने तालशगा मुसेकिवा (एक) को आउट कर अपना दूसरा विकेट झटका। लेकिन टोनी मुनयोंगा ने 20वें ओवर की पहली गेंद पर छक्का और ब्रायन ने तीसरी गेंद पर चौका मारकर टूर्नामेंट का एक और बड़ा उलटफेर कर दिया। जिम्बाब्वे ने 19-3 ओवरों में चार विकेट पर 182 रन बनाए। ब्रायन बेनेट ने 48 गेंदों पर नाबाद 63 रन में आठ चौके लगाये। सिकंदर रजा को 'प्लेयर ऑफ द मैच' का पुरस्कार मिला। इससे पहले आज यहां श्रीलंका ने जिम्बाब्वे के खिलाफ टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए नित्रािरित 20 ओवरों में सात विकेट पर 178 रनों का चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाया। पथुम निसंका और कुसल परेरा की जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 54 रन जोड़े। पांचवें ओवर में ब्लेसिंग मुजारबानी ने कुसल परेरा को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। कुसल परेरा ने 14 गेंदों में 22 रन बनाए। इसके बाद कुसल मेंडिस ने पथुम निसंका के साथ दूसरे विकेट लिए 46 रन जोड़े। 13वें ओवर में रायन बर्ल ने कुसल मेंडिस (14) को आउट कर श्रीलंका को दूसरा झटका दिया। अगले ही ओवर में ग्रीम क्रेमर ने पथुम निसंका का शिकार कर लिया। पथुम निसंका ने 41 गेंदों में आठ चौकों की मदद से 62 रन बनाए। पवन रत्नायके ने 25 गेंदों में तीन चौके व दो छक्के लगाए।

# भारत से मुद्दा जल्द सुलझाना चाहते हैं बांग्लादेश के नए खेल मंत्री

- **अमीनुल हक बीसीसीआई और भारत के साथ रिश्ते ठीक करने को लेकर उत्सुक**

**ढाका, वार्ता।** बांग्लादेश के नए खेल मंत्री अमीनुल हक, बीसीसीआई और भारत के साथ रिश्ते ठीक करने को लेकर उत्सुक हैं, उन्होंने कहा कि वह इस मुद्दे को जल्दी सुलझाना चाहते हैं, यह बात उन्होंने मौजूदा पुरुषों के टी-20 वर्ल्ड कप में बांग्लादेश के हिस्सा न लेने का जिक्र करते हुए कही।

आम चुनावों के बाद बांग्लादेश की नई कैबिनेट के शपथ लेने के बाद अमीनुल ने कहा कि आज शपथ लेने के बाद, मैं पार्लियामेंट बिल्डिंग में भारत के डिप्टी हाई कमिश्नर से मिला। मैंने उनके साथ टी-20 वर्ल्ड कप पर बात की। ष्यह एक अच्छी बातचीत थी। मैंने उनसे कहा कि हम इस मुद्दे को बातचीत से जल्दी सुलझाना चाहते हैं क्योंकि हम अपने सभी पड़ोसी देशों के साथ दोस्ताना रिश्ते बनाए रखना चाहते हैं। भारत और श्रीलंका में खेले जा रहे टी-20 वर्ल्ड कप में बांग्लादेश की जगह स्कॉटलैंड ने ले ली, क्योंकि उनकी पिछली सरकार ने जियोपॉलिटिकल तनाव के कारण टीम को भारत नहीं भेजने का फैसला किया था कि वे इसके बजाय श्रीलंका में खेलना चाहते थे। घटनाओं का सिलसिला तब शुरू हुआ जब भारत सरकार ने कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) से आईपीएल 2026 में एकमात्र बांग्लादेशी खिलाड़ी मुस्तफिजुर रहमान को अपनी टीम से हटाने के लिए कहा, और आईसीसी द्वारा टीम को इस बड़े टूर्नामेंट से बाहर करने के साथ खत्म हुआ।

# खाचानोव से भिड़ेंगे अल्काराज

- **नंबर 1 खिलाड़ी ने वैलेंटिन रॉयर को 6-2, 7-5 से हराया**



**दोहा, वार्ता।** बुधवार को दोहा में कतर एक्सॉनमोबिल ओपन में कार्लोस अल्काराज ने शानदार फर्निश करते हुए सीधे सेटों में जीत हासिल की। एटीपी रैंकिग में नंबर 1 खिलाड़ी ने वैलेंटिन रॉयर को 6-2, 7-5 से हराकर हार्ड-कोर्ट एटीपी 500 में क्वार्टर-फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली।

अल्काराज ने दूसरे सेट में 2-5 से लगातार पांच गेम जीते, और अपने लेवल को हमेशा की तरह शानदार तरीके से ऊपर उठाते हुए 96 मिनट में दूसरे राउंड में जीत हासिल की। जब अल्काराज से पूछा गया कि क्या उन्हें कभी शक हुआ कि वह जीत हासिल कर सकते हैं, तो उन्होंने कहा कि जाहिर है मुझे हर चीज के लिए तैयार रहना था।कुछ पल ऐसे थे जब मैंने तीसरे सेट के बारे में सोचा, मैं झूठ नहीं बोलूंगा, लेकिन जाहिर है यह मेरे दिमाग में एक छोटी सी जगह थी जो ऐसा सोच रही थी। बाकी सब कुछ सॉल्यूशन खोजने, फिर से सही रास्ता खोजने पर काम कर रहा था। ऑस्ट्रेलियन ओपन टाइटल जीतने के बाद अब लगातार नौ मैच जीतने वाले अल्काराज गुरुवार को आखिरी चार में जगह बनाने के लिए कैरेन खाचानोव से भिड़ेंगे। सातवें सीड वाले खाचानोव, जिन्होंने बुधवार को मार्टन फुकसोविक्स को 6-2, 4-6, 6-4 से हराया था, कतर की राजधानी में 2024 के चैंपियन थे। अल्काराज अब आउटडोर हार्ड कोर्ट पर लगातार 27 मैच जीतने वाले हैं, जो पिछले अगस्त में सिनसिनाटी ओपन में उनके टाइटल जीतने के बाद से है। 22 साल के अल्काराज दोहा में अपनी पहली ट्रॉफी जीतने की कोशिश कर रहे हैं, जहां एक साल पहले इवेंट में डेब्यू करते समय वह क्वार्टर-फाइनल स्टेज में जिरी लेहेका से हार गए थे। अल्काराज कतर में खाचानोव के खिलाफ अपने परफेक्ट रिकॉर्ड को आगे बढ़ाने की कोशिश करेंगे। वह जोड़ी की हेड2हेड सीरीज में 5-0 से आगे हैं, जिसमें 2024 में बीजिंग में उनकी एकमात्र हार्ड-कोर्ट मीटिग में सीधे सेटों में जीत शामिल है। अल्काराज के ड्रॉ के हाफ में दूसरे क्वार्टर-फाइनल में पांचवीं सीड व डिफेंडिग चैंपियन आंद्रेई रुब्लेव का मुकाबला स्टेफानोस सितसिपास से होगा।

# वेस्टइंडीज ने इटली को 42 रनों से हराया

- **166 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी इटली के बल्लेबाज वेस्टइंडीज गेंदबाजी आक्रमण के आगे खुलकर नहीं खेल सके**

**कोलकाता, वार्ता।** शाई होप (75) की आतिशी अर्द्धशतकीय पारी के बाद शमार जोसेफ (चार विकेट) और मैथ्यू फोर्ड (तीन विकेट) के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत वेस्टइंडीज ने गुरुवार को टी-20 विश्वकप के 37वें मुक. ाबले में इटली को 42 रनों से शिकस्त दी।

166 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी इटली के बल्लेबाज वेस्टइंडीज गेंदबाजी आक्रमण के आगे खुलकर नहीं खेल सके और अंतराल पर विकेट गंवाते रहे। इटली की पूरी टीम 18 ओवर में 123 रन ही बना सकी और 42 रनों से मुकाबला हार गई। बेंजमिन मनेंटी ने इटली के लिए सर्वाधिक 26 रन बनाए। उनके अलावा जे जे स्मट्स (24), एंथनी मोस्का (19) और ग्रांट स्टुअर्ट 12 रन बनाकर आउट हुए। इटली के सात बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। वेस्टइंडीज के लिए शमार जोसेफ ने चार विकेट लिए। मैथ्यू फोर्ड को तीन और गुडाकेश मोती को दो विकेट मिले। अकील हुसैन ने एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले इटली ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज ने कप्तान शाई होप की आतिशी अर्धशकीय पारी की मदद से निर्धारित 20 ओवरों में छह विकेट पर 165 रनों का स्कोर खड़ा किया। वेस्टइंडीज की शुरुआत अच्छी नहीं हुई और उसने 31 के स्कोर तक अपने दो विकेट गंवा दिए। ब्रैंडन किग (चार), शिमरॉन



हेटमायर (एक) रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद रॉस्टन चेज ने शाई होप के साथ पारी को संभाला।

दोनों बल्लेबाजों के बीच तीसरे विकेट के लिए 64 रनों की साझेदारी हुई। 13वें ओवर में बेंजा. मिन मनेंटी ने रॉस्टन चेज 24 को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। रोवमन पॉवेल (नौ) को 15वें ओवर में मनेंटी ने अपना शिकार बनाया। अगले ही ओवर में कृषण कालूगामगे ने शाई होप को बोल्ड कर पवेलियन भेज दिया। शाई होप ने 46 गेंदों में छह चौके और चार छक्के लगाते हुए 75 रनों की पारी खेली। जेसन होल्डर नौ रन बनाकर आउट हुए।

# सम्मान बचाने की आखिरी लड़ाई लड़ेंगे कंगारु

- **यह एक ऐसा मुकाबला है जिसमें रोमांच की उम्मीद है, भले ही दोनों टीमें टूर्नामेंट से बाहर हो गई हैं**

**पल्लेकेले, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया और ओमान टी-20 वर्ल्ड कप 2026 के 40वें मैच में पल्लेकेले इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में भिड़ेंगे। यह एक ऐसा मुकाबला है जिसमें रोमांच की उम्मीद है, भले ही दोनों टीमें टूर्नामेंट से बाहर हो गई हैं।



ऑस्ट्रेलिया अपने वर्ल्ड कप कैंपेन को शानदार तरीके से खत्म करना चाहता है और ओमान लगभग नामुमकिन उलटफेर की कोशिश में है, ऐसे में दबदबा गर्व, वापसी और अपनी बड़ाई करने का है। ऑस्ट्रेलिया इस मैच में निराशा से निकलने और पक्के इरादे के साथ उतरेगा। आयरलैंड के खिलाफ अच्छी शुरुआत के बाद, जिम्बाब्वे और श्रीलंका से लगातार हार ने टूर्नामेंट में उनकी उम्मीदें खत्म कर दीं। धीमी, मुश्किल पिचों पर बैटिंग करना मुश्किल रहा है, लेकिन ट्रैविस हेड और मिशेल मार्श जैसे खिलाड़ियों ने फॉर्म में होने पर हावी होने की काबिलियत दिखाई है। पल्लेकेले में श्रीलंका के खिलाफ पिछले मैच में, हेड और मार्श ने मिलकर सिर्फ 8.4 ओवर में 104 रन बनाए, जिससे पावरप्ले में ऑस्ट्रेलिया की धमाकेदार काबिलियत का पता चलता है। मिडिल ऑर्डर में टिम डेविड, मार्कस स्टोइनिस, कैमरन ग्रीन और जोश इंगलिस हैं, और उनके पास बाद के ओवरों में तेजी से रन बनाने की ताकत है। जोश हेजलवुड और पैट कमिस के चोटिल होने की वजह से बॉलिंग चिंता का विषय रही है, लेकिन नाथन एलिस, जेवियर बार्टलेट, कूपर कोनोली और स्टोइनिस से ओमान की बैटिंग को झकझोरने की उम्मीद है।

बीच के ओवरों में एडम जम्पा की स्पिन गेम को कंट्रोल करने के लिए जरूरी होगी। ओमान का टूर्नामेंट मुश्किल रहा है, ज्यादातर मैचों में उसे भारी हार मिली है और वह ग्रुप बी में चौथे स्थान पर रहा है। उनकी बैटिंग काफी हद तक कप्तान जतिदर सिंह और आमिर कलीम पर निर्भर करती है, जो एक अलग तरह के लाइनअप में शानदार परफॉर्मर रहे हैं। हम्माद मिर्जा और विनायक शुक्ला जरूरी रन बना सकते हैं, लेकिन ऑस्ट्रेलिया के पेस और स्पिन अटैक के सामने टीम को मुश्किल का सामना करना पड़ रहा है। ओमान की बॉलिंग पूरे समय संघर्ष करती रही है, ज्यादातर बॉलरों ने प्रति ओवर 10 से ज्यादा रन दिए हैं।

शकील अहमद सबसे असरदार रहे हैं, उन्होंने 8-25 की इकॉनमी से तीन विकेट लिए हैं, लेकिन ऑस्ट्रेलिया को चुनौती देने के लिए टीम को शानदार प्रदर्शन की जरूरत होगी। पल्लेकेले की पिच एक बैलेंस्ड सतह है जिसमें शुरुआत में बल्लेबाजों को थोड़ा फायदा मिलता है। पहली पारी में 180-200 के आस-पास के बड़े स्कोर को मुश्किल माना जाता है, और स्पिनर आमतौर पर बीच के ओवरों में खेल में आते हैं।

### शीर्ष रैंक्ड एयर राइफल निशानेबाज एक मंच पर आएंगे

**मुंबई, वार्ता।** भारत के शीर्ष 20 रैंक्ड 10 मीटर एयर राइफल निशानेबाज 16वें आरआर लक्ष्य कप में प्रतिस्पर्धा करेंगे। यह टूर्नामेंट आरआर ग्लोबल द्वारा संचालित है और लक्ष्य शूटिंग क्लब, करनाला स्पोर्ट्स अकादमी, पनवेल, नवी मुंबई में आयोजित होगा। केवल आमंत्रण आधारित यह प्रतियोगिता 21 और 22 फरवरी को आयोजित की जाएगी। इसमें जूनियर और सीनियर वर्ग के प्रमुख खिलाड़ी एक पेशेवर ढंग से संचालित, अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप प्रतियोगिता में भाग लेंगे। इसमें पुरुषों और महिलाओं के लिए समान पोडियम अवसर होंगे, साथ ही शीर्ष स्थान पाने वालों के लिए नकद पुरस्कार और उपकरण पुरस्कार भी दिए जाएंगे। सीनियर चैंपियन को 1-5 लाख रुपये और रोटेटिग सिल्वर ट्रॉफी दी जाएगी, जो फिलहाल नेवी के किरण जाधव के पास है। जूनियर चैंपियन को 75,000 दिए जाएंगे।

# रणजी : कर्नाटक फाइनल में खिताबी मुकाबले में जम्मू-कशमीर से भिड़ेगा

- **देवदत्त, केएल राहुल, आर स्मरण के शानदार शतकों की बदौलत कर्नाटक का उत्तराखंड के खिलाफ खेला गया मैच ड्रॉ घोषित**

**लखनऊ, वार्ता।** देवदत्त पड़िक्कल, केएल राहुल, आर स्मरण के शानदार शतकों के बाद गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत कर्नाटक का उत्तराखंड के खिलाफ खेला गया रणजी ट्रॉफी 2026 का 15 फरवरी को शुरु हुआ पहला सेमीफाइनल मैच गुरुवार को ड्रा घोषित हुआ।

दिन को खेल समाप्त होने किए जाने के समय उत्तराखंड ने दूसरी पारी में छह विकेट पर 260 रन बना लिए थे। कर्नाटक अब खिताबी मुकाबले में ऐतिहासिक जीत दर्ज कर फाइनल में पहुंची जम्मू-कश्मीर से भिड़ेगा। देवदत्त पड़िक्कल को दोहरे शतक के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' के पुरस्कार से नवाजा गया। कर्नाटक



ने कल के छह विकेट पर 299 रनों से आगे खेलना शुरु किया। सुबह के सत्र में उत्तराखंड के गेंदबाजों ने बेहतरीन प्रदर्शन करे हुए कर्नाटक की दूसरी पर को 323 के स्कोर पर समेट दिया। इसके बाद उत्तराखंड को मैच जीतने के लिए 827 रनों लक्ष्य मिला। उत्तराखंड के लिए मयंक मिश्रा ने चार विकेट लिए। अभय नेगी को दो विकेट मिले। जगदीश सुचित और अविनाश सुधा ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। विशाल लक्ष्य का पीछा करने उतरी उत्तराखंड के बल्लेबाज दूसरी पारी में भी एक बार फिर लड़खडाते नजर आए और लगातार विकेट गंवाते गए। मैच ड्रा किए जाने के समय उत्तराखंड ने 260 रनों पर छह विकेट गंवा दिए थे। सौरभ रावत (नाबाद 53) और अभय नेगी (नाबाद 57) क्रीज पर डटे हुए थे। इसके अलावा अवनीश सुधा ने (66), कप्तान कुणाल चंदेला (20), जगदीश सुचित (19) और भूपेन लालवानी (15) रन बनाकर आउट हुए।

### टॉप सीड फ्रांसिस्को सेरुंडोलो रियो ओपन से बाहर



**रियो डी जेनेरो, वार्ता।** टॉप सीड फ्रांसिस्को सेरुंडोलो बुधवार को पीठ के निचले हिस्से में चोट के कारण रियो ओपन से रिटायर हो गए, जिससे उनका पहला एटीपी 500 टाइटल जीतने का सपना टूट गया। दुनिया के 19वें नंबर के खिलाड़ी जॉकी क्लब ब्रासीलीरो में अपने राउंड-16 मैच में अर्जेंटीना के थियागो अगस्टिन तिरांटे से 6-2, 3-1 से पीछे चल रहे थे, जब उन्होंने फिजियोथेरेपिस्ट से इलाज कराने के लिए खेल रोक दिया और फिर फैसला किया कि वह आगे नहीं खेल सकते। ऑफिशियल मेडिकल रिपोर्ट तुरंत उपलब्ध नहीं थी। तिरांटे ने कहा कि इस तरह जीतना अच्छा नहीं है, खासकर फैन के साथ, जो मेरे दोस्तों में से एक है। ष्मुझे पता था कि वह पिछले हफ्ते से बहुत थका हुआ था, इसलिए मुझे कोर्ट पर खुद को बेहतर बनाना था और खुद पर फोकस करना था। अगले राउंड में टिरांटे का मुकाबला फ्रांसेस्को पासारो या एलेजांद्रो टेबिलो से होगा। सेरुंडोलो पिछले हफ्ते अर्जेंटीना ओपन बिना कोई सेट गंवाए जीतने के बाद जबरदस्त फॉर्म में रियो पहुंचे थे, और उन्होंने मंगलवार को पहले राउंड में अपने ही देश के मारियानो नवोन को 6-3, 6-4 से हराया था। उनके हटने से ब्राजील के पसंदीदा और तीसरे सीड जोआओ फोंसेका, जो दुनिया के 38वें नंबर के खिलाड़ी हैं, के लिए ड्रॉ खुल गया है, जो गुरुवार को राउंड ऑफ 16 में पेरू के इग्नासियो बुसे का सामना करेंगे।

### ग्लेन मैक्सवेल का करियर खत्म हो गया है : रिकी पोंटिंग

**दुबई, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग का मानना है कि आलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल का करियर खत्म हो गया है और मौजूदा टी 20 विश्व कप उनका आखिरी आईसीसी इवेंट था। पोंटिंग के अनुसार, ऑस्ट्रेलिया के खराब टी-20 वर्ल्ड कप में बहुत सारी फॉर्म और फिटनेस की दिक्कतें एक साथ आई, उनका यह भी मानना है कि ग्लेन मैक्सवेल ने अपना आखिरी ग्लोबल इवेंट खेला है। ऑस्ट्रेलिया ग्रुप स्टेज में एक गेम बाकी रहते - शुक्रवार को ओमान के खिलाफ - जिम्बाब्वे और श्रीलंका से भारी हार के बाद टूर्नामेंट से बाहर हो गया। हालांकि टीम ने 2025 में ज्यादातर समय बाइलेटरल क्रिकेट में दबदबा बनाए रखा था, लेकिन वे वर्ल्ड कप में भारत और पाकिस्तान से लगातार पांच मैच हारकर आए थे और टीम में चोट की समस्या भी थी। पैट कमिस और जोश हेजलवुड श्रीलंका नहीं जा पाए।

# अभिषेक शर्मा की शून्य हैट्रिक, भारत की चिंता बढ़ी

**भारत के असिस्टेंट कोच, रयान टेन डेशकाटे ने फिलहाल इस छोटी सी चिंता को नजर अंदाज कर दिया है**



**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत ने टी-20 विश्व कप में अपने चारों ग्रुप मैच जीत लिए हैं लेकिन सुपर आठ में जाने से पहले ओप. नर अभिषेक शर्मा का फॉर्म भारत की सबसे बड़ी चिंता होगी। भारत ने मौजूदा टी-20 वर्ल्ड कप के इतने ही मैचों में चार जीत हासिल की हैं और फिर भी, इस फॉर्मेट में नंबर 1 बैटर के बल्ले से एक भी रन की जरूरत नहीं पड़ी। लगातार तीन डक के बाद, अभिषेक ने यह पक्का कर दिया है कि कॉम्पिटिशन की सबसे खतरनाक बैटिंग लाइन-अप भी अपने सबसे अच्छे रूप में नहीं है। भारत के असिस्टेंट कोच, रयान टेन डेशकाटे ने फिलहाल इस छोटी सी चिंता को नजरअंदाज कर दिया है, कम से कम सबके सामने तो जरूर। बुधवार को नीदरलैंड्स पर भारत की 17 रन की जीत के बाद टेन डेशकाटे ने कहा कि उसने कल रात नेट्स में बहुत अच्छी बैटिंग की, उसने 90 मिनट बैटिंग की। आपको उसे थोड़ी जगह भी देनी होगी। वह ग्रुप फेज में बहुत अच्छा महसूस नहीं कर रहा था, उसने कुछ दिन हॉस्पिटल में बिताए और (नामीबिया के खिलाफ) गेम मिस कर दिया। यह उसके लिए अब तक बहुत निराशाजनक टूर्नामेंट रहा है। लेकिन मैंने कल रात उसकी बॉल स्ट्राइकिग में कुछ बहुत अच्छे संकेत देखे। इसलिए उसके बारे में कोई चिंता नहीं है, जब दूसरा फेज आएगा तो वह ठीक हो जाएगा। यह समझा जा सकता है कि अभिषेक का इस कॉम्पिटिशन में एक भी रन न खरीद पाना चिंता की बात क्यों नहीं है। पहली बात, वह डेढ़ साल के शानदार प्रदर्शन के दम पर टूर्नामेंट में आया है, जिसने उसे दुनिया की रैंकिग लिस्ट में टॉप पर पहुंचाया है। दूसरी बात, उसके आउट होने का कोई खास पैटर्न नहीं है, जबकि अमेरिका और पाकिस्तान दोनों ने माना है कि उन्होंने बाएं हाथ के इस खिलाड़ी के आउट होने की प्लानिग में काफी समय बिताया था। उन्होंने संजय कृष्णमूर्ति की गेंद पर डीप कवर में कैच दे डाला, सलमान आगा की गेंद पर मिड ऑन पर पुल करने में चूक गए, और आर्यन दत्त की गेंद पर पुल करने से चूक गए। असल में कोई पैटर्न नहीं है। यह देखते हुए कि बाकी बैट्समैन ने अलग-अलग मौकों पर अच्छा खेला है, अभिषेक की मुश्किलों ने अभी तक टीम को परेशान नहीं किया है, ठीक वैसे ही जैसे ज्यादातर दिनों में होता है जब अभिषेक रन नहीं बना पाए हैं। पाकिस्तान के खिलाफ ईशान किशन की धमाकेदार बल्लेबाजी ने यह पक्का कर दिया कि अभिषेक का जल्दी आउट होना चिंता की बात नहीं है। इससे पहले, इसी तरह के दुर्लभ शुरुआती आउट में, संजू सैमसन ने बांग्लादेश और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सेंचुरी लगाई थीं, जब अभिषेक क्लिक नहीं कर पाए थे। टी-20 में भारत का दबदबा ओपनर्स द्वारा शुरुआती कंट्रोल हासिल करने की वजह से आया है। ऊपर से देखें तो, पिछले वर्ल्ड कप के बाद से ओपनिग स्लॉट पर कब्जा करने वाले सभी खिलाड़ियों ने ठीक-ठाक प्रदर्शन किया है, इतना कि रोहित शर्मा और विराट कोहली की जगह भरना मुश्किल नहीं था, और पुरानी यादों के लिए भी, उनकी कमी महसूस नहीं हुई। लेकिन थोड़ा हटकर देखें, तो आपको जितना अंदाजा होगा, उससे कहीं ज्यादा बातें छिपी हुई हैं। ओपनर्स - अभिषेक, संजू सैमसन, शुभमन गिल, ईशान किशन और यशस्वी जायसवाल - की अपनी-अपनी काबिलियत ने इस सच्चाई को छिपा दिया है कि भारत को इस दबदबे के दौर में अच्छी ओपनिग पार्टनरशिप नहीं मिल रही है, जहां उन्होंने अपने लगभग 80 प्रतिशत मैच जीते हैं। उस कंट्रोल का ज्यादातर दबाव नंबर 3 - ईशान किशन, तिलक वर्मा और उनके जैसे खिलाड़ियों पर पड़ा है, खासकर उस समय जब सूर्यकुमार यादव भी संघर्ष कर रहे थे। डेशकाटे इस बात की पुष्टि करते हैं कि हालांकि यह ध्यान देने वाली बात है, लेकिन बहुत सारे खिलाड़ी हैं जो अलग-अलग समय पर योगदान दे रहे हैं।

## रमजान मुबारक



तीसरा रोजा

| | | |
|---|---|---|
| सहरी | सुन्नी | 5.31 |
| | शिया | 5.22 |
| इफ्तार | सुन्नी | 6.12 |
| | शिया | 6.29 |

**रोजा हर आकिल बालिग मुसलमान पर फर्ज किया गया है।रोजा जहाँ दीनी ऐतबार से ईमान मजबूत करता है वहीं वैज्ञानिक आधार पर शरीर को अनेक प्रकार की समस्याओं से बचाता है और अंदरूनी शरीर को मजबूत करता है।तो फिर क्यों न हम इस नायाब मौके को अपनी दुनिया और आखिरत को संवारने में इस्तेमाल करें।**

**कुरआन करीम**

# निगम में शामिल गांवों में विकास नहीं: आशु

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** सहारनपुर देहात से समाजवादी पार्टी के विधायक आशु मलिक ने विस्तारित नगर निगम में शामिल किए गए गांव में काम ना कराए जाने को लेकर विधानसभा में नगर निगम की पाल खोल कर रख दी।

विधायक आशु मलिक विधानसभा सत्र के दौरान नगर निगम के विस्तारित बजट पर बोल रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि सरकार ने बजट में 450 करोड रुपए का प्रावधान तो क्या है परंतु जमीनी हकीकत इससे कुछ अलग ही है। उन्होंने सहारनपुर नगर निगम का उदाहरण देते हुए कहा कि नगर निगम बनाए जाने के समय उसमें 32 गांव और आउटर की कालोनियांजोड़े गए थे उन्होंने अपनी विधानसभा के गांव के नाम गिनाते हुए कहा कि दानिश कॉलोनी, गुलदस्ता कॉलोनी, रमजानपुर, गणपति कॉलोनी, कैलाश



विहार, नवादा रोड, काजीपुरा, काज.वाला, सड़क डोली आदि गांव में आज तक एक ईंट तक नहीं लगी है, यही नहीं विभागीय मंत्री के सहारनपुर आगमन के दौरान भाजपा यह मुद्दा उठ गया तो उन्होंने भी इसको प्राथमिकता में शामिल किया था। इसके बावजूद गांव का विकास आज तक नहीं हो पाया जिस कारण ने तो वह ग्राम पंचायत से ग्राम का काम कर पाते हैं और नहीं नगर निगम द्वारा वहां कोई काम हो पता है। जिस कारण वहां अधिकांश सड़के कच्ची हैं बरसात के दिनों में वहां कीचड़ रहता है। विधायक आशु मलिक ने विधानसभा अध्यक्ष मांग की है कि नगर निगम में शामिल किए गए गांव में तेजी से विकास कार्य कराया जाए।

विधायक आशु मलिकन ने बताया कि नगर विकास मंत्री ने विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत कार्य कराने का आश्वासन दिया है और लगभग 3 करोड़ रुपये स्वीकृत किए जाने की बात कही है।

इसके साथ ही मैंने गांव पिंजोरा में दलित समाज के लिए शमशान घाट / अंत्येष्टि स्थल की अत्यंत संवे.दनशील और वर्षों पुरानी मांग भी उठाई। मंत्री जी ने इस विषय पर जल्द ही अंत्येष्टि स्थल बनाने का आश्वा.सन दिया है । यह केवल सुविधा का प्रश्न नहीं, सम्मान और समान अधिकार का विषय है।

उन्होंने कहा कि जब तक 32 गाँवों में सड़क, नाली और जल निक.ासी की स्थायी व्यवस्था नहीं हो जाती, और जब तक पिंजोरा के दलित समाज को उनका सम्मानजनक शमशान घाट नहीं मिल जाता, तब तक यह आवाज सदन के अंदर भी उठती रहेगी और बाहर भी।

# साहनी आत्महत्या मामले में गुप्ता बंधुओं के खिलाफ प्राथमिकी रद्द करने के आदेश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** देहरादून के बहुचर्चित बिल्डर संतिदर सिंह साहनी आत्महत्या मामले में उत्तराखंड हाईकोर्ट ने गुप्ता बंधुओं के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी को रद्द करने का आदेश दिया।

साहनी की आत्महत्या के बाद सुसाइड नोट के आधार पर दक्षिण अफ्रीका से लौटे तीन गुप्ता भाइयों में से एक अजय कुमार गुप्ता तथा उनके बहनोई अनिल कुमार गुप्ता के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई थी। उच्च न्यायालय के अवलोकनों से संकेत मिलता है कि जांच एजेंसियों को ठोस और निर्णायक साक्ष्य स्थापित करने में कठिनाई हुई। विशेष रूप से आत्महत्या नोट की फोरेंसिक पुष्टि नहीं हो सकी, क्योंकि उसकी हस्तलिपि के संबंध में किसी ठोस निष्कर्ष पर नहीं पहुँच पाया। मृतक के पुत्र से तुलनात्मक हस्तलिपि नमूने प्राप्त करने के प्रयास सफल नहीं हुए, जिससे जांच का एक महत्वपूर्ण पहलू अधूरा रह गया। अदालत को जांच अधिकारी से बार–बार स्पष्टीकरण लेना पड़ा और अंततः यह बताया गया कि आत्महत्या नोट और मृतक की लिखावट के बीच कोई निर्णायक फोरेंसिक संबंध स्थापित नहीं हो सका।

न्यायालय ने यह भी माना कि केवल उत्पीड़न या तनावपूर्ण संबंधों के आरोप, बिना ठोस साक्ष्य के, आत्महत्या के लिए उकसाने का अपराध सिद्ध करने के लिए पर्याप्त नहीं हैं।

साक्ष्यों की अपर्याप्तता पर आधारित प्रतीत होता है, न कि केवल जांच के प्रयासों के अभाव पर। जांच एजेंसियों ने फोरेंसिक परीक्षण और साक्ष्य जुटाने के प्रयास किए, लेकिन वे निर्णायक स्तर तक नहीं पहुँच पाए।

इन परिस्थितियों में अदालत द्वारा एफआईआर को निरस्त करना मुख्यतः साक्ष्यों की अपर्याप्तता पर आधारित प्रतीत होता है, न कि केवल जांच के प्रयासों के अभाव पर। जांच एजेंसियों ने फोरेंसिक परीक्षण और साक्ष्य जुटाने के प्रयास किए, लेकिन वे निर्णायक स्तर तक नहीं पहुँच पाए।

हालाँकि, यह भी कहा जा सकता है कि ऐसे संवेदनशील मामलों में साक्ष्य संग्रह, गवाहों के बयान, डिजिटल ट्रेल और वित्तीय लेन–देन की गहन जांच जैसे पहलुओं में और अधिक सुदृढ़ता से काम किया जाता तो अभियोजन की स्थिति मजबूत हो सकती थी।

## न्यायालय के आदेश पर नशा तस्कर को दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** थाना पुलिस टीम ने अदालत के आदेश पर नशा तस्करी के मामले में एक वारण्टी को गिरफ्तार किया है। जिसको न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है।

थाना प्रभारी विनोद कुमार की अगुवाई में पुलिस टीम ने एक वारण्टी अभियुक्त फरमान पुत्र असलम निवासी ग्राम नयाबाँस थाना चिलकाना को उसके मकान से गिरफ्तार किया है।

आरोपी के खिलाफ पूर्व से ही न्यायालय में नशा तस्करी करने के सम्बन्ध में एक मुकदमा प्रचलित है। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया है। गिरफ्तार करने वाली टीम में एसआई नरेन्द्र सोलंकी व कांस्टेबल विपिन नैन शामिल रहे।

# सोमानी सेरेमिक्स ने खोला शोरूम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** सोमानी सेरेमिक्स लिमिटेड ने सोफिया मार्किट में अपने नए एटेलियर शोरूम को लॉन्च किया है, जिसका संचालन गुप्ता ब्रदर्स द्वारा किया जाएगा। इस प्रीमियम स्पेस को सोमानी के सबसे लक्जरी एवं आधुनिक टेक्नोलॉजी वाले टाइल कलेक्शन को दर्शाने के लिए पेश किया गया है।



लॉन्च के अवसर पर सोमानी सेरेमिक्स लिमिटेड के सीईओ अमित सहाय ने कहा कि पिछले पांच दशकों से सोमानी को शानदार डिजाइनों एवं इनोवेशन्स के लिए जाना जाता है। सहारनपुर में हमारे नए एटेलियर शोरूम का लॉन्च शहर के उपभोक्ताओं को उत्कृष्ट अनुभव प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस शोरूम में उपभोक्ता हमारे बेहतरीन कलेक्शन को देख सकेंगे, इनकी कलात्मकता को समझ सकेंगे व अपने लिविंग स्पेसेज के लिए सोच–समझ कर प्रोडक्ट्स की खरीदारी कर सकेंगे। यह विस्तार विश्वस्तरीय डिजाइनों को हमारे उपभोक्ताओं के करीब लाने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

# ट्रेन मैनेजर एवं सेवानिवृत्त गार्ड सम्मानित

## ऑल इंडिया गार्ड काउंसिल अंबाला मंडल का 61वें स्थापना दिवस पर आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** ऑल इंडिया गार्ड काउंसिल, अंबाला मंडल द्वारा परिषद के 61वें स्थापना दिवस पर रेलवे के ट्रेन मैनेजरों एवं सेवानिवृत्त गार्डों को उनके उत्कृष्ट कार्य, कर्तव्यनिष्ठा, समर्पण एवं रेल संचालन में उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रशस्ति पत्र एवं मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया।

सम्मान समारोह में ट्रेन मैनेजर धर्मवीर, अमीर आलम, योगेश कुमार, विशूदीप, अर्जुन शेरावत, उत्सव सेठ, ए.के. सिंह, एम.के.जैन, राजू एवं सोमचंद को उनकी ड्यूटी के दौरान उत्कृष्ट कार्य निष्पादन, जिम्मेदारीपूर्ण सेवा एवं रेलवे के सुरक्षित एवं सुचारू संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने हेतु




सम्मानित किया गया।इसके साथ ही रेलवे सेवा से सेवानिवृत्त हो चुके कश्मीरी लाल, कृष्ण लाल दुआ, अरुण शर्मा, मनजीत सिंह काला, बाबू राम, सुनील गिलहौत्रा एवं बाबू लाल सूर्या को भी उनके दीर्घकालीन समर्पित सेवाकाल, अनुकरणीय कार्यशैली एवं रेलवे के प्रति उनकी निष्ठा के लिए विशेष रूप से सम्मानित किया गया। वरिष्ठ स्टेशन अधीक्षक अनिल त्यागी, ट्रैफिक इंस्पेक्टर संजय कुमार एवं एरिया ऑफिसर अनिल कुमार आदि ने सभी सम्मानित ट्रेन मैनेजरों एवं सेवानिवृत्त गार्डों को प्रशस्ति पत्र प्रदान करते हुए उन्हें मेडल पहनाकर सम्मानित किया। वरिष्ठ स्टेशन अधीक्षक अनिल त्यागी ने कहा कि रेलवे की सुरक्षित एवं सफल संचालन व्यवस्था में ट्रेन मैनेजरों एवं गार्डों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। ट्रेन मैनेजर धर्मवीर ने सम्मान प्राप्त करने पर प्रसन्नता की।

# तानाशाही के विरोध में कांग्रेसियों का धरना प्रदर्शन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जिला एवं महानगर कांग्रेस के संयुक्त तत्वधान में कांग्रे.सियों ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा के नीचे धरना देकर लखनऊ में कांग्रेस नेताओं व कार्यकर्ताओं के शांतिपूर्ण प्रदर्शन को बाधित करने के लिए पुलिस द्वारा भाजपा सरकार के इशारे पर किए गए बर्बरतापूर्ण लाठीचार्ज का विरोध जताया।

धरना स्थल पर उपस्थित कांग्रेसजनों को संबोधित करते हुए कांग्रेस जिलाध्यक्ष संदीप सिंह राणा ने पुलिस के इस बर्बरतापूर्ण लाठीचार्ज की कार्यवाही को सत्ता के नशे में चूर भाजपा नेतृत्व की एक ऐसी साजिश बताया जिससे भाजपा सरकार विपक्ष की आवाज को दबाने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि जनहित के मुद्दों से भटकी भाजपा सरकार सत्ता



के नशे में चूर होकर भ्रष्टाचार में आकंठ तक डूब कर जनहित में कांग्रेस की उठ रही आवाज को दबा देना चाहती है। कांग्रेस जनहित से जुड़े मुद्दों को हमेशा की तरह उठाती रहेगी और जन समस्याओं के समाधान हेतु संघर्ष करती रहेगी। हम गांधी जी की विचारधारा को आगे बढ़ते हुए, अहिंसा के रास्ते पर चलकर अपने संघर्ष को जारी रखेंगे।

महानगर अध्यक्ष मनीष त्यागी, युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष गौरव वर्मा, जिला उपाध्यक्षगण सरदार चंद्रजीत सिंह निक्कू, वरुण शर्मा व नितिन शर्मा ने भी संबोधित किया।

इस अवसर पर जिला प्रवक्ता गणेश दत्त शर्मा, सेवादल जिला अध्यक्ष इमरान कुरेशी, मनीष सहगल, पंडित सुमन शर्मा, इकराम खान, महानगर उपाध्यक्ष हरिओम मिश्रा, नीरज कपिल, युवा कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष अनिरुद्ध गुरुंग, महानगर महासचिव मयंक शर्मा, प्रभजीत सिंह, सरदार हनी सिंह, इम्तियाज अहमद, शमीम अहमद, नसीम खान, शर्मिष्ठा सिंह, शाहबाज अली, विपिनकांत शर्मा, राकेश वर्मा, मनोज शर्मा, शमीम अहमद, आदि उपस्थित रहे।

# दो सड़क हादसों में तीन लोग गंभीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अंबेहटा।** कस्बे में गुरुवार को दो अलग–अलग सड़क दुर्घटनाओं में एक बाइक सवार और दो अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर किया गया है, जहां उनकी हालत नाजुक बनी हुई है। पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है और शामिल वाहनों को जब्त कर लिया है।

पहली घटना गंगोह रोड पर हुई, जहां एक तेज रफ्तार कार ने रेहड़ा चालक को जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में गंगोह के मोहल्ला गुलाम ओलिया निवासी रेहड़ा चालक साकिब और सरकारी मास्टर राजेश कुमार बुरी तरह घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कार की स्पीड इतनी तेज थी कि टक्कर से रेहड़ा पलट गया और दोनों व्यक्ति सड़क पर गिर पड़े। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद घायलों को प्राथमिक उपचार देकर जिला अस्पताल भेजा गया।

दूसरी दुर्घटना इस्लाम नगर रोड पर हुई, जहां एक बाइक सवार सड़क हादसे का शिकार हो गया। घायल की पहचान मुजफ्फरनगर जिले के थाना मंसूरपुर निवासी अंकुर के रूप में हुई है।

पुलिस के अनुसार, यह हादसा संभवतः तेज गति या लापरवाही से हुआ। अंकुर को भी गंभीर चोटें आईं और उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

पुलिस अधिकारियों ने बताया

**मौके पर पहुंची पुलिस ने हादसों को अंजाम देने वाले वाहन किए जब्त**

कि दोनों घटनाओं में शामिल वाहनों को कब्जे में ले लिया गया है और चालकों के खिलाफ मामला दर्ज करने की प्रक्रिया चल रही है। स्थानीय निवासियों ने सड़क सुरक्षा को लेकर चिंता जताई है और प्रशासन से गति नियंत्रण के उपाय करने की मांग की है।

दोनों मामलों की जांच जारी है और आगे की कार्रवाई रिपोर्ट के आधार पर की जाएगी।




## नगर भ्रमण कराया

**गंगोह।** मोहल्ला महलतला स्थित गीताभवन चलती देवी मंदिर में जारी मंदिर जीर्णोद्धार एवं मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के अंतर्गत देव प्रतिमाओं को बाजेगाजे के साथ नगर भ्रमण कराया गया।

श्री लक्ष्मी नारायण मंडल के तत्वावधान में शिव परिवार, श्रीराम दरबार, राधा–कृष्ण, मां दुर्गा तथा मां अन्नपूर्णा की प्रतिमाओं की स्थापना के लिए नगर भ्रमण यात्रा की शुरुआत से पूर्व महंत सुशील शर्मा, श्री लक्ष्मी नारायण संकीर्तन मंडल के प्रधान रघुनंदन गोयल, प्रबंधक राक.श गोयल, सभासद नीरज अग्रवाल, व्यापारी नेता मनोज गोयल आदि ने विधि–विधान से धर्मध्वजा पूजन कर और नारियल फोड़कर यात्रा की शुरूआत की। जिसमें सुसज्जित वाहनों पर विराजमान मनोहारी देव प्रतिमाओं के दर्शन कर श्रद्धालु आनन्दित नजर आयें। बड़ी संख्या में श्रद्धालु धर्मध्वजा लेकर भजनकीर्तन करते हुए चल रहे थे।

# छह–छह माह रहेंगे अध्यक्ष व उपाध्यक्ष



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नकुड़।** नकुड़ बार एसोसिएशन का इस वर्ष का चुनाव ऐतिहासिक और अत्यंत दिलचस्प रहा। पहली बार अध्यक्ष और उपाध्यक्ष दोनों पदों पर प्रत्याशियों को बराबर मत मिलने से अभूतपूर्व स्थिति बनी, जिसे आपसी सहमति से सुलझाया गया।

नकुड़ तहसील में बार संघ के अध्यक्ष पद पर संजय शर्मा और प्रदीप चौधरी को 71–71 मत प्राप्त हुए। वहीं उपाध्यक्ष पद पर मदनलाल शर्मा और रामसिंह सैनी को 70–70 मत मिले। परिणाम टाई होने के बाद निर्णायक मंडल ने प्रत्याशियों और उनके प्रतिनिधियों से विचार विमर्श किया। सर्वसम्मति से निर्णय हुआ कि दोनों पदों पर प्रत्याशी बारी–बारी से छह छह माह तक कार्यभार संभालेंगे। वरिष्ठता के आधार पर संजय शर्मा पहले छह माह अध्यक्ष रहेंगे जबकि अगले छह माह प्रदीप चौधरी दायित्व निभाएंगे।

उपाध्यक्ष पद पर पहले छह माह मदनलाल शर्मा और बाद के छह माह रामसिंह सैनी कार्यभार संभालेंगे। बार संघ में कुल 143 मतदाता हैं जिनमें से 142 ने मतदान किया। उपाध्यक्ष पद पर दो मत नोटा में पड़े जो चुनाव की रोचकता को दर्शाता है। सचिव पद पर अरविंद कुमार ने 92 मत पाकर 42 मतों से जीत दर्ज की जबकि सतीश शर्मा को 50 मत मिले। सह सचिव पद पर नरेश कश्यप निर्विरोध चुने गए। कोषाध्यक्ष पद पर विवेक जैन विजयी रहे। सीनियर गवर्निंग काउंसिल में नसमी अख्तर और अल्ताफ तथा जूनियर गवर्निंग काउंसिल में आशीष कुमार व नितिन चौधरी निर्विरोध निर्वाचित हुए।

## रमजान माह के लिए सजी दुकानें

**गंगोह।** रमजान माह की शुरुआत होते ही बाजारों में सेहरी और इफ्तार के लिए खजला–फेनी, शीरमाल, पापे, सिवइयों और खजुर की दुकाने सज गई है। जिनपर ग्राहकों की भीड़ उमड़ रही है। रमजान के मुकद्दस माह में इन पारंपरिक व्यंजनों की बेहद मांग बढ जाती है। बाजारों में रौनक बढने से दुकानदारों के चेहरों की रौनक भी बढ गई है। रमजान शुरू होते ही सुबह से देर रात तक ग्राहकों की आवाजाही बनी रहती है। आज देर सायं से ही मस्जिदों में तराबीह पढने का सिलसिला शुरु हो गया है।














# ग्लोकल विश्वविद्यालय में व्हाइट कोट सेरेमनी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** ग्लोकल कॉलेज ऑफ आयुर्वेदिक मेडिकल साइंस एंड रिसर्च सेंटर और ग्लोकल कॉलेज ऑफ यूनानी मेडिकल साइंस एंड रिसर्च सेंटर द्वारा विश्वविद्यालय ऑडिटोरियम में नवप्रवेशी विद्यार्थियों के लिए व्हाइट कोट सेरेमनी का गरिमामय आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत स्वागत भाषण से हुई। आयुर्वेद प्राचार्य डॉ. प्रो. जॉन फिनबे ने नवप्रवेशी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए चिकित्सा पेशे की गरिमा, नैतिक मूल्यों एवं जिम्मेदारियों पर प्रकाश डाला। इसके पश्चात कुलसचिव मिस शिवानी तिवारी ने अपने उद्घाटन संबोधन में विद्यार्थियों को अनुशासन, समर्पण और सेवा भाव के साथ अध्ययन करने का संदेश दिया।



अतिरिक्त प्रो चांसलर सैय्यद निजाम.द्दीन ने अध्यक्षीय उद्बोधन में चिकित्सा शिक्षा के महत्व एवं मानवीय मूल्यों की अनिवार्यता पर बल दिया।

सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में सरस्वती वंदना की मनमो.हक प्रस्तुति दी गई, जिसने वातावरण को आध्यात्मिक एवं प्रेरणादायक बना दिया।

इसके उपरांत व्हाइट कोट सेरेमनी आयोजित की गई, जिसमें सभी गणमान्य अतिथियों ने विद्यार्थियों को श्वेत कोट प्रदान कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। व्हाइट कोट शपथ डॉ. पी. गौरिशंकर तथा छात्र परिषद की शपथ डॉ. रेहान शफी द्वारा संपन्न कराई गई।

अंत में उपप्राचार्य डॉ. एम.डी. कलीम ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया।

इस अवसर पर यूनानी कॉलेज के प्राचार्य डॉ मोहम्मद शरीफ, आयुर्वेद कॉलेज और यूनानी कॉलेज के शिक्षकगण डॉ. अनूप, डॉ. अतीकुर रहमान, डॉ. रिया, डॉ. जीशान, डॉ. ज्योति, संकाय से डॉ. जुवैरिया इलियास, डॉ. गुरसेवक, डॉ. प्रीतपाल, डॉ. जगमो.हन, डॉ. शमा, डॉ. अंजुम, डॉ. अरशद, डॉ. जावेद, डॉ. सना, डॉ. इमलाक, डॉ. अनम सुगरा, दिलीप कुमार, डॉ. ऐनी, डॉ. कादिर, डॉ. अरशद खान, डॉ. सुबिया, डॉ. अतीक, महिमा आदि मौजूद रहे।

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# समिट में बदइंतजामी

दिल्ली में होने वाली एआई समिट में जिस तरह की बदइंतजामी देखने में आई, उसकी कल्पना शायद ही किसी भारतीय ने की हो। 16 से 20 फरवरी तक भारत मंडप और सुषमा स्वराज भवन में होने वाले इंडिया एआई इंपेक्ट समिट 2026 जहां एआई तकनीक को लेकर चर्चाओं के लिए जाना जाता है, वहां यह अपनी बदइंतजामी के लिए याद किया जाएगा। कांग्रेस ने तो हमला भी बोल दिया। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने साफ किया कि पीएम मोदी की प्रचार पाने की भूख इस एआई समिट पर अपने निशान छोड़ गई है और देश-विदेश में जग हंसाई का कारण बनी। देशी मीडिया में भी इस समिट की चर्चा कई वजहों से हो रही है। सम्मेलन के पहले ही दिन बदइंतजाम की खबरें मीडिया में चलने लगी। कितनी अजीब बात है कि वहां इंटरनेट नेटवर्क ही उपलब्ध नहीं था। एआई में सबसे बड़ी चीज यही थी। यही सम्मेलन की कमी बन गई। कहा तो यह भी जा रहा है कि पीएम मोदी की सम्मेलन में मौजूदगी ने भी वहां की व्यवस्था बिगाड़ने में भूमिका निभाई। पीएम मोदी वहां उद्घाटन करने पहुंचे थे। इस दौरान हॉल खाली कराया गया, जिसमें एक स्टॉल से सामान चोरी होने का मामला भी सामने आया। उस समय तो हद ही हो गई, जब गलगोटिया यूनिवर्सिटी ने चीन का एक रोबोट खरीदकर उसको अपना निर्माण बता दिया। जब चीन ने इस पर अपनी प्रतिक्रिया दी और उसके दावे को गलत बताया, तब विवादों का बवंडर उठ गया और देश में शर्मिन्दगी का सबब बन गया। हालांकि बाद में यूनिवर्सिटी मुकर गई और कहा कि उसने कभी इस तरह का दावा नहीं किया। दुनिया की सबसे उन्नत तकनीक पर होने वाले सम्मेलन में भगदड़ और वहां बोला गया झूठ तकनीकी विकास के दावे आदि जितनी भी शर्मनाक लगे, लेकिन यह हमारे देश की ठोस सच्चाई है। जाहिर है, सम्मेलन में जिस तरह की अफरातफरी मची, उसने भारत की छवि को तो धक्का लगाया ही, साथ ही इससे यह संदेश भी गया कि हम अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन नहीं करा सकते। एआई समिट के लिए सरकार ने अपनी तरफ से इसको सफल बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी थी और जमकर प्रचार किया जा रहा है। जोकि स्वाभाविक भी है, क्योंकि इस तरह के सम्मेलन वैश्विक स्तर पर भी किसी देश का मान बढ़ाने वाले होते हैं और मेजबान देश को यह अवसर प्रदान करते हैं कि वह बड़े सम्मेलन कराने में पूरी तरह सक्षम हैं। जाहिर है इस तरह के सम्मेलनों पर पूरे विश्व की नजर होती है। इस लिहाज से अगर देखें, तो यह समिट भारत के लिए कोई विशेष उपलब्धि लेकर नहीं आया, बल्कि इसके उलट हंसी का कारण बनता दिखाई दे रहा है। पीएम मोदी पर यह आरोप विपक्ष बार-बार लगाता रहा है कि वह अपने आपको प्रचार के केंद्र में रखने का कोई मौका नहीं गंवाते। विपक्ष के ये आरोप पूरी तरह गलत भी नहीं कहे जा सकते।

## गोवंश की स्थिति पर योगी मौन



गाय को राज्य माता घोषित करने और गो-मांस निर्यात पर पूर्ण प्रतिबंध की उनकी मुख्य मांगों पर 20 दिन बीत जाने के बाद भी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कोई स्पष्ट प्रतिक्रिया नहीं दी है, इन मांगों को लेकर दिया गया 40 दिनों का अल्टीमेटम आधा बीत चुका है, लेकिन सरकार की ओर से ठोस पहल दिखाई नहीं दी, गोवंश की स्थिति पर सरकार की ओर से अपेक्षित संवेदनशीलता नहीं दिखाई गई है, मुख्यमंत्री की गोरक्षा के मुद्दे पर चुप्पी और अन्य विषयों पर मुखरता को लेकर संत समाज में सवाल उठ रहे हैं, 40 दिनों की समय सीमा के 21वें दिन से आंदोलन एक नए चरण में प्रवेश कर चुका है, एक मार्च को लखनऊ कूच के संबंध में विस्तृत कार्यक्रम सार्वजनिक किया जाएगा।

**-अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती, शंकराचार्य, ज्योतिर्मठ**

# कोई पीछे न छूटे: असमानताओं के दौर में सामाजिक न्याय की पुकार



**योगेश कुमार गोयल**



प्रतिवर्ष 20 फरवरी को सामाजिक न्याय का विश्व दिवस मनाया जाता है ताकि समाजों में समानता, समावेशन और न्याय की तत्काल आवश्यकता की ओर वैश्विक ध्यान आकर्षित किया जा सके। यह दिवस केवल एक औपचारिक अंतर्राष्ट्रीय आयोजन नहीं है बल्कि मानव सभ्यता की उस मूल चेतना का स्मरण है, जिसके बिना न तो शांति संभव है और न ही टिकाऊ विकास। सामाजिक न्याय का विचार इस विश्वास पर आधारित है कि किसी भी समाज की प्रगति का वास्तविक मूल्यांकन उसकी आर्थिक वृद्धि से नहीं बल्कि इस बात से किया जाना चाहिए कि वह अपने सबसे कमजोर, वंचित और हाशिए पर खड़े नागरिकों को कितना सुरक्षित, सम्मानजनक और समान अवसरों से युक्त जीवन प्रदान करता है।

इस दिवस की स्थापना संयुक्त राष्ट्र द्वारा की गई थी ताकि गरीबी, बेरोजगारी, सामाजिक बहिष्कार, असमानता और भेदभाव जैसी जटिल समस्याओं के समाधान के लिए वैश्विक स्तर पर साझा प्रतिबद्धता को मजबूती दी जा सके। संयुक्त राष्ट्र का यह स्पष्ट मानना रहा है कि जब तक समाज में सामाजिक और आर्थिक न्याय स्थापित नहीं होता, तब तक लोकतंत्र, मानवाधिकार और विकास अधूरे ही रहेंगे। इसी दृष्टि से सामाजिक न्याय का विश्व दिवस एक चेतावनी भी है और एक अवसर भी। चेतावनी इसलिए कि बढ़ती असमानताएं समाज को भीतर से खोखला कर रही हैं और अवसर इसलिए कि समय रहते ठोस नीतियों व सामूहिक प्रयासों से इस प्रवृत्ति को बदला जा सकता है।

वर्ष 2026 का सामाजिक न्याय का विश्व दिवस विशेष महत्व रखता है क्योंकि आज की दुनिया एक ऐसे संक्रमणकाल से गुजर रही है, जहां वैश्वीकरण, तकनीकी प्रगति, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, जलवायु परिवर्तन और भू-राजनीतिक तनावों ने आर्थिक व सामाजिक संरचनाओं को तेजी से बदल दिया है। इन परिवर्तनों का लाभ जहां कुछ वर्गों को मिला है, वहीं बड़ी आबादी, विशेषकर गरीब, असंगठित क्षेत्र के श्रमिक, महिलाएं, प्रवासी, दिव्यांगजन और अल्पसंख्यक समुदाय और अधिक असुरक्षित होते जा रहे है। ऐसे में सामाजिक न्याय का प्रश्न केवल नैतिक आदर्श नहीं बल्कि नीतिगत प्राथमिकता बन चुका है।

सामाजिक न्याय के विश्व दिवस 2026 का विषय समावेश को सशक्त बनाना सामाजिक न्याय के लिए अंतर को पाटना इसी यथार्थ को प्रतिबिंबित करता है। यह विषय इस बात पर जोर देता है कि असमानताओं को कम करने के लिए केवल आर्थिक विकास पर्याप्त नहीं है बल्कि यह आवश्यक है कि विकास की प्रक्रिया में हर वर्ग की भागीदारी सुनिश्चित हो। समावेशन का अर्थ केवल योजनाओं का लाभ देना नहीं बल्कि निर्णय-निर्माण की प्रक्रिया में हाशिए पर खड़े समुदायों की आवाज को स्थान देना है। जब तक नीतियां केवल केंद्रों में बैठकर बनाई जाएंगी और उनका प्रभाव जमीनी स्तर तक नहीं पहुंचेगा, तब तक सामाजिक न्याय एक अधूरा सपना ही बना रहेगा।

सामाजिक न्याय की अवधारणा मूल रूप से अवसरों, संसाधनों और अधिकारों के निष्पक्ष वितरण से जुड़ी हुई है। इसका अर्थ यह नहीं कि सभी को समान परिणाम मिलें बल्कि यह है कि सभी को समान अवसर प्राप्त हों। शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, आवास और कानूनी सुरक्षा तक समान पहुंच सामाजिक न्याय की बुनियाद है। जब किसी व्यक्ति का भविष्य उसकी जाति, लिंग, धर्म, जन्मस्थान या आर्थिक स्थिति से निर्धारित होने लगे, तब यह स्पष्ट हो जाता है कि समाज में न्याय का संतुलन बिगड़ चुका है। आज के वैश्विक परिदृश्य में असमानताओं की खाई लगातार चौड़ी हो रही है। एक ओर अत्यधिक संपन्न वर्ग है, जिसके पास संसाधनों और अवसरों की भरमार है, वहीं दूसरी ओर करोड़ों लोग ऐसे हैं, जो बुनियादी जरूरतों के लिए संघर्ष कर रहे हैं। बेरोजगारी, असुरक्षित रोजगार और कम वेतन ने विशेष रूप से युवाओं के सामने गंभीर चुनौतियां खड़ी कर दी हैं।

इसी संदर्भ में 'सम्मानजनक कार्य' की अवधारणा सामने आती है, जिसे अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर 'अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन' द्वारा लगातार बढ़ावा दिया गया है। सम्मानजनक कार्य का अर्थ केवल नौकरी होना नहीं बल्कि ऐसी नौकरी होना है, जो सुरक्षित हो, उचित वेतन दे और मानवीय गरिमा को बनाए रखे। सामाजिक न्याय का विश्व दिवस यह भी रेखांकित करता है कि सामाजिक सुरक्षा तंत्र किसी भी समाज की रीढ़ होते हैं। आर्थिक संकट, महामारी या प्राकृतिक आपदा के समय वही समाज अधिक टिकाऊ सिद्ध होते हैं, जिनके पास मजबूत सामाजिक सुरक्षा प्रणालियां होती हैं। पेंशन, स्वास्थ्य बीमा, बेरोजगारी सहायता और खाद्य सुरक्षा जैसी व्यवस्थाएं केवल कल्याणकारी योजनाएं नहीं बल्कि सामाजिक स्थिरता के आवश्यक उपकरण हैं। 2026 के संदर्भ में, जब दुनिया जलवायु परिवर्तन से उत्पन्न जोखिमों से भी जूझ रही है, सामाजिक सुरक्षा का महत्व और भी बढ़ जाता है। भारत के संदर्भ में सामाजिक न्याय का विचार केवल अंतर्राष्ट्रीय दायित्व नहीं बल्कि संवैधानिक मूल्य भी है। भारतीय संविधान की प्रस्तावना सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय की गारंटी देती है और यह स्पष्ट करती है कि स्वतंत्रता का वास्तविक अर्थ तभी है, जब वह समानता और बंधुत्व के साथ जुड़ी हो। मौलिक अधिकार नागरिकों को भेदभाव और शोषण से सुरक्षा प्रदान करते हैं जबकि राज्य नीति के निदेशक सिद्धांत सरकार को असमानताओं को कम करने और कल्याणकारी राज्य की दिशा में कार्य करने का मार्गदर्शन देते हैं। स्वतंत्रता के बाद से भारत ने सामाजिक न्याय की दिशा में कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं, चाहे वह आरक्षण नीति हो, सामाजिक कल्याण योजनाएं हों, शिक्षा और स्वास्थ्य में सार्वजनिक निवेश हो या हाल के वर्षों में कौशल विकास और सामाजिक सुरक्षा कार्यक्रम। इन पहलों से करोड़ों लोगों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आया है लेकिन यह भी सत्य है कि चुनौतियां अभी समाप्त नहीं हुई हैं। क्षेत्रीय असमानताएं, शहरी-ग्रामीण विभाजन, डिजिटल डिवाइड और लैंगिक असमानता आज भी गंभीर प्रश्न बने हुए हैं। सामाजिक न्याय का विश्व दिवस हमें यह सोचने के लिए प्रेरित करता है कि क्या हम वास्तव में 'सबका साथ, सबका विकास' के लक्ष्य की ओर बढ़ रहे हैं? क्या हमारी विकास नीतियां अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंच पा रही हैं? क्या शिक्षा प्रणाली सभी बच्चों को समान अवसर दे रही है? क्या रोजगार के अवसर केवल कुछ शहरों और क्षेत्रों तक सीमित हैं या पूरे देश में संतुलित रूप से फैल रहे हैं? यह प्रश्न केवल सरकारों के लिए नहीं बल्कि समाज के हर वर्ग के लिए आत्ममंथन का विषय हैं। इस दिवस का एक महत्वपूर्ण उद्देश्य अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को मजबूत करना भी है। वैश्विक समस्याओं का समाधान किसी एक देश के प्रयासों से संभव नहीं है। गरीबी, प्रवासन, जलवायु परिवर्तन और श्रम असुरक्षा जैसी चुनौतियां सीमाओं से परे हैं। ऐसे में देशों के बीच नीति-साझाकरण, संसाधनों का सहयोग और अनुभवों का आदान-प्रदान सामाजिक न्याय को आगे बढ़ाने में निर्णायक भूमिका निभा सकता है। सामाजिक न्याय का विश्व दिवस 2026 इस सत्य को दोहराता है कि सच्ची प्रगति तभी संभव है, जब कोई भी पीछे न छूटे। 'समावेश को सशक्त बनानारू सामाजिक न्याय के लिए अंतर को पाटना' केवल एक नारा नहीं बल्कि सरकारों, संस्थानों, निजी क्षेत्र और नागरिक समाज के लिए एक नैतिक आह्वान है। सामाजिक न्याय कोई अमूर्त विचार नहीं रोजमर्रा के निर्णयों, नीतियों और व्यवहारों में प्रकट होने वाली जिम्मेदारी है। जब समाज यह स्वीकार करता है कि हर व्यक्ति समान गरिमा का अधिकारी है और जब शिक्षा, रोजगार, स्वास्थ्य व सुरक्षा तक समान पहुंच सुनिश्चित की जाती है, तभी न्याय केवल कानून की किताबों में नहीं बल्कि लोगों के जीवन में उतरता है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# तो क्या मशरूम भी करते हैं आपस में संवाद

**एक संभावना यह भी हो सकती है कि फफूंद कुछ भी न कहते हों बल्कि यह हो सकता है कि कवकजाल के सिरे विद्युत आवेशित होते हैं, इसलिए जब आवेशित सिरे इलेक्ट्रोड्स से संपर्क में आते होंगे तो विभवांतर में तीक्ष्ण वृद्धि हो जाती होगी। बहरहाल इन विद्युत संकेतों का कुछ भी मतलब हो, लेकिन ये बेतरतीब या रैंडम नहीं लगते। फिर भी इन संकेतों को भाषा के रूप में स्वीकार करने के लिए और अधिक प्रमाणों की जरूरत है।**



यहां-वहां उग रहे कुकुरमुत्तों (मशरूम) को देखकर ऐसा लगता है कि वे भी कहीं आपस में बात करते होंगे। लेकिन एक नए अध्ययन से पता चलता है कि वे बातूनी हो सकते हैं। मशरूम दरअसल एक प्रकार की फफूंद हैं। इनके द्वारा एक-दूसरे को भेजे जाने वाले विद्युत संकेतों के गणितीय विश्लेषण में ऐसे पैटर्न पहचाने गए हैं जो मानव भाषा से आश्चर्यजनक संरचनात्मक समानता दर्शाते हैं। पूर्व अध्ययनों में देखा गया था कि फफूंद अपनी लंबी, भूमिगत तंतुनुमा रचनाओं या हाइफे के माध्यम से विद्युत संकेतों का संचालन करते हैं। ठीक वैसे ही जैसे मनुष्यों में तंत्रिका कोशिकाएं सूचना प्रसारित करती हैं। यहां तक देखा गया है कि जब लकड़ी पचाने वाली फफूंद के कवकतंतु किसी लकड़ी के टुकड़े के संपर्क में आते हैं, तो इन संकेतों के प्रेषण की दर बढ़ जाती है।

इससे लगता है कि फफूंद इस विद्युत भाषा का उपयोग भोजन उपलब्ध होने या क्षति पहुंचने की जानकारी अपने अन्य हिस्सों के साथ या कवक तंतुओं के माध्यम से जुड़ी वनस्पतियों के साथ साझा करने के लिए करती हैं, लेकिन क्या ये विद्युत गतिविधियां मानव भाषा से कुछ समानता रखती हैं? यह जानने के लिए यूनिवर्सिटी ऑफ दी वेस्ट ऑफ इंग्लैंड के प्रोफेसर एंड्रयू एडमात्जकी ने फफूंद की चार प्रजातियों-एनोकी, स्प्लिट गिल, घोस्ट और कैटरपिलर फफूंद द्वारा बहुत कम समय के लिए उत्पन्न विद्युत आवेगों के पैटर्न का विश्लेषण किया।


रॉयल सोसाइटी ओपन साइंस में प्रकाशित नतीजों के अनुसार ये विद्युत आवेग अक्सर समूहों में होते हैं और ऐसा लगता है कि 50 शब्दों का ककहरा हो और इन कवक शब्दों की लंबाई मानव भाषा से काफी मेल खाती है। सड़ती-गलती लकड़ी पर पनपने वाली फफूंद स्प्लिट गिल उपरोक्त चार में से सबसे जटिल वाक्य बनाती हैं। इन विद्युत गतिविधियों का सबसे संभावित कारण फफूंद द्वारा अपने समूह को जोड़े रखना लगता है जैसे भेड़िए करते हैं। या यह भी हो सकता है कि इनकी भूमिका कवकजाल के अन्य हिस्सों को भोजन या खतरों के बारे में आगाह करने की है।

**( स्रोत फीचर्स )**

# एआई : जीवनसाथी या रचनात्मकता का शत्रु

**रजनीश कपूर**





आजकल कृत्रिम बुद्धिमत्ता हमारे जीवन का अभिन्न अंग बन चुकी है। स्मार्टफोन से लेकर स्मार्ट होम तक, हर जगह एआई की छाप दिखाई देती है। इस सप्ताह नई दिल्ली में शुरू हुए अंतर्राष्ट्रीय एआई प्रभाव शिखर सम्मेलन में विश्व के नेता और विशेषज्ञ इसी पर चर्चा कर रहे हैं। इस शिखर सम्मेलन का उद्देश्य एआई के वैश्विक प्रभावों को समझना और नीतियां बनाना है, लेकिन सवाल यह उठता है कि क्या हम एआई को अपनाते हुए अपनी स्वतंत्रता और रचनात्मकता को खो नहीं रहे? एआई ने सुविधाएं तो दी हैं, लेकिन साथ ही हमें इतना आश्रित बना दिया है कि बिना इसके सोचना भी मुश्किल हो गया है। सोचने वाली बात यह भी है कि कैसे एआई जीवन को सरल बना रहा है, लेकिन रचनात्मकता को नष्ट कर रहा है। एआई की निर्भरता अब दैनिक जीवन का हिस्सा बन गई है। कल्पना कीजिए, सुबह उठते ही गूगल असिस्टेंट या सिरी आपको मौसम, ट्रैफिक और समाचार बता देता है। कार्यालय में ईमेल लिखने से लेकर डेटा विश्लेषण तक, चैटजीपीटी जैसे टूल्स सब कुछ तुरंत कर देते हैं। भारत में, जहां डिजिटल इंडिया अभियान ने 80 करोड़ से अधिक इंटरनेट उपयोगकर्ता पैदा किए हैं, एआई आधारित ऐप्स जैसे उबर, जोमैटो, ब्लिंकिट आदि ने जीवन को अभूतपूर्व सरलता प्रदान की है। दिल्ली में चल रहे अंतर्राष्ट्रीय शिखर सम्मेलन में अमेरिकी विशेषज्ञों ने बताया कि एआई ने वैश्विक अर्थव्यवस्था में 15 ट्रिलियन डॉलर का योगदान दिया है, लेकिन यह निर्भरता खतरनाक साबित हो रही है। एक सर्वे के अनुसार, 70 प्रतिशत युवा बिना एआई टूल्स के रिसर्च नहीं कर पाते। समस्या तब गंभीर हो जाती है जब बिजली चली जाए या इंटरनेट कनेक्टिविटी बाधित हो जाए तो लोग हतप्रभ रह जाते हैं। यह निर्भरता शिक्षा क्षेत्र में सबसे अधिक दिखाई दे रही है। छात्र अब निबंध लिखने के बजाय एआई से कॉपी-पेस्ट कर लेते हैं। कोटा के कोचिंग संस्थानों से लेकर आईआईटी तक, एआई टूल्स ने होमवर्क को आसान बना दिया, लेकिन समझ की गहराई कम कर दी। शिखर सम्मेलन के एक सत्र में यूरोपीय संघ के प्रतिनिधियों ने चेतावनी दी कि एआई जनित सामग्री से छात्रों की आलोचनात्मक सोच 30 प्रतिशत घटी है। भारत में एनसीईआरटी ने एआई उपयोग पर दिशानिर्देश जारी किए हैं, लेकिन फिलहाल इसका अमल कमजोर है। परिणामस्वरूप, आने वाली पीढ़ी समस्या-समाधान के बजाय 'प्रॉम्प्ट इंजीनियरिंग' सीख रही है, यानी एआई को सही सवाल कैसे पूछें। यह निर्भरता मानसिक आलस्य को जन्म दे रही है, जहां स्वयं सोचने की क्षमता क्षीण हो रही है। एआई का सबसे घातक प्रभाव रचनात्मकता पर पड़ रहा है। पहले कलाकार, लेखक और संगीतकार अपनी कल्पना से कृतियां रचते थे। अब मिडजर्नी या डैल-ई जैसे टूल्स प्रॉम्प्ट पर चित्र बना देते हैं, वो भी सुंदरता भरे। लेकिन क्या यह रचनात्मकता है? शिखर सम्मेलन में भारतीय कलाकारों ने प्रदर्शन किया कि एआई जनित कला में आत्मा का अभाव है। यह डेटा पर आधारित नकल मात्र है। उदाहरणस्वरूप, बॉलीवुड में एआई स्क्रिप्ट राइटर आ रहे हैं, जो पुरानी फिल्मों के पैटर्न दोहराते हैं। नतीजा? नवीनता का लोप। एक अध्ययन बताता है कि एआई सहायता से बनी कहानियां 40 प्रतिशत कम मूल होती हैं। लेखन में भी यही समस्यादिखाई दी जाती है। एआई से उत्पन्न संपादकीय या कविताएं सतही लगती हैं, क्योंकि उनमें व्यक्तिगत अनुभव का पुट नहीं। रचनात्मकता नष्ट होने का एक कारण एआई की 'परफेक्शन' है। यह त्रुटिरहित उत्तर देता है, जिससे मानव प्रयास कमजोर लगने लगते हैं। कल्पना कीजिए एक चित्रकार को, वह घंटों ब्रश चलाता है, गलतियां सुधारता है और यही प्रक्रिया रचनात्मकता को परिपक्व बनाती है। परंतु एआई में यह संघर्ष नहीं होता। शिखर सम्मेलन के दौरान रिलीज हुई एक रिपोर्ट में कहा गया कि एआई ने वैश्विक पेटेंट आवेदनों में 25 प्रतिशत वृद्धि की, लेकिन अधिकांश 'इंक्रीमेंटल' हैं, यानी नई खोजें कम हैं। भारत जैसे विकासशील देश में, जहां स्टार्टअप संस्कृति फल-फूल रही है, एआई निर्भरता नवाचार को कुचल सकती है। उदाहरण के तौर पर, फिनटेक क्षेत्र में एआई एल्गोरिदम ऋण स्वीकृति करते हैं, लेकिन सृजनात्मक समाधान गायब हैं। इसके अलावा, एआई नैतिक दुविधाओं को भी जन्म दे रहा है। डीपफेक वीडियो से राजनीतिक हेरफेर भी हो रहे हैं। 2024 के अमेरिकी चुनावों में एआई ने काफी अफवाहें फैलाईं। इसे देखते हुए भारत में भी आगामी चुनावों से पहले सतर्कता बरतना सार्थक बन जाता है। शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री मोदी ने एआई के 'जिम्मेदार उपयोग' पर जोर दिया, लेकिन निर्भरता रोकने के उपाय कम चर्चित हुए। क्या हम एआई को मास्टर बना लेंगे? एआई की निर्भरता का एक नमूना आज हर घर में दिखाई देता है। बच्चे आजकल हर जरूरत का सामान ऑनलाइन मंगवा लेते हैं। दुकान पर जाए बिना, किसी वस्तु की गुणवत्ता व मोल-भाव का युग अब बहुत कम दिखाई देता है। मुझे याद है हमारे बचपन में हमें बाजार भेजा जाता था और किसी भी वस्तु को खरीदने के बाद सही हिसाब से बच्चे हुए पैसे वापिस लेने में जो संतोष मिलता था उसका अपना ही आनंद था। परंतु आजकल के बच्चों में यह दिखाई नहीं देता। ऐसे में इसका समाधान क्या है? सबसे पहले, शिक्षा में एआई को सहायक न मानकर चुनौती बनाएं। स्कूलों में 'एआई-मुक्त' घंटे रखें, जहां बच्चे स्वयं रचें। दूसरा, नीतियां बनाएंय जैसे यूरोप का जीडीपीआर, जो एआई पारदर्शिता सुनिश्चित करता है। भारत को शिखर सम्मेलन से प्रेरणा लेनी चाहिए और 'एआई साक्षरता' अभियान चलाना चाहिए। तीसरा, रचनाकारों को प्रोत्साहित करें, उन्हें सरकारी अनुदान दें जो एआई-रहित कला को बढ़ावा दें। व्यक्तिगत स्तर पर, हमें 'डिजिटल डिटॉक्स' को भी अपनाना होगा। एआई जीवन का हिस्सा बने रहना चाहिए, लेकिन इस पर निर्भरता और रचनात्मक विनाश को रोकना होगा। रचनात्मकता मानव का मूल गुण है, इसे बचाना हमारा कर्तव्य है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# गाजा में अपना कंट्रोल बढ़ा रहा हमास

■ पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां सड़कों पर लौट आई हैं: दियाब

**गाजा।** अक्टूबर में अमेरिका की पहल पर लागू हुए सीजफायर के बाद गाजा में हमास ने अंदरूनी मोर्चे पर अपनी पकड़ फिर मजबूत कर ली है। बीबीसी की रिपोर्ट के मुताबिक, गाजा के एक कार्यकर्ता मोहम्मद दियाब ने कहा कि हमास ने उन क्षेत्रों के 90 प्रतिशत से अधिक हिस्से पर फिर से नियंत्रण हासिल कर लिया है जहां वह मौजूद है। दियाब ने कहा कि पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां सड़कों पर लौट आई हैं।

वे अपराध रोकने और जिन लोगों को सहयोगी या विरोधी मानते हैं, उनके खिलाफ कार्रवाई कर रही हैं। इस बीच अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का 'बोर्ड ऑफ पीस' गुरुवार को वाशिंगटन में अपनी पहली बैठक करेगा। इसमें करीब 60 देशों को आमंत्रित किया गया है। बैठक में गाजा पटी के लिए ट्रम्प की शांति योजना पर रिपोर्ट पेश की जाएगी। हालांकि, टाइम्स ऑफ इजरायल के मुताबिक, पीस बोर्ड के शुरुआती दस्तावेज में गाजा का ही स्पष्ट जिक्र नहीं है। ट्रम्प ने कहा कि बोर्ड का मिशन गाजा से कहीं आगे, पूरी दुनिया में शांति लाना है। कई यूरोपीय देशों ने इसे ट्रम्प का पर्सनल प्रोजेक्ट बताया और इसमें शामिल होने से इन्कार कर दिया है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प 22 जनवरी को स्विट्जरलैंड के दावोस में विश्व आर्थिक मंच के दौरान बोर्ड ऑफ पीस चार्टर की घोषणा करते हुए। चार्टर के अनुसार, डोनाल्ड ट्रम्प को इनागुरल चेयरमैन (प्रथम अध्यक्ष) नामित किया गया है, और यह पद लाइफटाइम उनके द्वारा चुने गए उत्तराधिकारी तक रह सकता है।

# मैक्रों का एआई को जिम्मेदार बनाने पर बल

## वैश्विक नियम-कायदे बनाने पर जोर, फ्रांस के राष्ट्रपति ने भारत के साथ सहयोग के विस्तार की इच्छा जताई



■ एआई को इंसानी तरक्की के लिए एक बदलाव लाने वाली ताकत के तौर पर लिया जाना चाहिए: मैक्रों

**नई दिल्ली।** फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने गुरुवार को वैश्विक कृत्रिम बुद्धिमत्ता दौड़ में डिजिटल सार्वजनिक मूलभूत ढांचों पर आधारित पहचान-पत्रा, जनधन खातों , स्वास्थ्य कार्ड और यूपीआई जैसी सुलभ डिजिटल भुगतान सुविधाओं का संदर्भ देते हुए प्रौद्योगिकी को जन-जन के लिए सुलभ बनाने के क्षेत्रा में भारत की तारीफ की तथा एआई जैसी प्रौद्योगिकी के लिए वैश्विक नियम-कायदे बनाने पर जोर दिया।

मैक्रों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपस्थिति में गुरुवार को यहां भारत एआई इम्पैक्ट समिट एवं प्रदर्शनी-2026 में हिस्सा लेते हुए कहा कि एआई को नवाचार और रफ्तार के साथ साथ जिम्मेदार बनाने के लिए फ्रांस, यूरोप और भारत को मिल कर चलना चाहिए। उन्होंने पिछले साल पेरिस में आयोजित एआई सम्मेलन में एआई को विश्व समाज को मजबूत करने का माध्यम बनाने के लिए भारत और फ्रांस की साझा पहल का उल्लेख करते हुए कहा कि एक साल में ही इसका असर दिखा है। उन्होंने फ्रांस में 15 साल तक के बच्चों को सोशल मीडिया से दूर रखने की अपनी सरकार की पहल को 'सभ्यता से जुड़ा विषय' बताया। उन्होंने एआई को नागरिकों पर केंद्रित बनाने के लिए सरकारों और कंपनियों के बीच मजबूत भागीदारी पर बल दिया। मुंबई से हो कर दिल्ली पहुंच फ्रांसिसी राष्ट्रपति ने अपने भाषण की शुरुआत मुंबई के रेहड़ी-पटरीवाले की कहानी से शुरू की जो दस साल पहले बैंक खाता नहीं खोल पा रहा था क्योंकि उसके पास कोई पहचान या औपचारिक पता नहीं था। आज उसका खाता है और वह बैंक खाते के जरिए देश भार के अपने ग्राहकों से निश्चित रूप से डिजिटल भुगतान प्राप्त करता है। इसके माध्यम से उन्होंने भारत में 1-4 अरब लोगों की डिजिटल पहचान प्रणाली खड़ी करने और उससे नागरिकों को स्वास्थ्य सुरक्षा जैसे क्षेत्राों में उत्पन्न सुविधाओं के विस्तार का उल्लेख करते हुए कहा कि इससे लोगों का दैनिक जीवन बदल गया है। उन्होंने भारत को एक 'सभ्यतागत शक्ति' बताते हुए कहा कि भविष्य उन देशों का होगा जो 'नवाचार को जम्मिेदारी के साथ, प्रौद्योगिकी को इंसानियत के साथ' जोड़ते हैं। उन्होंने कहा कि भारत ने 1.4 अरब लोगों को डिजिटल अर्थव्यवस्था में जोड़कर कर वह कर दिखाया है जिसे दुनिया कभी नामुमकिन कहती थी। उन्होंने कहा कि भारत अब भुगतान की एक ऐसी बुनियादी सुविधा का संचालन करता है जो 'हर महीने 20 अरब लेन-देन' का काम संभाती है और देश में '50 करोड़ डिजिटल हेल्थ कार्ड' जारी किए जा चुके हैं। उन्होंने आगे कहा कि इसे इंडिया स्टैक-ओपन इंटरऑपरेबल सॉवरेन (सार्वजनिक अवसंरचनात्क प्रणाली) कहते हैं और इंडिया एआई इम्पैक्ट सम्मेलन इसी बारे में है। फ्रांसिसी राष्ट्रपति ने कहा कि एआई को इंसानी तरक्की के लिए एक बदलाव लाने वाली ताकत के तौर पर लिया जाना चाहिए। उन्होंने पिछले साल पेरिस में भारत और फ्रांस के सहयोग से आयोजित एआई एक्शन समिट का जिक्र करते हुए उस सम्मेलन को प्रौद्योगिकी के लिए वैश्विक नियम तय करने में एक अहम मोड़ बताया। उन्होंने कहा कि पेरिस एआई सम्मेलन में हमने उन टेक्नोलॉजी के लिए एक वैश्विक मार्गदर्शक सिद्धांत तय किया था जो हमारे समाज और हमारी अर्थव्यवस्था को बदल देंगें।

# अमेरिका से समझौता करने में ही है ईरान की भलाई: कैरोलिन

**वाशिंगटन/नई दिल्ली।** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का किसी भी देश के साथ समझौता करने के लिए पहला विकल्प कूटनीति होता, इसलिए ईरान को अमेरिका के साथ नए समझौते पर बातचीत करना चाहिए। यह बात व्हाइट हाउस की प्रेस सेक्रेटरी कैरोलिन लेविट ने गुरुवार (भारतीय समय के अनुसार) कही। उन्होंने संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि ट्रम्प हमेशा बहुत स्पष्ट रहे हैं। ईरान या दुनिया के किसी भी देश के मामले में कूटनीति हमेशा उनका पहला विकल्प होता है और ईरान के लिए राष्ट्रपति ट्रम्प और इस प्रशासन (अमेरिकी प्रशासन) के साथ समझौता करना बहुत समझदारी भरा कदम होगा। सुलेविट ने यह टिप्पणी ऐसे में की है, जब जब जिनेवा में अमेरिका-ईरान के बीच अप्रत्यक्ष परमाणु वार्ता फिर से शुरू हुई है।

# ईरान पर इसी हफ्ते हमला करेगा अमेरिका!

## रिपोर्ट में दावा: 2003 के बाद सबसे बड़ी एयर फोर्स तैनात, कई हफ्ते चलेगा मिलिट्री ऑपरेशन



■ ईरान-रूस ने ओमान और उत्तरी हिंद महासागर में संयुक्त नौसैनिक अभ्यास करने का ऐलान किया

**वाशिंगटन/तेहरान।** अमेरिका और ईरान के बीच तनाव बहुत तेजी से बढ़ रहा है। सीएनएन की रिपोर्ट के मुताबिक इस हफ्ते अमेरिका ईरान पर हमला कर सकता है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से इसे अंतिम मंजूरी मिलना बाकी है। मिडिल ईस्ट में अमेरिका ने 2003 के इराक युद्ध के बाद अपनी सबसे बड़ी एयर फोर्स तैनात की है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, अमेरिका ने मिडिल ईस्ट में एफ-35, एफ-22, एफ-15 और एफ-16 जैसे एडवांस्ड फाइटर जेट्स की कई स्क्वाड्रन तैनात की हैं। बड़े पैमाने पर एयर ऑपरेशन के लिए जरूरी कमांड एंड कंट्रोल एयरक्राफ्ट भी भेजे जा रहे हैं। हाल के हफ्तों में एयर डिफेंस सिस्टम भी इलाके में लगाए गए हैं अमेरिकी न्यूज एजेंसी एक्सियोस की रिपोर्ट के मुताबिक, अगर अमेरिका सैन्य कार्रवाई करता है तो यह कई हफ्तों तक चलने वाला बड़ा ऑपरेशन होगा।

रिपोर्ट में कहा गया है कि यह ऑपरेशन पिछले महीने वेनेजुएला में हुई सीमित कार्रवाई से कहीं बड़ा होगा और संभव है कि इसे इजरायल के साथ मिलकर अंजाम दिया जाए। इसका निशाना ईरान का परमाणु और मिसाइल ढांचा हो सकता है। इजरायल की सैन्य खुफिया एजेंसी के पूर्व अधिकारी आमोस यादलिन ने कहा कि टकराव अब पहले से कहीं ज्यादा करीब है। हालात तेजी से बिगड़ रहे हैं, लेकिन एक महाशक्ति कुछ ही दिनों में युद्ध शुरू नहीं करती। कूटनीतिक रास्ता अभी पूरी तरह खत्म नहीं हुआ है। यादलिन ने यह भी कहा कि कई लोग हमले के खिलाफ हैं और पेंटागन भी पूरी तरह साफ नहीं है कि वह इस कार्रवाई से क्या हासिल करना चाहता है, लेकिन राष्ट्रपति काफी दृढ़ नजर आ रहे हैं। ट्रम्प का 'सभी आप्शन खुले हैं' वाला बयान असली सैन्य तैयारी के बारे में बताता है। अमेरिका और ईरान के बीच तनाव कम करने और टकराव टालने के लिए कूटनीतिक प्रयास तेज हो गए हैं। मंगलवार को ट्रम्प के सलाहकार जेरेड कुशनर और स्टीव विटकाफ ने जिनेवा में ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची से करीब तीन घंटे तक बातचीत की। दोनों पक्षों ने कहा कि बातचीत में कुछ डेवलपमेंट हुआ है, लेकिन अमेरिकी अधिकारी अब भी कुछ बड़े मुद्दों पर सहमति बनने को लेकर डाउट में हैं। अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने कहा कि कुछ मामलों में बातचीत अच्छी रही, लेकिन कई मुद्दों पर राष्ट्रपति ने जो रेड लाइन तय की हैं, उन्हें ईरान मानने को तैयार नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि राष्ट्रपति समझौता चाहते हैं, लेकिन यह भी संभव है कि कूटनीति अपनी अंतिम सीमा तक पहुंच चुकी हो। रिपोर्ट के मुताबिक, मध्य-पूर्व में अमेरिका की सैन्य मौजूदगी काफी बड़ी हो चुकी है। दो एयरक्राफ्ट कैरियर, करीब एक दर्जन युद्धपोत, सैकड़ों फाइटर जेट और कई एयर डिफेंस सिस्टम तैनात किए गए हैं और और भी सैन्य उपकरण भेजे जा रहे हैं। ओपन-सोर्स ट्रैकिंग के मुताबिक 150 से ज्यादा कार्गो उड़ानें हथियार और गोला-बारूद लेकर क्षेत्र में पहुंची हैं। साथ ही 50 से ज्यादा फाइटर जेट, जिनमें एफ-35, एफ-22, एफ-15 और एफ-16 शामिल हैं, मिडिल ईस्ट की ओर भेजे गए हैं। ट्रम्प के एक एक एडवाइजर ने कहा कि कुछ लोग राष्ट्रपति को ईरान से युद्ध न करने की सलाह दे रहे हैं, लेकिन उन्हें लगता है कि आने वाले कुछ हफ्तों में सैन्य कार्रवाई की संभावना 90 प्रतिशत है। इजरायल के दो अधिकारियों ने भी कहा कि देश 'कुछ ही दिनों में' युद्ध की स्थिति के लिए तैयारी कर रहा है और ऐसी कार्रवाई की वकालत कर रहा है जो ईरान की सत्ता को चुनौती दे सके। रिपोर्ट में याद दिलाया गया कि जून 2025 में ईरानी मिसाइलों से 32 लोगों की मौत हुई थी और 3000 से ज्यादा लोग घायल हुए थे। लिकुड पार्टी के सांसद बोआज बिस्मुथ ने कहा कि इजरायल का कोई भी नागरिक ऐसा नहीं है जो दिन में कई बार यह न सोचता हो कि ईरान के साथ संघर्ष कब होगा।


### ईरानी अधिकारियों समेत उद्योग जगत के दिग्गजों पर लगाया वीजा प्रतिबंध

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने गुरुवार को नए वीजा प्रतिबंधों की घोषणा की, जिसमें उन ईरानी अधिकारियों और नेताओं को निशाना बनाया गया है जिन पर देशव्यापी विरोध प्रदर्शनों के दौरान ईरानी लोगों की अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को दबाने का आरोप है। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, यह कार्रवाई दिसम्बर 2025 और जनवरी 2026 में व्यापक विरोध प्रदर्शनों पर ईरानी शासन की हिंसक कार्रवाई के जवाब में की गई है। अमेरिकी अधिकारियों ने कहा कि ईरानी अधिकारियों ने हजारों शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों के खिलाफ बल प्रयोग किया और लगभग पूरे देश में इंटरनेट को बंद कर दिया। इससे स्वतंत्र रिपोर्टिंग सीमित हो गई और नागरिक बाहरी दुनिया से अलग-थलग पड़ गए। 'इमिग्रेशन एंड नेशनलिटी एक्ट' की धारा 212 के तहत लगाए गए वीजा प्रतिबंध आदेश पर अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने हस्ताक्षर किए। ये उपाय ईरानी शासन के 18 अधिकारियों और दूरसंचार उद्योग के दिग्गजों के साथ-साथ उनके परिवार के करीबी सदस्यों पर लागू हैं।

# धनाढ्यों के भरोसे नहीं छोड़ा जा सकता एआई का भविष्य: गुटेरेस

**नई दिल्ली।** संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने गुरुवार को कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) पर सबका अधिकार होना चाहिए और इसका भविष्य कुछ गिनती के देशों या धनाढ्यों के भरोसे नहीं छोड़ा जा सकता है। गुटेरेस ने यहां भारत मंडपम में इंडिया एआई समिट 2026 के चौथे दिन विभिन्न राष्ट्राध्यक्षों, प्रौद्योगिकी कंपनियों के शीर्ष अधिकारियों, विशेषज्ञों, शिक्षण संस्थानों के प्रतिनिधियों और अन्य अतिथियों को संबोधित करते हुए कहा कि वैश्विक दक्षिण में एआई शिखर सम्मेलन का पहली बार आयोजन विशेष महत्व रखता है। उन्होंने कहा कि एआई का भविष्य कुछ गिने-चुने देशों द्वारा तय नहीं किया जा सकता, और न ही इसे कुछ अरबपतियों की इच्छाओं पर छोड़ा जा सकता है। उन्होंने कहा कि 'एआई का लाभ सभी को मिलना चाहिए' और यदि इसे सही ढंग से किया जाए तो यह सतत विकास लक्ष्यों को आगे बढ़ाने में सहायक हो सकता है, अन्यथा यह असमानता को और बढ़ा सकता है। एक तरफ यह चिकित्सा में महत्वपूर्ण प्रगति को तेज कर सकता है, शिक्षा के अवसरों का विस्तार कर सकता है, खाद्य सुरक्षा को सुदृढ़ कर सकता है, जलवायु कार्रवाई और आपदा तैयारी को मजबूत कर सकता है ।

# इमरान की रिहाई के लिए यूथ फोर्स बनी



■ खैबर में अटक ब्रिज पर समर्थकों ने कब्जा किया पाक के आर्मी चीफ ने पांच हजार फौजी भेजे

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व पीएम इमरान खान की रिहाई की मांग को लेकर पाकिस्तान में हालात बेकाबू हो रहे हैं। इमरान की पार्टी पाक तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के हजारों समर्थकों ने खैबर सूबे में सामरिक और रणनीतिक रूप से अहम अटक ब्रिज पर बुधवार को कब्जा जमा लिया है।

ब्रिज के दोनों ओर इमरान समर्थकों के जमावड़े के कारण वाहन अटके हुए हैं। पीटीआई के तेवरों को देखते हुए पाक आर्मी चीफ आसिम मुनीर ने इस्लामाबाद, पेशावर व रावलपिंडी कैंट से लगभग 5 हजार फौजी रवाना किए हैं। उधर, खैबर के मुख्यमंत्री सुहैल अफरीदी ने रिहाई के लिए युवाओं की इमरान रिलीज फोर्स बनाने का ऐलान किया है। इमरान के समर्थन में तहाफुज पार्टी (टीटीपी) ने भी इस्लामाबाद कूच का ऐलान किया है। इमरान समर्थकों के अटक ब्रिज पर कब्जे से खैबर सूबा से पाक से कट गया है। इससे पाकिस्तान में अफरा-तफरी मच गई है। आनन फानन में आर्मी चीफ को फौज भेजने का फैसला लेना पड़ा। पूर्व पीएम इमरान खान अगस्त, 2023 से इस्लामाबाद की अडियाला जेल में बंद हैं। अभी वे तोशाखाना भ्रष्टाचार केस में 14 साल की जेल काट रहे हैं। इमरान की पत्नी बुशरा बीबी भी अडियाला जेल में सजा काट रही है। इमरान के खिलाफ लगभग एक सौ से अधिक मामले दर्ज हैं। इसमें से लगभग एक दर्जन मामले लोअर-हाईकोर्ट में कोर्ट में चल रहे हैं। इमरान को जेल में रखने में आर्मी चीफ मुनीर की बड़ी भूमिका है। पीएम रहते हुए इमरान ने मुनीर को खुफिया एजेंसी आईएसआई चीफ के पद से हटाया था। जानकारों के अनुसार इमरान की जेल पर भले ही मुनीर का ताला हो, पर इसकी चाबी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के पास है। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर फ्री इमरान मूवमेंट के बाद भी ट्रम्प मुनीर पर रिहाई का दबाव डालने के मूड में नहीं हैं।



नई दिल्ली। एआई इम्पैक्ट समिट के दौरान भारत मंडपम के पास इंद्रप्रस्थ रोड पर जाम में फंसे वाहन।

### ईडी ने फेमा उल्लंघन के तहत 590 करोड़ रुपये के अकाउंट व डिपॉजिट जब्त किए

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने विदेशी विनिमय प्रबंधन अधिनियम (फेमा), 1999 की धारा 37ए के तहत विजो प्राइवेट लिमिटेड और उसकी सहायक कंपनियों के 590 करोड़ रुपये के बैंक खाते, फिक्स्ड डिपॉजिट, म्यूचुअल फंड और बॉड जब्त कर लिए हैं। यह कार्रवाई विदेशी मुद्रा प्रबंधन कानून (फेमा) की धारा 4 के उल्लंघन के मद्देनजर की गई है। ईडी के बेंगलुरु कार्यालय ने कहा कि विजो रियल मनी गेम्स (आरएमजी)/ऑनलाइन जुआ के कारोबार में लगी हुई है।

# रिजिजू ने निगरानी एप का शुभारंभ किया

**नई दिल्ली।** केंद्रीय अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू ने प्रधानमंत्री विकास योजना (पीएमजेवीके) के तहत निगरानी ऐप का शुभारंभ किया जो देश भर में बुनियादी ढांचे की कमियों को दूर करने में योगदान देता है। रिजिजू ने बिहार के राजगीर स्थित नालंदा विश्वविद्यालय में दो दिवसीय राष्ट्रीय 'चिंतन शिविर' में आज पीएमजेवीके योजना के तहत निगरानी ऐप का शुभारंभ किया, जो भारत भर में बुनियादी ढांचे की कमियों को दूर करने में योगदान देता है। उन्होंने अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय के हज रिस्ट बैंड और एआई चैटबॉट का भी शुभारंभ किया। उन्होंने नालंदा विश्वविद्यालय में चितन शिविर के आयोजन के लिए मंत्रालय की टीम की सराहना की।

# तारिक रहमान पर चुनाव में गड़बड़ी का आरोप

## विपक्ष बोला: वो इलेक्शन में हेरफेर करने वाले इंजीनियर, बीएनपी ने 20 साल बाद चुनाव जीता

■ कई लोगों ने एआई से बनी तस्वीरें शेयर कीं, जिनमें तारिक रहमान को इंजीनियर का हेलमेट पहने दिखाया गया



**ढाका।** बांग्लादेश में विपक्षी दलों ने प्रधानमंत्री तारिक रहमान पर चुनाव में गड़बड़ी का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि तारिक रहमान चुनाव नतीजों में हेरफेर करने वाले इंजीनियर हैं। विपक्ष का आरोप है कि चुनाव में 'इंजीनियरिंग' यानी हेरफेर की गई और इसी वजह से बीएनपी को 200 से ज्यादा सीटें मिलीं।

बांग्लादेश में करीब 20 साल बाद बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) ने आम चुनाव में बड़ी जीत हासिल की। जमात ए इस्लामी के नेतृत्व वाले 11 दलों के गठबंधन और उसकी सहयोगी पार्टी नेशनल सिटिजन पार्टी (एनसीपी) ने आरोप लगाया है कि कई सीटों पर बड़े पैमाने पर गड़बड़ी हुई। एनसीपी नेता नसीरुद्दीन पटवारी ने सबसे पहले फेसबुक पर तारिक रहमान को 'इंजीनियर' कहा। उनका पोस्ट लाखों लोगों तक पहुंचा और इसके बाद सोशल मीडिया पर मीम्स और मजाक की बाढ़ आ गई। कई लोगों ने एआई से बनी तस्वीरें शेयर कीं, जिनमें तारिक रहमान को इंजीनियर की हेलमेट पहने दिखाया गया। कुछ लोगों ने तंज कसते हुए लिखा कि 'लंदन से इंजीनियर पास', क्योंकि तारिक रहमान 17 साल तक लंदन में निर्वासन में रहे थे। एक अन्य पोस्ट में लिखा गया कि शबिना पढ़ाई के इंजीनियर बन गए। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, अपने हलफनामे में तारिक रहमान ने अपनी शैक्षणिक योग्यता 'हायर सेकेंडरी' यानी 12वीं तक बताई है। तारिक रहमान ने 17 फरवरी को पीएम पद की शपथ ली। बांग्लादेश में 35 साल बाद कोई पुरुष प्रधानमंत्री बना। एनसीपी नेता आसिफ महमूद ने दावा किया कि उनके पास नतीजों से छेड़छाड़ के सबूत हैं। उनका कहना था कि कुछ जगहों पर वोटों की गिनती पूरी होने से पहले ही विजेता घोषित कर दिए गए और आंकड़ों में बदलाव किया गया। जमात प्रमुख शफीकुर रहमान ने भी कहा कि वोटिंग तो ठीक हुई, लेकिन गिनती के दौरान गड़बड़ी हुई। उन्होंने 32 सीटों को लेकर चुनाव आयोग में औपचारिक शिकायत भी दर्ज कराई है। 14 फरवरी को प्रेस कान्फ्रेंस में जब तारिक रहमान से पूछा गया कि क्या उन्होंने चुनाव जीतने के लिए 'इंजीनियरिंग' की, तो उन्होंने शांत लहजे में जवाब दिया कि उनकी शइंजीनियरिंगश सिर्फ इतनी थी कि उन्होंने लोगों को अपने पक्ष में वोट देने के लिए मनाया।

# अमेरिकी होटल चेन हयात के चेयरमैन का इस्तीफा

## एपस्टीन फाइल्स: 2008 से यौन अपराधी के संपर्क में थे, अब तक 10 देशों में लोगों ने पद छोड़े



■ 2018 में एपस्टीन ने प्रित्जकर से अपनी प्रेमिका की दक्षिण-पूर्व एशिया यात्रा की व्यवस्था में मदद का अनुरोध किया था

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका के यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन के साथ संबंधों का खुलासा होने के बाद दुनियाभर में इस्तीफों का दौर जारी है। ताजा इस्तीफा अमेरिकी होटल चेन हयात होटल्स के कार्यकारी अध्यक्ष अरबपति थामस प्रित्जकर का है। वे इस पद पर 1999 से थे।

अमेरिकी न्याय विभाग की फाइल से पता चला है कि 2008 से एपस्टीन और प्रित्जकर लगातार संपर्क में थे। 2018 में एपस्टीन ने प्रित्जकर से अपनी प्रेमिका की दक्षिण-पूर्व एशिया यात्रा की व्यवस्था में मदद का अनुरोध किया था। 2015 का एक अन्य ईमेल बताता है कि एपस्टीन ने दुबई में निवेश बढ़ाने के लिए डीपी वर्ल्ड के सीईओ बिन सुलेयम और प्रित्जकर को जोड़ने की कोशिश की थी। उसने सुलेयम और जेस स्टेली के बीच कारोबारी संबंध बढ़ाने की भी कोशिश की, जो उस समय जेपी मारर्गन चेस एंड कंपनी में वरिष्ठ कार्यकारी थे। थामस जे. प्रित्जकर, परिवार के 13 अरबपति होटल उत्तराधिकारियों में दूसरे सबसे धनी हैं। संपत्ति 6.2 अरब डालर है। 1999 से हयात के अध्यक्ष और 1999 से 2006 तक सीईओ रहे। जेफ्री एपस्टीन न्यूयार्क का करोड़पति फाइनेंसर था। उसकी बड़े नेताओं और सेलिब्रिटीज से दोस्ती थी। उस पर 2005 में नाबालिग लड़की के साथ यौन उत्पीड़न का आरोप लगा। 2008 में उसे नाबालिग से सेक्स की मांग करने का दोषी ठहराया गया। उसे 13 महीने की जेल हुई। 2019 में जेफ्री को सेक्स ट्रैफिकिंग के आरोपों में गिरफ्तार किया गया। लेकिन मुकदमे से पहले ही उसने जेल में आत्महत्या कर ली। उसकी पार्टनर घिसलीन मैक्सवेल को 2021 में उसकी मदद करने के आरोपों में दोषी करार दिया गया। वह 20 साल की सजा काट रही है। इसकी शुरुआत 2005 में तब हुई जब फ्लोरिडा में एक 14 साल की लड़की की मां ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। इसमें कहा गया कि एपस्टीन के आलीशान घर में उसकी बेटी को 'मसाज' के बहाने बुलाया गया था, लेकिन वहां पहुंचने के बाद उस पर सेक्स का दबाव डाला गया।

# फिल्टर बंद होते ही चीनी कंटेंट क्रिएटर की असलियत सामने आई

■ घटना के बाद उनके करीब 1.4 लाख फालोअर्स कम हो गए

**बीजिंग।** चीन की एक कंटेंट क्रिएटर का लाइव सेशन उस समय चर्चा में आ गया, जब उनके चेहरे पर लगा ब्यूटी फिल्टर अचानक बंद हो गया। कुछ सेकंड के लिए दर्शकों को उनका बिना फिल्टर वाला चेहरा दिखाई दिया। इस घटना के क्लिप सोशल मीडिया पर वायरल हो गए हैं। इसके बाद डिजिटल ब्यूटी स्टैंडर्ड और आनलाइन परफार्मेंस के दबाव को लेकर बहस तेज हो गई है।

वीडियो में दिखता है कि क्रिएटर सामान्य तरीके से लाइव सेशन होस्ट कर रही थीं। तभी अचानक फिल्टर हट गया। पहले जो चेहरा स्मूद, पोरिर्सलेन जैसा और हल्के रंग का दिख रहा था, वह प्राख्रतिक टेक्सचर और सामान्य रंगत के साथ नजर आया। फिल्टर हटते ही उनकी आंखें छोटी और जालाइन कम शार्प दिखी। चेहरा पहले दिख रहे डाल जैसे लुक की बजाय आम लोगों जैसा नजर आने लगा। हालांकि यह बदलाव कुछ सेकंड का ही था। कुछ ही क्षण बाद फिल्टर फिर से एक्टिव हो गया। आंखें फिर बड़ी दिखने लगीं, चेहरे की शेप ज्यादा शार्प हो गई और त्वचा पहले जैसी साफ और चमकदार दिखने लगी। इस दौरान क्रिएटर ने कोई घबराहट नहीं दिखाई। उन्होंने बाल ठीक किए, कैमरे की ओर मुस्कुराई और ऐसे ही लाइव जारी रखा, जैसे कुछ हुआ ही न हो। सोशल मीडिया प्लेटफार्म्स एक्स और इंस्टाग्राम पर वायरल पोस्ट्स में दावा किया जा रहा है कि इस घटना के बाद उनके करीब 1.4 लाख फालोअर्स कम हो गए। यह घटना ऐसे समय में सामने आई है, जब चीन में लाइव स्ट्रीमिंग इंडस्ट्री तेजी से बढ़ रही है। कई क्रिएटर डायिन जैसे प्लेटफार्म पर घंटों तक लाइव रहते हैं।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108